सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.0 न्यू | 24.6अधि |
| धर्मशाला | 13.9 न्यू | 33.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,237 |
| निफ्टी | 23,643 |

सोना 1,58,000 चांदी 2,68,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 16 मई 2026 | 2 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 137, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### साध्वी हर्षानंद बोलीं-संत प्रवचन से रोक रहे

**एजेंसी, उज्जैन।** मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि एक बार फिर चर्चा में हैं। लक्ष्मीपुरा में आयोजित सात दिवसीय देवी प्रवचन कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने कुछ संतों पर प्रवचन रोकने और समय कम करने की कोशिश का आरोप लगाया। हर्षानंद ने कहा कि शुरुआती दिनों में कार्यक्रम सामान्य रहा, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के बाद उनके प्रवचन का समय घटाने का प्रयास किया गया। उन्होंने इसे मां भगवती की कृपा और नारी शक्ति का समर्थन बताया। (अनंत ज्ञान)



### चारधाम यात्रा में 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की मौत



**एजेंसी, देहरादून।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12,64,217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार अब तक 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है, जिनमें सबसे अधिक 22 केदारनाथ में हुई हैं। बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 मौतें दर्ज की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अधिकांश मौतें हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड समस्याओं के कारण हुई हैं। (अनंत ज्ञान)

### गुजरात के भजन गायक पर जमकर बरसे नोट



**एजेंसी, जूनागढ़।** गुजरात के जूनागढ़ जिले के खंभालिया गांव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान आयोजित लोक डायरो (भजन कार्यक्रम) में लोक गायक जिग्नेश कविराज पर जमकर नोट बरसे। अहीर समाज और प्रयागराज समूह द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने करीब डेढ़ घंटे तक गायक पर नोटों की बारिश की। बताया गया कि कुछ लोग बोरियों में भरकर नोट लेकर पहुंचे थे। आयोजकों के अनुसार, सात दिवसीय आयोजन में एकत्रित दान राशि अहमदाबाद में बन रहे 'गुजरात अहीर समाज कन्या कक्षालय' के निर्माण में उपयोग की जाएगी, जिसका उद्देश्य बेटियों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को बढ़ावा देना है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि खत्म करने पर भड़के सैहब कर्मी -पेज 2
- अवैध संपति पर प्रशासन का शिकंजा -पेज 4
- महिला हत्या केस में आरोपी को लेकर क्राइम सीन पर पहुंची पुलिस -पेज 12

# महंगाई का ट्रिपल अटैक, पेट्रोल-डीजल-सीएनजी महंगी

## पेट्रोल-डीजल 3-3 और सीएनजी 2 रुपए प्रति किलो महंगी होने से बढ़ेंगे जरूरी चीजों के रेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देशभर में पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम शुक्रवार 15 मई से लागू हो गए हैं। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है।

वहीं कंपनियों को अभी भी पेट्रोल-डीजल पर 25-30 रुपए प्रति लीटर का घाटा हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों के साथ प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो गई है। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 रुपए खर्च करने होंगे।

### जनता चुकाएगी मोदी सरकार की गलती की कीमत : राहुल गांधी



**इस** बीच राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'गलती मोदी सरकार की, कीमत जनता चुकाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि 3 रुपए का झटका तो लग चुका है, बाकी की वसूली अभी किस्तों में की जाएगी। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार की गलतियों का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### क्यों बढ़े पेट्रोल डीजल के दाम

**इस** बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से हिमाचल में महंगाई का बढ़ा दबाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के बाद शिमला में प्रीमियम पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर, नॉर्मल पेट्रोल 98.31 रुपए और डीजल 90.27 रुपए प्रति लीटर हो गया है। मंडी में नॉर्मल पेट्रोल 97.83 रुपए और डीजल 89.61 रुपए हो गया है। ऊना में पेट्रोल 93.31 रुपए से बढ़कर 96.03 रुपए, डीजल 85.42 रुपए से बढ़कर 88.01 रुपए और प्रीमियम पैट्रोल पहले 101.77 रुपए से बढ़कर 104.68 रुपए प्रति लीटर हो गया है। तेल कंपनियों के इस फैसले का असर आम जनता पर पड़ना तय है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। बसों के साथ मलाभाड़े पर भी इसका असर पड़ना तय है। इससे खाद्य वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ेगी। जानकारों की मानें तो अभी और भी रेट बढ़ सकता है। वहीं, राज्य में अगले महीने सेब सीजन भी शुरू होने जा रहा है। इससे सेब की ढुलाई महंगी होगी। बागवानों पर इसकी मार पड़नी तय है।

**◆ सेब सीजन पर भी असर की आशंका**

**राज्य में पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाने की तैयारी:** इस बीच आर्थिक संकट से जूझ रही हिमाचल सरकार कभी भी पेट्रोल-डीजल पर अधिकतम 5 रुपए प्रति लीटर तक सेस लगा सकती है। कांग्रेस सरकार ने विधानसभा के बजट सेशन में इसके लिए विधेयक पास कर रखा है। संशोधन विधेयक में पेट्रोल-डीजल पर 5 रुपए प्रति लीटर अनाथ एवं विधवा सेस लगाने का प्रावधान किया गया है। सरकार का तर्क है कि इससे अनाथ एवं विधवाओं से कल्याण के लिए राशि जुटाई जाएगी। ऐसे में सेस के लगते ही राज्य की जनता पर दोहरी मार पड़नी तय है।

# हिमाचल में बिजली पर लगा नया सेस

## होटल, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप और मॉल समेत 10 श्रेणियों पर लागू होगा नया शुल्क

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं की कुछ व्यावसायिक श्रेणियों पर नया सेस लगाने का बड़ा फैसला लिया है। ऊर्जा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब होटल, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप, शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बिजली खपत पर 1 प्रति यूनिट अतिरिक्त सेस देना होगा। सरकार ने यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है, जिससे कारोबारी वर्ग में हलचल तेज हो गई है।

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह अतिरिक्त सेस हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी एक्ट 2009 की धारा 3-बी के तहत लगाया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं से निर्धारित दर के अनुसार वसूली करेगा। सरकार का तर्क है कि बिजली क्षेत्र को आर्थिक रूप से मजबूत करने और सार्वजनिक हित में यह कदम उठाया गया है। जिन श्रेणियों पर यह नया सेस लागू किया गया है उनमें बिजनेस हाउस, प्राइवेट ऑफिस, निजी अस्पताल, पेट्रोल पंप, होटल-मोटल, प्राइवेट नर्सिंग होम, निजी शोध संस्थान, कोचिंग संस्थान, शॉपिंग मॉल और मल्टीप्लेक्स शामिल हैं।

प्रदेश में इससे पहले फरवरी 2025 से बिजली बिलों में दूध और पर्यावरण सेस भी जोड़ा गया था। उस फैसले के बाद घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। घरेलू उपभोक्ताओं पर दूध सेस लागू किया गया, जबकि व्यावसायिक और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को दूध के साथ पर्यावरण सेस भी चुकाना पड़ रहा है। इसके अलावा दिसंबर 2025 में बैंकिंग, वित्त और बीमा क्षेत्र से जुड़े संस्थानों पर भी प्रति यूनिट दो रुपये का अतिरिक्त सेस लगाया गया था।

वहीं, भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने शिमला से जारी बयान में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई और अब बिजली पर नया सेस लगाकर जनता व कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

# सोलन में सीएम सुक्खू ने कांग्रेस के लिए मांगे वोट

## भाजपा पर लगाए कई आरोप, ग्रामीण क्षेत्रों को पंचायत में लौटाने का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** नगर निगम चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गंज बाजार में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा।





जनसभा को संबोधित करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राजनीतिक लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल किया। उन्होंने कहा कि सोलन नगर निगम में जो ग्रामीण क्षेत्र जोड़े गए हैं, उन्हें जनता की इच्छा के अनुसार दोबारा पंचायतों में शामिल करने पर सरकार सकारात्मक विचार करेगी। सीएम सुक्खू ने बघाट बैंक की वित्तीय स्थिति सुधारने का भरोसा देते हुए कहा कि लोगों की जमा पूंजी को सुरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने सोलन में तारों के जाल को हटाकर बिजली और अन्य तारों को अंडरग्राउंड करने तथा पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हित में काम कर रही है और पिछली भाजपा सरकार पर प्रदेश पर आर्थिक बोझ बढ़ाने के आरोप लगाए। केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए उन्होंने आपदा राहत राशि जारी न करने का मुद्दा उठाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों को राहत देने के लिए घर निर्माण सहायता राशि बढ़ाकर सात लाख रुपये कर चुकी है। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न से जोड़ा जा रहा है और अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। अंत में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील करते हुए दावा किया कि पार्टी चारों नगर निगमों में जीत दर्ज करेगी।

### हाईकोर्ट ने धार भोजशाला को माना वाग्देवी मंदिर

**एजेंसी, धार।** भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद विवाद मामले में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हिंदू पक्ष के वकील के अनुसार अदालत ने भोजशाला परिसर को हिंदू मंदिर माना है। कोर्ट ने जैन समाज और मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिस पर अदालत ने भरोसा जताया है। भोजशाला मामले में अदालत के फैसले ने परिसर को देवी वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी है। वहीं, इस मामले में एक हिंदू पक्ष सुप्रीम कोर्ट चला गया है। जितेंद्र सिंह 'विशन' द्वारा अधिवक्ता वरुण कुमार सिन्हा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि उपरोक्त मामले में उनको सूचना दिए बिना कोई आदेश न दिया जाए। विशन इस मामले में छठे याचिकाकर्ता थे, जिस पर इंदौर की उच्च न्यायालय की पीठ ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थमा, वोटिंग कल

अनंत ज्ञान





**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में चार नगर निगम समेत 51 शहरी नगर निकायों में तीन बजे के बाद चुनाव प्रचार पर रोक लग गई है। शहरी क्षेत्रों में अगले 48 घंटे तक ड्राइ-डे रहेगा। इस दौरान शराब ठेके और बीयर बार नहीं खोले जा सकेंगे। इन्हें 17 मई की दोपहर तीन बजे तक बंद रखना होगा।

चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी वन टू वन प्रचार कर सकेंगे। शनिवार और रविवार को कोई भी प्रत्याशी किसी प्रकार की जनसभा, रैली, जलूस, सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं कर सकेगा। साथ ही सिनेमा, टेलीविजन अथवा अन्य माध्यमों से चुनाव प्रचार करने, संगीत कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन अथवा मनोरंजन कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने पर भी रोक रहेगी। हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1994 एवं संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले सार्वजनिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। स्टेट इलेक्शन कमीशन ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने हेतु सभी प्रतिबंधात्मक आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# पंजाब के किसानों ने किया चंडीगढ़ कूच, पुलिस से भिड़े

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के किसानों ने शुक्रवार को चंडीगढ़ कूच की कोशिश की। किसान विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिलने जा रहे थे। इसके लिए बड़ी संख्या में किसान मोहाली के वाईपीएस चौक पर जुटे, जहां से उनका चंडीगढ़ की ओर बढ़ने का कार्यक्रम था।

किसानों के मार्च को देखते हुए पुलिस पहले से अलर्ट पर रही। पुलिस ने वाईपीएस चौक से चंडीगढ़ जाने वाले मुख्य रास्ते को सील कर दिया। इसके अलावा सेक्टर-50 की ओर जाने वाली सड़क पर भी भारी बैरिकेडिंग की गई, क्योंकि यह रास्ता राज्यपाल के आसपास के इलाके की तरफ जाता है। इसके बावजूद किसान सेक्टर-50 वाले मार्ग पर आगे बढ़ने की कोशिश करते रहे। मौके पर तनाव बढ़ गया और किसानों व पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बन गई। किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ लगी लोहे की चेन की मदद से बैरिकेडिंग उखाड़ दी और आगे बढ़ने का प्रयास किया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारें भी छोड़ीं। इसके बाद किसानों ने एसएसपी कंवरदीप कौर के साथ बैठक की। बाद में पंजाब राज्य भवन से आए एक अधिकारी को किसानों ने मांग पत्र दिया। (अनंत ज्ञान)

# भारत में 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा यूएई

**एजेंसी, दुबई**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई दौरे पर पहुंचे हैं। अबूधाबी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने प्रधानमंत्री के विमान को एस्कॉर्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों देशों के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर अहम समझौता हुआ। इसके अलावा स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व, रक्षा सहयोग और वडिनार में शिप रिपेयर क्लस्टर से जुड़े एमओयू भी साइन किए गए।

**◆ ऊर्जा, निवेश और रक्षा सहयोग पर बनी सहमति**

यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में 5 अरब डॉलर निवेश का ऐलान भी किया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और वेस्ट एशिया के हालात पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी का यूएई दौरा खत्म हो गया हैं। उनका यह दौरा केवल करीब 180 मिनट का था। इस दौरे में भारत और यूएई के बीच कई समझौतों पर सहमति बनी। इसमें एलपीजी सप्लाई और ऊर्जा समझौता सबसे अमह माना जा रहा है। इसके अलावा, पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई, जिसमें पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बारे में भी बात हुई।

पीएम 15 से 17 मई तक (3 दिन) नीदरलैंड दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। यह दौरा भारत और नीदरलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत बनाने के लिहाज से काफी अहम है। (अनंत ज्ञान)

# डमटाल में 41 . 40 ग्राम चिट्टे समेत मां-बेटा गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने 41.40 ग्राम चिट्टा बरामद कर मां-बेटे को गिरफ्तार किया है।

एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि सीआईए इंचार्ज सतेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ थाना डमटाल के तहत गांव भदरोया में एक घर में छापेमारी करने पहुंचे। तलाशी के दौरान सिलाई मशीन के स्टैंड के नीचे छिपाकर रखा गया एक पैकेट बरामद हुआ, जिसमें 41.40 ग्राम चिट्टा मिला। पुलिस ने मौके से 43 वर्षीय विनीता देवी पत्नी दरबारी लाल और उसके बेटे अमन कुमार को हिरासत में ले लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# चीन होर्मुज खोलने में मदद को तैयार : ट्रंप

**एजेंसी, तेल अवीव/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने होर्मुज को खुला रखने में मदद की पेशकश की है। फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग चाहते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता हो जाए।

**◆ ईरान ने होर्मुज के लिए नए प्रोटोकॉल किए जारी**



ट्रंप के मुताबिक, शी जिनपिंग ने कहा कि अगर मैं किसी तरह मदद कर सकता हूं, तो मैं मदद करना चाहूंगा। चीन बड़ी मात्रा में ईरानी तेल खरीदता है, इसलिए उसकी भी दिलचस्पी है कि होर्मुज खुला रहे। उन्होंने कहा कि जो देश इतना ज्यादा तेल खरीदता है, उसका जाहिर तौर पर ईरान के साथ रिश्ता होता है। चीन चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट खुला रहे। वहीं, ईरान ने होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू किए हैं। अब इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की निगरानी और मंजूरी से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने ब्रिक्स देशों से अपील की है कि वो अमेरिका और इसराइल की निंदा करें। (अनंत ज्ञान)

**हैरत** 2005 से दर्ज मामलों की अब भी खुली फाइलें, पुलिस का दावा- 95 प्रतिशत मामलों में मिली सफलता

# बिलासपुर जिले में 136 लोग अब भी लापता

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में वर्षों से दर्ज गुमशुदगी के मामलों ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जिले के विभिन्न थानों में अब भी कुल 136 लोग लापता हैं, जिनका कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है। इन लापता लोगों में 69 पुरुष, 63 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। महिलाओं और बच्चों के मामलों ने सामाजिक सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें यह मामले वर्ष 2005 से लेकर आज तक दर्ज हैं और उनकी फाइलें खुली हुई हैं। कई परिवार अपने लापता परिजनों की तलाश में वर्षों से पुलिस थानों और प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।जिले में लगातार बढ़ती सामाजिक चुनौतियों, मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद और रोजगार के लिए घर छोड़ने जैसी परिस्थितियों को भी गुमशुदगी के पीछे एक बड़ा कारण माना जा रहा है। हालांकि, कुछ मामलों में अब तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है, जिससे पुलिस जांच और अधिक जटिल हो गई है।

पुलिस विभाग ने बताया कि गुमशुदा लोगों की तलाश के लिए आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जा रहा है। मोबाइल लोकेशन, सोशल मीडिया ट्रैकिंग, साइबर इनपुट और अन्य जिलों व राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर मामलों को सुलझाने की कोशिशें जारी हैं। उधर, महिलाओं और बच्चों के लगातार लापता रहने के मामलों ने आम लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि ऐसे मामलों में परिवारों को मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे वर्षों तक अकेले संघर्ष करने को मजबूर न हों। जिला पुलिस ने जनता से भी सहयोग की अपील की है। यदि किसी व्यक्ति को किसी भी लापता व्यक्ति के बारे में कोई सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम बिलासपुर को सूचित करने को कहा गया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 07752-223333 जारी किया गया है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि जनता द्वारा दी गई छोटी-सी जानकारी भी किसी परिवार को उसके बिछड़े अपने से दोबारा मिला सकती है। साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

### क्या कहते हैं एसपी संदीप धवल



**एसपी** संदीप धवल ने कहा कि बिलासपुर में जो 136 लोग रिकॉर्ड में लापता दर्शाए गए हैं, उनमें कई मामले वर्ष 2005 से जुड़े हुए हैं। कई परिवार समय के साथ जिला छोड़कर अन्य स्थानों पर चले गए हैं, जिसके कारण ऐसे मामलों में लोगों को ट्रेस करना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार केवल चार बच्चे ही अब तक अनट्रेस हैं और पुलिस उन्हें खोजने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अन्य जिलों की तुलना में बिलासपुर में गुमशुदगी के मामलों का आंकड़ा काफी कम है तथा जिले में लोगों को तलाशने की सफलता दर लगभग 95 प्रतिशत है।

# रद्द हुई नीट परीक्षा 21 जून को होगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अगले सत्र से नीट-यूजी परीक्षा ऑनलाइन होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने माना कि 3 मई को हुई नीट-यूजी 2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए, इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।' शिक्षा मंत्री ने कहा, 'री-एग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र री-एग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे।

**◆ अगले साल से ऑनलाइन होगी नीट**

# शिमला में पेट्रोल 98 .31 और डीजल 90 .27 रुपए पहुंचा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई तेज बढ़ोतरी ने आम जनता की जेब पर सीधा हमला कर दिया है। सबसे ज्यादा असर सेब किसानों, बागवानों, टैक्सी चालकों, बस संचालकों, निर्माण कार्यों, छोटे कारोबारियों और रोजमर्रा की वस्तुओं पर निर्भर आम परिवारों पर पड़ने वाला है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने से सेब और सब्जियों की ढुलाई लागत बढ़ेगी, निर्माण सामग्री के दाम ऊपर जाएंगे, बस किराये व मालभाड़े में इजाफा होगा, जिससे प्रदेश में महंगाई की नई लहर उठने की आशंका गहरा गई है।

सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर प्रस्तावित पांच रुपए प्रति लीटर अनाथ एवं विधवा सेस लगाने की तैयारी ने भी लोगों की चिंता और बढ़ा दी है। जानकारी के प्रदेश में अगले महीने से सेब सीजन शुरू होने जा रहा है और ठीक उससे पहले ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी ने बागवानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सेब की तुड़ाई, पैकिंग व मंडियों तक ढुलाई का पूरा खर्च डीजल पर निर्भर रहता है। ऐसे में परिवहन महंगा होने से सीधे तौर पर बागवानों की आय प्रभावित होगी। दूसरी ओर निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाली सीमेंट, सरिया,



### ◆ महंगाई बढ़ेगी, आम जनता की जेब पर पड़ेगा सीधा असर

बजरी और अन्य सामग्री की ढुलाई भी महंगी होगी, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ेगा।

शिमला में पेट्रोल की कीमत अब 98.31 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है, जबकि डीजल 90.27 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं प्रीमियम पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। इससे पहले शिमला में सामान्य पेट्रोल करीब 95 रुपये के आसपास और डीजल लगभग 87 रुपए प्रति लीटर था। इसी तरह मंडी में सामान्य पेट्रोल 97.83 रुपये और डीजल 89.61 रुपये प्रति लीटर हो गया है। ऊना में पेट्रोल पहले 93.31 रुपए था जो बढ़कर 96.03 रुपये पहुंच गया, जबकि डीजल 85.42 रुपए से बढ़कर 88.01 रुपए प्रति लीटर हो गया है। प्रीमियम पेट्रोल भी 101.77 रुपए से बढ़कर 104.68 रुपए प्रति लीटर पहुंच चुका है।

# 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि खत्म करने पर भड़के सैहब कर्मी

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे, डीसी कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर की सफाई व्यवस्था शुक्रवार को पूरी तरह चरमरा गई जब सीटू से संबंधित सैहब सोसाइटी यूनियन ने सैहब कर्मियों की दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि समाप्त किए जाने के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। उपायुक्त शिमला द्वारा एस्मा लागू किए जाने के बावजूद घर-घर से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी, सड़क सफाई कर्मी, सुपरवाइजर और ड्राइवर समेत सभी सैहब कर्मी हड़ताल में डटे रहे। शहर में कहीं भी सफाई कार्य नहीं हो पाया, जिससे कई क्षेत्रों में कूड़े के ढेर लग गए।

हड़ताली कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन कर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मजदूर विरोधी फैसलों को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, जिला सचिव बालक



शिमला में सीटू के बैनर तले सैहब कर्मचारी धरना-प्रदर्शन करते हुए।

### ◆ शहर में कहीं नहीं हुई सफाई, लगे कूड़े के ढेर

राम, विवेक कश्यप, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग सहित अन्य नेताओं ने नगर निगम प्रशासन पर सैहब कर्मियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

नेताओं ने कहा कि दस प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि समाप्त कर केवल तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने से प्रत्येक मजदूर को भविष्य में हर महीने सात सौ से एक हजार रुपए तक का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सैहब कर्मियों पर पिछले वर्षों में काम का दबाव कई गुना बढ़ा दिया गया है और एक कर्मचारी के जिम्मे घरों की संख्या 80 से बढ़ाकर 300 तक कर दी गई है। यूनियन नेताओं ने नगर निगम प्रशासन पर करोड़ों रुपए की फिजूलखर्ची का आरोप लगाते हुए कहा कि क्यूआर कोड व्यवस्था पर ढाई करोड़ रुपए खर्च करने के बजाय नए सफाई कर्मियों की भर्ती की जा सकती थी।

### 5 दिन की स्पेशल लीव समाप्त करने से नाराज

**हड़ताल** का नेतृत्व कर रहे नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों को बोनस एक्ट 1965 के तहत नियमानुसार बोनस, छुट्टियां, ओवरटाइम और अतिरिक्त कार्य का भुगतान तक नहीं किया जा रहा है। सात वार्षिक छुट्टियों की घोषणा को भी मजदूरों को भ्रमित करने वाला कदम बताया गया, जबकि 15 दिन की स्पेशल लीव समाप्त करने पर कड़ी नाराजगी जताई गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम प्रशासन ने मजदूरों की मांगों को शीघ्र नहीं माना तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा तथा सड़कों से लेकर कार्यालयों तक बड़ा संघर्ष छेड़ा जाएगा।

# घुंडा-भड़ेच पंचायत को लगातार दूसरी बार चुना गया निर्विरोध



घुंडा-भड़ेच में निर्विरोध चुने गए प्रधान, उपप्रधान एवं वार्ड सदस्य।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जिला शिमला के विकास खंड कोटखाई अंतर्गत ग्राम पंचायत घुंडा-भड़ेच ने लगातार दूसरी बार निर्विरोध पंचायत चुनकर लोकतंत्र, सामाजिक सौहार्द और आपसी एकता की प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। पंचायत चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए, जहां ग्रामवासियों ने बिना किसी चुनावी प्रतिस्पर्धा के आपसी सहमति से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया। पंचायत में तनुजा शर्मा को प्रधान तथा साहिल कंवर को उपप्रधान निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा सभी वार्ड सदस्यों का भी सर्वसम्मति से चयन हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

नवनिर्वाचित प्रधान तनुजा शर्मा और उप प्रधान साहिल कंवर ने पंचायत की जनता का आभार

### ◆ तनुजा शर्मा को प्रधान और साहिल कंवर को चुना उपप्रधान

व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों द्वारा जताया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंचायत के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्य किया जाएगा।

पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, स्वच्छता, खेल, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के विकास तथा नशामुक्त समाज के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत विकास कार्यों में महिला मंडलों, युवा मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित कर विकास प्रक्रिया को जनभागीदारी आधारित बनाया जाएगा।

# नशे के खिलाफ जनआंदोलन चलाने का आह्वान

## पंचायत और नगर निकाय चुनावों में जनजागरण अभियान तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हिपा में आयोजित चार दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर हिमाचल फोरम अगेंस्ट ड्रग एब्यूज ने नशामुक्त पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव अभियान को लेकर गहन मंथन किया। प्रशिक्षण में शामिल विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मतदाताओं को जागरूक करने और चुनावों में नशे के बढ़ते इस्तेमाल के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया गया। एचएफएडीए के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक सानन ने कहा कि चुनावों में नशे के प्रयोग से समाज में नए नशा उपभोक्ता तैयार होते हैं, जो भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है।राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने



नशामुक्त चुनाव अभियान के पोस्टर जारी करते हिमाचल फोरम अगेंस्ट ड्रग एब्यूज के पदाधिकारी।

बताया कि 15 अप्रैल से प्रदेशभर में नशामुक्त पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव अभियान चलाया जा रहा है। मंडी साक्षरता समिति और हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति के सहयोग से दस हजार से अधिक जागरूकता पर्चे पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में वितरित किए गए हैं। वहीं गुंजन संस्था के कार्यकारी निदेशक विजय कुमार ने कहा कि चिट्टे की ओर बढ़ने का रास्ता धूम्रपान, शराब और चरस जैसे नशों से होकर गुजरता है, इसलिए स्वस्थ और सुरक्षित हिमाचल के लिए चुनावों सहित हर स्तर पर नशे पर रोक आवश्यक है। इस दौरान अभियान के पोस्टर और पर्चों का भी विमोचन किया गया।

# चिट्टे की गिरफ्त में राजधानी, दो माह में पांच युवाओं की मौत

## आईजीएमसी में लगातार सामने आ रहे ओवरडोज के मामले, ज्यादातर युवा एवं टैक्सी चालक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की शांत वादियों में अब चिट्टे का जहर धीरे-धीरे युवाओं की सांसें छीनता जा रहा है। आईजीएमसी में पिछले दो महीनों के भीतर चिट्टे की ओवरडोज से पांच युवकों की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है।

सबसे चिंजनक बात यह है कि मृतकों में अधिकतर टैक्सी चालक और मेहनतकश युवा शामिल बताए जा रहे हैं, जो रोजी-रोटी की भागदौड़ के बीच नशे की गिरफ्त में फंसते चले गए। लगातार हो रही इन मौतों ने यह साफ कर दिया है कि हिमाचल में चिट्टे का नेटवर्क अब केवल अपराध का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक विनाश का भयावह चेहरा बन चुका है। आईजीएमसी के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अनुसार हाल ही में आए कई मामलों की प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नशे की ओवरडोज को मौत की वजह माना गया है। इन मामलों के सैंपल विस्तृत जांच के लिए एफएसएल जुन्गा भेजे गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक केवल शिमला ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी संबंधित थे। अस्पताल सूत्रों के अनुसार कई मामलों में परिजन सामाजिक बदनामी के डर से खुलकर जानकारी देने से बचते हैं, जिससे नशे से होने वाली मौतों का वास्तविक आंकड़ा सामने नहीं आ पाता।

प्रदेश में बीते तीन वर्षों के आंकड़े भी बेहद भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। वर्ष 2023 में ओवरडोज से आठ लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 31 तक पहुंच गई। वहीं वर्ष 2025 में अब तक 27 मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। इन आंकड़ों ने कानून व्यवस्था और सामाजिक ढांचे दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस लगातार चिट्टा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है, कई गिरोह पकड़े जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद युवाओं तक नशे की पहुंच रुक नहीं पा रही।

### ◆ पुलिस की कड़ी कार्रवाई के बावजूद नहीं टूट रहा नशा तस्करी का नेटवर्क

जानकारों का मानना है कि युवा वर्ग अक्सर दोस्तों के दबाव, दिखावे या क्षणिक रोमांच के कारण नशे की तरफ आकर्षित हो जाता है। कई बार उन्हें नशे की मात्रा और उसके घातक परिणामों की जानकारी तक नहीं होती। अधिक मात्रा में सिंथेटिक ड्रग लेने से शरीर की श्वसन प्रणाली प्रभावित हो जाती है और दिल की धड़कन रुकने से मौत हो जाती है। चिकित्सकों के अनुसार चिट्टे में मिलाए जाने वाले खतरनाक रसायन, टेलकम पाउडर और जहरीले तत्व भी मौत का बड़ा कारण बन रहे हैं। ऐसे में राजधानी में लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने अभिभावकों व समाज को भी गहरी चिंता में डाल दिया है। स्कूल-कॉलेजों से लेकर टैक्सी स्टैंड और बाजारों तक नशे का जाल फैलने की चर्चाएं आम हो चुकी हैं। सामाजिक संगठनों का कहना है कि केवल पुलिस कार्रवाई से यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती, बल्कि परिवार, समाज, शिक्षा संस्थानों और प्रशासन को मिलकर जागरूकता और पुनर्वास की मजबूत व्यवस्था तैयार करनी होगी।

# लाखों रुपए के पोल चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में एक निजी टेलीकॉम कंपनी के करीब 70 लोहे के पोल चोरी होने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे जांच जारी है और चोरी किए गए पोलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुल्लू जिले के आनी क्षेत्र के रहने वाले वाहन मालिक विक्की (35) और मंडी जिले के करसोग क्षेत्र के रहने वाले सुरेश (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और शुरुआती जांच में उन्होंने पोल चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक यह मामला थाना रामपुर में 12 मई को दर्ज किया गया था। ऐरियल टेलीकॉम सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के स्टेट मैनेजर बाबू सिंह देशवाल ने शिकायत दी थी कि चौका नाला तकलेच से रोहड़ू मार्ग पर कंपनी के करीब 70 एच-पोल, जिन पर अभी तार नहीं लगाए गए थे, चोरी हो गए हैं। इनकी कीमत करीब 9 लाख थी। इसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें 5 और 6 मई की रात एक बोलेरो कैंपर वाहन घटना स्थल के आसपास बार-बार आता-जाता दिखाई दिया। स्थानीय लोगों की मदद से वाहन की पहचान की गई, जिसके बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चोरी किए गए पोल कहां ले जाए गए और इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं।



# एससी महिलाओं को चुनाव लड़ने से रोक रही कांग्रेस सरकार : भाजपा



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार पर पंचायतीराज चुनावों को प्रभावित करने और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को चुनाव लड़ने से रोकने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद 8 मई को जारी नोटिफिकेशन लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। भाजपा का कहना है कि वोटर सूची में नाम और बोनाफाइड प्रमाण पत्र होने के बावजूद महिलाओं के नामांकन रद्द किए जा रहे हैं, जो संविधान और महिला अधिकारों के विपरीत है।

### ◆ चुनाव प्रक्रिया के बीच नोटिफिकेशन जारी करने पर नंदा ने उठाए सवाल

कर्ण नंदा ने सिरमौर की अनुरानी का मामला उठाते हुए कहा कि हिमाचल में विवाह के बाद रहने और वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनका नामांकन रद्द कर दिया गया। भाजपा ने इस मामले को अदालत में भी उठाया है और आगे कानूनी लड़ाई जारी रखने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग कर विपक्ष समर्थित उम्मीदवारों को चुनाव मैदान से बाहर करने का प्रयास कर रही है।

# कैप्टन अतुल बने ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। ब्राह्मण समाज के सशक्तिकरण व संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से 'ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा' ने अपने संगठनात्मक ढांचे का विस्तार करते हुए शिमला निवासी कैप्टन अतुल शर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी से विचार-विमर्श के बाद यह नियुक्ति घोषित की। उन्होंने कहा कि कैप्टन अतुल शर्मा का सेवा भाव, सामाजिक अनुभव और संगठन के प्रति समर्पण हिमाचल में महासभा को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन अतुल शर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह प्रदेश के प्रत्येक जिला और ब्लॉक स्तर तक महासभा को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे तथा विप्र समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने युवाओं को सनातनी संस्कारों से जोड़ने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की भी बात कही। इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय महामंत्री पंडित साधुराम शर्मा सहित महासभा के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए कैप्टन अतुल शर्मा को बधाई दी है।



# राज्यपाल कविंद्र ने बेंगलुरु में श्री श्री रविशंकर से की भेंट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने बेंगलुरु प्रवास के दौरान विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु एवं आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर से सौहार्दपूर्ण भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच आध्यात्मिक मूल्यों, मानव कल्याण तथा समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात का वातावरण बेहद आत्मीय और सकारात्मक रहा। राज्यपाल ने श्री श्री रविशंकर द्वारा भारत सहित विश्वभर में शांति, करुणा और अध्यात्म का संदेश फैलाने में दिए जा रहे योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था समाज सेवा, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और मानव उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश में संस्था की जनकल्याणकारी, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों के विस्तार को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि प्रदेश के लोगों को इसका व्यापक लाभ मिल सके। वहीं, श्री श्री रविशंकर ने समाज और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य करते रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव समारोह में भाग लेने पहुंचे थे, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# फीस वृद्धि के खिलाफ एसएफआई की आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में लगातार बढ़ाई जा रही फीस का कड़ा विरोध जताया है। संगठन का कहना है कि शिक्षा प्रत्येक छात्र का मौलिक अधिकार है, लेकिन सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा को महंगा बनाकर गरीब एवं मध्यम वर्ग के छात्रों को इससे दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। एसएफआई सचिवालय साथी अखिल ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने 28 अप्रैल 2026 को आयोजित एग्जीक्यूटिव काउंसिल की बैठक में 30 से 40 प्रतिशत फीस वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया, जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से हजारों छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और अनेक छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। आर्ट क्वालिटी के प्रधान ने कहा कि शिक्षा को व्यापार की वस्तु नहीं बनाया जा सकता तथा सरकारी शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य छात्रों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हॉस्टल फीस, परीक्षा शुल्क, बस किराया और अन्य खर्चों में बढ़ोतरी से छात्रों और अभिभावकों की परेशानियां बढ़ रही हैं। एसएफआई ने फीस वृद्धि को तुरंत वापस लेने तथा शिक्षा के निजीकरण व व्यापारीकरण पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं इकाई उपाध्यक्ष आशीष, इकाई सचिव मुकेश और जनेश ने चेतावनी दी कि यदि फीस वृद्धि वापस नहीं ली गई तो एसएफआई विश्वविद्यालय स्तर पर उग्र आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।



### ◆ विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ाने का आरोप

**नुकसान** लोअर और मिडियम बेल्ट में फसल लगभग चौपट, ऊपरी क्षेत्रों में भी उम्मीद से कम सेटिंग

# सेब बागानों पर मौसम की दोहरी नहीं, तिहरी मार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब बागानों में मौसम की बेरुखी ने बागवानों की उम्मीदों पर बड़ा झटका दिया है। अब राज्य के अधिकांश सेब क्षेत्रों में फल पूरी तरह सेट हो चुका है और वास्तविक स्थिति भी सामने आने लगी है। शुरुआती दौर में जहां बागवानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी, वहीं अब लोअर व मिडियम बेल्ट में बेहद कम फसल देखकर चिंता गहरा गई है। बेमौसम बारिश, लगातार ओलावृष्टि, तापमान में असामान्य उतार-चढ़ाव और तेज हवाओं ने इस बार सेब उत्पादन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।

जानकारी के अनुसार, राज्य के शिमला, किन्नौर सहित प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों में इस बार उत्पादन में 60 से 70 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। लोअर और मिडियम बेल्ट में स्थिति सबसे अधिक खराब मानी जा रही है, जहां कई बागानों में फल सेटिंग बेहद कमजोर रही। बागवानों का कहना है कि फूल आने के दौरान हुई लगातार बारिश और ओलावृष्टि ने परागण प्रक्रिया को प्रभावित किया, जबकि अचानक बढ़ते तापमान और फिर ठंडे मौसम ने फूलों व छोटे फलों को नुकसान पहुंचाया।



### ◆ 60 से 70 प्रतिशत तक उत्पादन घटने की आशंका

हालांकि अब प्रदेश में लोअर बेल्ट से लेकर मिडियम और अपर बेल्ट तक लगभग सभी प्रमुख वैरायटी में फल सेट हो चुका है। रॉयल, रेड डिलीशियस, गोल्डन सहित अन्य प्रमुख किस्मों में भी सेटिंग दिखाई दी है, लेकिन उत्पादन उम्मीद के मुताबिक नहीं माना जा रहा। विशेषकर निचले और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बागवानों को इस बार बेहद मामूली फसल मिलने की संभावना है। कई स्थानों पर पेड़ों पर गिने-चुने फल ही दिखाई दे रहे हैं।उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में स्थिति अपेक्षाकृत कुछ बेहतर जरूर बताई जा रही है, लेकिन वहां भी फसल उम्मीदों के अनुरूप नहीं मानी जा रही। बागवानों का कहना है कि ऊपरी इलाकों में कुछ हद तक सेटिंग बनी है, मगर मौसम की मार ने वहां भी उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। ऐसे में इस बार प्रदेश में कुल सेब उत्पादन में भारी गिरावट लगभग तय मानी जा रही है।

सेब के साथ-साथ प्लम, नाशपाती और अन्य गुठलीदार फलों पर भी मौसम की मार साफ दिखाई दे रही है। फूल आने के समय लगातार खराब मौसम के कारण मधुमक्खियों की सक्रियता कम रही, जिससे परागण प्रक्रिया प्रभावित हुई और फल बनने की दर में भारी कमी दर्ज की गई। छोटे और सीमांत बागवानों के लिए यह स्थिति आर्थिक रूप से बेहद चिंताजनक बन गई है।

प्रदेश फल, पुष्प एवं सब्जी उत्पादक संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने कहा कि इस बार मौसम ने बागवानी क्षेत्र को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि लोअर और मिडियम बेल्ट में कई क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, जबकि ऊपरी इलाकों में भी उम्मीद से कम सेटिंग देखने को मिल रही है। उनके अनुसार बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तापमान में लगातार बदलाव ने सेब उत्पादन की पूरी प्रक्रिया को प्रभावित किया है। उन्होंने सरकार से प्रभावित बागवानों को राहत पैकेज, फसल बीमा सहायता और वैज्ञानिक सहयोग उपलब्ध करवाने की मांग की है।

### जलवायु परिवर्तन बनता जा रहा सबसे बड़ी चुनौती

**हिमाचल** प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सेब उद्योग की अहम भूमिका है और लाखों परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हुए हैं। ऐसे में उत्पादन में संभावित भारी गिरावट का असर व्यापार, रोजगार और बागवानों की आय पर भी पड़ना तय माना जा रहा है। लगातार बदलते मौसम और जलवायु परिवर्तन ने अब बागवानी क्षेत्र के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। बागवानों का कहना है कि यदि भविष्य में मौसम का यही अस्थिर स्वरूप बना रहा तो प्रदेश की पारंपरिक सेब बेल्ट पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है।

# शहरी निकाय चुनाव के लिए 'जंग' तेज

## 51 निकायों में 439 पदों के लिए 1147 प्रत्याशी मैदान में, कल होगा मतदान

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव को लेकर सियासी माहौल पूरी तरह गरमा गया है। राज्य के 51 शहरी निकायों में 439 पदों के लिए 1147 उम्मीदवार चुनावी मैदान में डटे हुए हैं, जिनके भाग्य का फैसला 17 मई को होने वाले मतदान में करीब तीन लाख 80 हजार मतदाता करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के चार नगर निगमों में पार्टी चिन्ह पर चुनाव होने से मुकाबला और अधिक दिलचस्प तथा प्रतिष्ठा का विषय बन गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान 17 मई को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक होगा। मतदान समाप्त होते ही अधिकांश नगर परिषदों और नगर पंचायतों में मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, जबकि सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर नगर निगमों के नतीजों के लिए 31 मई तक इंतजार करना पड़ेगा। इन चार नगर निगमों में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है, जिसके चलते राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी थी। अब प्रचार थमने के बाद

◆ **चार नगर निगमों में पार्टी चिन्ह पर चुनाव, कांग्रेस-भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर**

प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं को साधने में जुटे हैं। चुनाव को लेकर प्रशासन ने भी कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए हैं। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अगले 48 घंटों तक ड्राई-डे रहेगा और शराब ठेके तथा बियर बार बंद रखे जाएंगे। इसके अलावा किसी भी प्रकार की जनसभा, रैली, जुलूस, सांस्कृतिक कार्यक्रम अथवा मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चुनाव आचार संहिता और प्रतिबंधात्मक आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

प्रदेश के कई शहरी निकायों में कुछ वार्डों से पार्षद निर्विरोध चुने जाने से भी चुनावी तस्वीर रोचक बन गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक नगर पंचायत करसोग के वार्ड नंबर 1 और 3, ज्वालामुखी के वार्ड नंबर 2, बंजार के वार्ड नंबर 6, रिवालसर के वार्ड नंबर 1, नेरवा के वार्ड नंबर 2, 3 और 4 तथा चिड़गांव के वार्ड नंबर 2 में प्रत्याशी निर्विरोध विजयी घोषित किए गए हैं। इन निर्विरोध चुनावों को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक सहमति और सामाजिक सामंजस्य की मिसाल के रूप में भी देखा जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल माने जा रहे यह चुनाव

**जानकारों** का मानना है कि हिमाचल के ये शहरी निकाय चुनाव वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता का सेमीफाइनल साबित हो सकते हैं। खासकर नगर निगम चुनावों में पार्टी चिन्ह पर मुकाबला होने से कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए यह प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई है। चुनाव परिणाम न केवल शहरी क्षेत्रों की राजनीतिक दिशा तय करेंगे, बल्कि प्रदेश की आगामी सियासी रणनीतियों और जनमत का भी बड़ा संकेत माने जाएंगे। ऐसे में अब सभी की निगाहें 17 मई के मतदान और उसके बाद आने वाले चुनाव परिणामों पर टिक गई हैं।

# चिड़गांव नगर पंचायत क्षेत्र में ड्राई डे घोषित

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, शिमला।** नगर पंचायत चिड़गांव में होने वाले चुनावों को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए क्षेत्र में ड्राई डे घोषित कर दिया है। रिटर्निंग अधिकारी नगर परिषद एवं एसडीएम रोहडू धर्मेश रामोत्रा

◆ **कल मतदान, मतगणना पूरी होने तक शराब बिक्री पर पूरी तरह से रहेगी रोक**

द्वारा जारी आदेशों के अनुसार नगर पंचायत चिड़गांव के समस्त मतदान क्षेत्रों में 15 मई दोपहर तीन बजे से 17 मई को मतदान और मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने तक शराब की बिक्री, वितरण और सेवन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। आदेशों में कहा गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 17 मई को सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान करवाया जाएगा, जबकि मतदान समाप्त होते ही निर्धारित केंद्र पर मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस अवधि के दौरान किसी भी होटल, ढाबे, बार, क्लब, रेस्टोरेंट, शराब ठेके अथवा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर मादक पदार्थों की बिक्री या वितरण नहीं किया जा सकेगा। संबंधित क्षेत्र में संचालित सभी शराब विक्रय केंद्र निर्धारित अवधि तक पूरी तरह बंद रहेंगे।

### उल्लंघन करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

**एसडीएम** रोहडू ने स्पष्ट किया है कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ संबंधित अधिनियमों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन ने पुलिस एवं संबंधित विभागों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

# 3754 पंचायतों में चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार

## 2000 से अधिक उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया, चुनाव चिन्ह भी आवंटित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में पंचायत चुनावों को लेकर तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। राज्यभर में प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, बीडीसी और जिला परिषद सीटों पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अब पूरी तरह चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। पंचायतों में अब गांव-गांव चुनावी माहौल तेज हो गया है और प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान में उतर चुके हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार प्रदेश में दो हजार से अधिक उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। नामांकन वापसी की अंतिम प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब मैदान में बचे प्रत्याशियों की अंतिम सूची स्पष्ट हो गई है। कई पंचायतों में निर्विरोध चुनाव भी हुए हैं, जबकि अधिकांश पंचायतों में सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। सबसे अधिक निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने जाने की जानकारी सामने आई है।

### तीन चरणों में वोटिंग

**प्रदेश** में पंचायत चुनाव तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को होंगे। मतदान वाले दिन संबंधित क्षेत्रों में सरकारी और निजी संस्थानों में पेड हॉलिडे रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें। चुनावी सरगर्मियों के बीच अब पूरा प्रदेश पंचायत चुनाव के रंग में रंग चुका है।

प्रदेश की 3 हजार 754 पंचायतों में इस बार कुल 85 हजार 462 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। नामांकन वापसी के बाद अब अंतिम संख्या तय हो चुकी है और सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न भी आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव चिह्न मिलने के साथ ही उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। गांवों में बैठकों, जनसंपर्क और प्रचार का दौर शुरू हो चुका है।

प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की काउंटिंग मतदान वाले दिन पंचायत भवनों में ही होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। वहीं बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों की मतगणना 31 मई को ब्लॉक मुख्यालयों में करवाई जाएगी। प्रदेश में 3 हजार 754 प्रधान, 3 हजार 754 उपप्रधान, 21 हजार 654 वार्ड सदस्य, 1 हजार 769 बीडीसी और 251 जिला परिषद सदस्य चुने जाएंगे।

### रामपुर में हर वार्ड में बनाए मतदान केंद्र

अनंत ज्ञान

**शिमला।** जिले में नगर परिषद रामपुर के आम चुनाव 17 मई को होंगे। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा, जिसके बाद उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। कुल 4060 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन अधिकारी (एमसी) एवं उप-मंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि 4060 मतदाताओं में 2083 पुरुष और 1977 महिला मतदाता शामिल हैं। वार्ड नंबर 3 रघुनाथ मोहल्ला, सत्यनारायण मोहल्ला में सर्वाधिक 964 मतदाता हैं, जबकि वार्ड नंबर 6 लोअर डकोलर में सबसे कम 181 मतदाता हैं। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन ने प्रत्येक वार्ड के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र निर्धारित किए हैं। पिपटी मोहल्ला के लिए राजकीय पदम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर, पदमनगर के लिए प्राथमिक पाठशाला पदमनगर, रघुनाथ मोहल्ला के लिए केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला रामपुर तथा खनेरी वार्ड के लिए प्राथमिक पाठशाला खनेरी में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अन्य वार्डों के लिए भी संबंधित क्षेत्रों में केंद्र स्थापित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद 17 मई को ही मतगणना करवाई जाएगी। मतगणना पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामपुर के सभा कक्ष में होगी और परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने मंडी में किया शक्ति प्रदर्शन, सभी 14 पार्षदों के साथ निकाला रोड शो

# चारों नगर निगमों में खिलेगा कमल, कांग्रेस के खिलाफ जनता में है आक्रोश : जयराम

अनंत ज्ञान


रोड शो करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगर निगम चुनावों के प्रचार के अंतिम दिन मंडी के सभी 14 वार्डों में भव्य रोड शो और चौहट्टा बाजार में विशाल जनसभा के माध्यम से कांग्रेस सरकार के विरुद्ध शंखनाद करते हुए दावा किया है कि प्रदेश की चारों नगर निगमों मंडी, पालमपुर, धर्मशाला और सोलन में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है।

जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार की जनविरोधी नीतियों और झूठी गारंटियों से हिमाचल की जनता का मोहभंग हो चुका है और आज प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार की कार्यप्रणाली से त्रस्त होकर इसे सत्ता से उखाड़ फेंकने का मन बना चुका है। यह नगर निगम चुनाव महज स्थानीय चुनाव नहीं बल्कि प्रदेश में कांग्रेस की विदाई की पटकथा लिखने वाले साबित होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के सरेआम उल्लंघन का गंभीर आरोप लगाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि हार के डर से बौखलाई कांग्रेस अब प्रलोभन की राजनीति पर उतर आई है, जिसका प्रमाण मुख्यमंत्री द्वारा चुनावी सभाओं में खुलेआम यह कहना है कि कांग्रेस पार्षदों को जिताने पर वार्डों को 50 लाख से एक करोड़ रुपये का बजट दिया जाएगा। उन्होंने इस बयान को लोकतंत्र की मर्यादा का अपमान और मतदाताओं को खरीदने का एक असफल प्रयास करार देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह कृत्य चुनाव आयोग की निष्पक्षता को चुनौती दे रहा है, जिसके विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज करवाकर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग कर रही है।

जयराम ठाकुर ने मंडी में उमड़े जनसैलाब को भाजपा की विजय का अग्रिम संकेत बताते हुए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे मतदान के दिन तक पूरी ऊर्जा के साथ डटे रहें क्योंकि जनता अब कांग्रेस के कुशासन और संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है और आगामी मतगणना के दिन पालमपुर से लेकर सोलन तक कांग्रेस का पूरी तरह सूपड़ा साफ होना तय है। इस अवसर पर उनके साथ विधायक अनिल शर्मा, इंद्र सिंह गांधी, पूर्ण चंद, पूर्व मेयर वीरेंद्र भट्ट, भाजपा महामंत्री पायल वैद्य और जिलाध्यक्ष निहाल चंद भी उपस्थित रहे।

# मंदिर-मस्जिद और पशुओं वाले चुनाव चिन्ह हटाए

## अब सामान्य प्रतीकों पर होगा मुकाबला




अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पंचायत चुनावों में इस बार चुनावी परंपराओं का चेहरा पूरी तरह बदल गया है। कभी गांवों की राजनीति में पहचान का प्रमुख आधार रहे मंदिर, मस्जिद, बैल, घोड़ा, गाय, हाथी और अन्य जीवित पशुओं वाले चुनाव चिह्न अब नजर नहीं आएंगे। निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष, संतुलित और विवादमुक्त चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से धार्मिक स्थलों, सामाजिक प्रतीकों और जीवित पशुओं से जुड़े चुनाव चिह्नों को सूची से बाहर कर दिया है। आयोग का मानना है कि बदलते समय में ऐसे प्रतीकों का इस्तेमाल मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित कर सकता है और कई बार सामाजिक व धार्मिक विवाद की स्थिति भी पैदा हो जाती है।

बताते चलें कि पहले अशिक्षा अधिक होने के कारण चुनाव चिह्न ही प्रत्याशियों की सबसे बड़ी पहचान माने जाते थे, लेकिन अब चुनावी व्यवस्था आधुनिक और जागरूक हो चुकी है। इसी कारण

◆ **बैल, घोड़ा, हाथी, गाय और मंदिर-मस्जिद जैसे प्रतीक अब इतिहास बने**

◆ **धार्मिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए आयोग का फैसला**

आयोग ने दैनिक उपयोग की सामान्य वस्तुओं और तटस्थ प्रतीकों को प्राथमिकता देते हुए चुनावी व्यवस्था में बड़ा बदलाव लागू किया है।

चुनाव आयोग की ओर से पहले ही आचार संहिता और प्रचार को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगने पर रोक, संवेदनशील बूथों पर वेब कास्टिंग और मतदान केंद्रों में मोबाइल प्रतिबंध जैसे फैसलों के बीच अब चुनाव चिह्नों में किया गया यह बदलाव भी पंचायत चुनावों को पूरी तरह नए दौर में ले जाने वाला माना जा रहा है।

# करसोग में किसी ने वापस नहीं लिया नाम

अनंत ज्ञान

**करसोग।** जिला परिषद सदस्य पद चुनाव के दृष्टिगत नामांकन वापसी के लिए निर्धारित समयावधि में किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापिस नहीं लिया है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की निर्धारित समयावधि में करसोग क्षेत्र से जिला परिषद् सदस्य के लिए कुल 21 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापिस नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद सदस्य पद के लिए सभी 21 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### महादेव में केवल एक ने नामांकन लिया वापस

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पंचायतीराज चुनाव को लेकर नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती नौ वार्डों वाली ग्राम पंचायत महादेव जहां कुल मतदाता 2534 हैं जो असमंजस यानि धर्मसंकट में हैं कि किसके मत में मतदान करें किसे वंचित रखें क्योंकि यहां कदम कदम के घर पर से विभिन्न पदों के उम्मीदवार खड़े हैं। जिनमें नए पुराने सभी उम्र के लोग इस चुनावी दंगल में डटे हुए हैं। शुक्रवार को दूसरे दिन नाम वापसी पर केवल एक वार्ड सदस्य कुशमा ने वार्ड नं 8से नाम वापस लिया, जबकि 36विभिन्न पदों के उम्मीदवार मैदान में डटे हैं ।

# ठियोग की जनता देगी कांग्रेस की झूठी गारंटियों का जवाब : सिकंदर कुमार

अनंत ज्ञान



**शिमला।** शिमला जिले के ठियोग में नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। चुनाव प्रचार के बीच भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जनता के बीच मुद्दों को जोर-शोर से उठाना शुरू कर दिया है। भाजपा सांसद और प्रदेश महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने शुक्रवार को ठियोग में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले जो गारंटियां दी थीं, वे अब तक पूरी नहीं हो सकी हैं और जनता इसका जवाब चुनाव में देगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सम्मान निधि देने, रोजगार उपलब्ध करवाने और स्थानीय निकायों को मजबूत बनाने जैसे कई वादे किए गए थे, लेकिन धरातल पर लोगों को उसका लाभ नहीं मिला। उनका आरोप था कि नगर परिषद क्षेत्र में अब भी बुनियादी सुविधाओं की कमी बनी हुई है और प्रशासनिक कामकाज में सुस्ती दिखाई दे रही है।

**इलेक्शन** नामांकन वापसी और चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद जिला ऊना में पूरी तरह गर्माया चुनावी माहौल

# 2027 की सियासी दिशा तय करेंगे चुनावी नतीजे

अनंत ज्ञान




**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों के तहत नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने और चुनाव चिन्ह आवंटित होने के बाद जिला ऊना के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव अब केवल स्थानीय विकास के मुद्दों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि इन्हें वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों की राजनीतिक सेमीफाइनल के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और गांव-गांव चुनाव प्रचार तेज हो चुका है।

जिला ऊना की राजनीति इस बार कई मायनों में दिलचस्प मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। जहां एक ओर कांग्रेस संगठनात्मक स्तर पर अपेक्षाकृत अधिक एकजुट नजर आ रही है, वहीं भाजपा कई क्षेत्रों में अंदरूनी खींचतान और बगावत से जूझती दिखाई दे रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिल रहा है, जहां भाजपा दो अलग-अलग गुटों में बंटी नजर आ रही है। स्थानीय स्तर पर नेताओं की आपसी प्रतिस्पर्धा और वर्चस्व की लड़ाई ने पार्टी की रणनीति को प्रभावित किया है। दूसरी ओर कांग्रेस यहां अपेक्षाकृत संगठित होकर चुनाव मैदान में उतरी है और इसका लाभ लेने की कोशिश कर रही है।

ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला पूरी तरह सीधा और प्रतिष्ठा का बन गया है। यहां भाजपा और कांग्रेस दोनों दल पूरी ताकत से मैदान में हैं। विशेष बात यह है कि भाजपा का जिला में एकमात्र विधायक ऊना सदर से है, इसलिए पार्टी के लिए यहां बेहतर प्रदर्शन करना राजनीतिक मजबूरी भी माना जा रहा है। यदि भाजपा अपने प्रभाव वाले इस क्षेत्र में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाती, तो इसका संदेश दूर तक जाएगा। कांग्रेस भी इसी कारण यहां पूरी गंभीरता के साथ चुनाव लड़ रही है और सत्ता विरोधी माहौल को मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है।

हरोली विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र होने के कारण यहां कांग्रेस के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। कांग्रेस यहां अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगा रही है, जबकि भाजपा इस क्षेत्र में सेंध लगाने के उद्देश्य से आक्रामक प्रचार कर रही है। हरोली के नतीजों को प्रदेश स्तर पर भी विशेष नजर से देखा जाएगा क्योंकि यह सीधे तौर पर सरकार की लोकप्रियता का संकेत माने जाएंगे। गगरेट, चिंतपूर्णी और कुटलैहड़ जैसे अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी चुनावी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत प्रभाव और जातीय-सामाजिक समीकरणों का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। कई स्थानों पर निर्दलीय प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर दोनों प्रमुख दलों की चिंता बढ़ा रहे हैं। भाजपा के बागी उम्मीदवार कुछ क्षेत्रों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बन गए हैं। टिकट वितरण से नाराज नेताओं ने निर्दलीय ताल ठोककर संगठन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसका सीधा असर वोट बैंक के विभाजन के रूप में सामने आ सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो यह चुनाव केवल पंचायत प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह आने वाले विधानसभा चुनावों की जमीन तैयार करेंगे। गांवों में जिस दल की पकड़ मजबूत होगी, उसे 2027 में संगठनात्मक लाभ मिलेगा। यही कारण है कि दोनों दलों के विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी लगातार चुनाव प्रचार में सक्रिय हैं। छोटे स्तर का यह चुनाव अब बड़े राजनीतिक संदेश देने की स्थिति में पहुंच चुका है। फिलहाल ऊना जिले में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। आने वाले दिनों में प्रचार और अधिक आक्रामक होने की संभावना है। अब देखना यह होगा कि कांग्रेस अपनी एकजुटता का लाभ उठा पाती है या भाजपा आंतरिक मतभेदों के बावजूद चुनावी संतुलन साधने में सफल रहती है। इतना तय है कि पंचायत चुनावों के ये परिणाम जिला ऊना की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के सीएम भगवंत मान वापस लौटे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब के सीएम भगवंत मान शुक्रवार को वापस पंजाब लौट गए। पंजाब के सीएम वीरवार को धर्मशाला में पंजाब व मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए आईपीएल मैच को देखने पहुंचे थे। हालांकि पंजाब को दिल्ली के बाद मुंबई इंडियंस से भी हार का मुंह देखना पड़ा। वापिस लौटते समय हालांकि मीडिया कर्मी एयरपोर्ट पर मौजूद थे, लेकिन पंजाब के सीएम, मीडिया से बातचीत करने में गुरेज करते नजर आए।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में 15 मई को 19वीं जिला स्तरीय पुरुष एवं 18वीं महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को संस्थान प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आईटीआई पालमपुर में हुआ था, जिसमें आईटीआई शाहपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। महिला प्रतियोगिता आईटीआई नैहरनपुखर में आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने खो-खो और कबड्डी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षकों और अनुदेशकों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन किया। संस्थान प्रबंधन ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### आशा रानी निर्विरोध बनीं पंचायत समिति सदस्य

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर ब्लॉक के अंतर्गत कोटला-बेहड़, कस्बा-कोटला व गोलवाह वार्ड नम्बर 21 से पंचायत समिति सदस्य के पद पर आशा रानी का निर्विरोध चयन कर लिया गया है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान बणी पंचायत के वार्ड नम्बर 2 से वर्षा, वार्ड नम्बर 3 से रीता कुमारी, वार्ड नम्बर 5 से राजेश कुमार और वार्ड नम्बर 6 से विपिन कुमार को सर्वसम्मति से पंचायत सदस्य चुना गया। इसके साथ ही रैल पंचायत के वार्ड नम्बर 5, कुठना (सलेटी) पंचायत के वार्ड नम्बर-4 और कूहना पंचायत के वार्ड नम्बर 1 से 4 तक के सदस्यों का चयन भी आपसी सहमति से हुआ। वहीं निचला भलवाल पंचायत के वार्ड नम्बर 1, सेहरी पंचायत के वार्ड नम्बर 2 से 5, कोटला-बेहड़ के वार्ड नम्बर 3, टिप्परी के वार्ड नम्बर 2, हलेड़ के वार्ड नम्बर 1, जंडोर पंचायत के वार्ड नम्बर 1 से 4 और समनोली पंचायत के वार्ड नम्बर 3 में पंचायत सदस्यों का निर्विरोध चयन संपन्न हुआ। बीडीओ परागपुर मीना शर्मा ने इन सभी नियुक्तियों की आधिकारिक पुष्टि की है।

### वार्ड मेंबर हरबंस नरवाल का निर्विरोध चयन



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** ग्राम पंचायत धीरा के वार्ड संख्या 5 रूमेहड़ से हरबंस धरवाल निर्विरोध पंचायत सदस्य चुने गए। इस वार्ड में हरबंस धरवाल के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया था और धीरा पंचायत के सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने हरबंस धरवाल के वार्ड संख्या 5 से पंचायत सदस्य चुने जाने की आधिकारिक घोषणा की।

### हार पंचायत में अश्वनी बने भरोसे की पसंद

**अनंत ज्ञान, सालविया शर्मा, गरली।** पंचायत चुनावों के शोर, रणनीति और सियासी खींचतान के बीच ग्राम पंचायत हार ने एक अलग ही संदेश दिया है। यहां वार्ड नंबर-4 में चुनावी मुकाबला बनने से पहले ही तस्वीर साफ हो गई और अश्वनी कुमार पुत्र बलदेव सिंह निर्विरोध सदस्य चुन लिए गए। गांव में किसी दूसरे उम्मीदवार ने चुनौती नहीं दी और पूरा वार्ड एक नाम पर सहमत नजर आया। जैसे ही रिटर्निंग अधिकारी द्वारा आधिकारिक घोषणा हुई, गांव में जश्न जैसा माहौल बन गया। समर्थकों ने मिठाइयां बांटी और लोगों ने इसे सहमति की जीत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि अश्वनी कुमार हमेशा गांव के हर सुख-दुख में आगे रहे हैं और यही भरोसा उन्हें निर्विरोध जीत तक ले गया। उधर अश्वनी कुमार ने ग्रामवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि पूरे गांव की है।

### गरली में गूंजी खुशियों की किलकारियां



**अनंत ज्ञान, सालविया शर्मा, गरली।** गरली आंगनबाड़ी केंद्र शुक्रवार को पारंपरिक रस्मों, मंगल गीतों और खुशियों की गूंज से सराबोर नजर आया, जब वार्ड नंबर-4 की गर्भवती महिला कोमल पत्नी रतीश की गोदभराई रस्म बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सीडीपीओ परागपुर बलजीत सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल एवं सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं परिवारजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार शगुन भेंट कर कोमल को आशीर्वाद दिया तथा मां और होने वाले शिशु के स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर पूरे माहौल को भावुक और उल्लासमय बना दिया। आंगनबाड़ी केंद्र में सजे इस पारिवारिक माहौल ने मातृत्व सम्मान और भारतीय संस्कारों की सुंदर झलक पेश की।

### डीएलएड सीईटी परीक्षा अब 17 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2026, जो पूर्व में दिनांक 31 मई 2026 को आयोजित किया जाना निर्धारित था, प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब उक्त परीक्षा 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। डॉ. शर्मा ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं अन्य आवश्यक निर्देशों के लिए समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

# अवैध संपत्ति पर प्रशासन का शिकंजा

## नशा तस्करी से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई, सरकारी जमीन पर बना मकान किया ध्वस्त

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत नशा तस्करों एवं अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध जिला पुलिस नूरपुर द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

इसी क्रम में जिला पुलिस नूरपुर द्वारा सुखदेव पुत्र गुरदियाल चंद निवासी वार्ड नं. 09, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा द्वारा अवैध नशे के कारोबार से अर्जित सरकारी मंदिर की जमीन पर अवैध रुप से निर्मित मकान को स्थानीय प्रशासन द्वारा पुलिस के सहयोग से सील करके कब्जे में ले लिया था। जो दिनांक 13 मई को उपरोक्त अवैध संपत्ति को विधिवत रूप से ध्वस्त कर दिया गया। यहां पर वर्णित है कि उपरोक्त संपत्ति का मालिक सुखदेव उपरोक्त एक आदतन नशा तस्कर है जिसके विरुद्ध



सरकारी जमीन पर बने मकान को ध्वस्त करते हुए। अनंत ज्ञान

एनडीपीएस के अधीन कई अभियोग दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त थाना डमटाल में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के अभियोग संख्या 120/25 दिनाक 21-09-2025 अधीन धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट में जिला पुलिस नूरपुर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 22.65 ग्राम चिट्टा, सोना, चांदी, डिजिटल वेट मशीन तथा 4.70 लाख बरामद किए थे।

इस अभियोग की वित्तीय जांच के दौरान एक नामांकित आरोपी लवजीत कुमार उर्फ लब्बा निवासी भदरोया की 18.08 लाख की अवैध संपत्ति चिन्हित कर जिला पुलिस नूरपुर द्वारा जब्ती की थी। जब्त की गई संपति को सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली द्वारा जब्ती आदेशों की पुष्टि

◆ **एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच के बाद करोड़ों की संपत्ति जब्त**

की गई है। यहां पर यह विशेष रुप से वर्णित किया जाता है कि जिला पुलिस नूरपुर अब तक 16 मामलों में वित्तीय जांच कर 26.63 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुकी है। जोकि प्रदेश में सबसे अधिक जब्ती है। जिला पुलिस द्वारा भविष्य में भी नशा माफिया एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके तथा समाज में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखी जा सके। प्रदेश सरकार नशा तस्करों व अवैध मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अवैध खनन पर नूरपुर पुलिस ने विशेष अभियान में पकड़े 9 वाहन

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 9 वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार थाना डमटाल क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 02 मल्टी एक्सल ट्रकों को पकड़ा। वहीं थाना फतेहपुर, थाना ज्वाली, थाना इंदौरा और थाना रेहन क्षेत्रों में 07 ट्रैक्टरों के खिलाफ नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। थाना डमटाल में पकड़े गए दोनों मल्टी एक्सल ट्रकों को पुलिस ने जब्त कर अदालत में भेज दिया है ताकि आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके। इसके अलावा अन्य ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ भी नियमानुसार जुर्माना और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। नूरपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन की गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कांग्रेस सरकार की गले की फांस बना धर्मशाला नगर निगम चुनाव: सुधीर शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर कड़े सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार के जीरो टालरेंस का फायदा दबंग भ्रष्टाचारी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला नगर निगम चुनाव कांग्रेस सरकार के गले की फांस बन चुका है। न ही मुख्यमंत्री ओर ही न ही सरकार के नुमाईदों के पास ऐसी विकास की कोई उपलब्धि है जिसे व जनता के समक्ष रख सकें। सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में केवल अपनी मित्र मंडली का ध्यान रखा है, न कि जनता का। स्वास्थ्य सेवाओं के चरमराने, बेरोजगारी बढने, कर्मचारियों की वेतन-पेंशन समस्याओं, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और झूठी गारंटियों को लेकर जनता आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश की स्थिति यह है कि कर्मचारियों का



वेतन और रिटायर्ड कर्मचारियों का वेतन वक्त पर नहीं मिल रहा है। एक तरफ आर्थिक बदहाली की बात की जाती है और दूसरी तरफ अपनों का मुख्यमंत्री पूरा ध्यान रखते हैं। विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि सरकार ने ऐसी तमाम योजनाओं को बंद करने का काम किया, जिससे जनता का सीधा फायदा हो रहा था। उन्होंने कहा कि आज जनता पूछ रही है कि आखिर यह संस्थान और यह योजनाएं क्यों बंद की गई। बेरोजगार पूछ रहे एक लाख नौकरियां कहां है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू हर मोर्चे पर विफल रहे हैं। सरकार ने सत्ता में आने के बाद महिलाओं को भी ठगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम धर्मशाला के सभी 17 वार्डों के भाजपा उम्मीदवार जनता के समर्थन से मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे है। भाजपा सभी उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज नगर निगम का दायित्व संभालते हुए विकास को गति देंगे।

# धर्मशाला स्थित सुधार गृह में कैदियों के लिए फ्री विधिक सहायता केंद्र की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधारात्मक गृह, धर्मशाला में चिराग भानू सिंह, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला द्वारा मुलाकात विधिक सहायता केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह केंद्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य कैदियों एवं उनके परिजनों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर आर मिहुल शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि केंद्र के माध्यम से कैदियों को जमानत सहायता, कानूनी सलाह, मामलों की स्थिति संबंधी जानकारी, अपील प्रक्रिया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही कैदियों के परिजनों को भी कानूनी सहायता एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान चिराग भानू सिंह, अध्यक्ष (जिला एवं सत्र न्यायाधीश), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने कहा कि न्याय तक पहुंच प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और यह केंद्र कैदियों एवं उनके परिवारों के लिए न्याय प्राप्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। केंद्र में पैरा लीगल वॉलंटियर्स तथा पैनल अधिवक्ता नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे, जो जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जेल प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, अधिवक्ता, पैरा लीगल वॉलंटियर्स, मुलाकात के दौरान आंगतुक एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नए सिरे से घोषित हो सत्रीय अकादमिक कैलेंडर

## चुनावी ड्यूटी और जनगणना जैसे कार्यों से शिक्षण प्रभावित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग सत्र 2026-27 हेतु अकादमिक कैलेंडर तय करे। इस सत्र में अब तक अकादमिक कैलेंडर और शेड्यूल तय नहीं हुआ है और पिछले सत्र के शेड्यूल अनुसार ही कार्य चल रहा है। इस सत्र में स्कूल शिक्षा बोर्ड के मूल्यांकन कार्य में अप्रैल माह बीत गया और मई माह में चुनावी रिहर्सल और चुनाव करवाने में अनेकों शिक्षण दिवस खर्च हो रहे हैं।

इसके बाद जून माह से शिक्षकों की जनगणना ड्यूटी लगने जा रही है। ऐसे में सत्र के आवधिक आकलन के लिए कई विषयों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। कुछ विषयों की तो किताबें भी स्कूलों में आज तक नहीं पहुंची हैं। ऐसे में अब एफ ए 1 परीक्षा करवाना जटिल है। ऐसे में गैर शिक्षण कार्यों के चलते पाठ्यक्रम की पढ़ाई और दोहराई प्रभावित हो रही है और अकादमिक शेड्यूल में बदलाव जरूरी हो गया है। इस बदलाव का अनुरोध राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश स्कूल शिक्षा निदेशक से किया है। संघ के महासचिव विजय हीर ने कहा कि अब तक नए पाठ्यक्रम का विभाजन आवधिक आकलन और योगात्मक मूल्यांकन हेतु नहीं किया गया है और कक्षा 4 से 6 हेतु लागू नए पाठ्यक्रम हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करना शेष है जिसके लिए अकादमिक कैलेंडर में संशोधन जरूरी है। चुनावों के दौरान स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होना तय है क्योंकि अधिकतम शिक्षकों की चुनावी ड्यूटी लगी है और हाई स्कूल भी सिंगल टीचर हो गए हैं। ऐसे में चुनावों के बाद 1 जून 2026 से कुछ ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में 1 से 8 जून और अन्य अति गर्मी वाले क्षेत्रों में 1 जून से 30 जून तक ग्रीष्म अवकाश हो जाएंगे। चुनावों हेतु शिक्षक 24 मई को रवाना हो जाएंगे और 30 मई तक मतदान करवाएंगे। 31 मई को रविवार का अवकाश है और ऐसे में पढ़ाई 9 जून या 1 जुलाई से शुरू होगी जिसके चलते पाठ्यक्रम कवरेज और जटिल हो जाएगी। ऐसे में शिक्षा विभाग को अकादमिक कैलेंडर में जरूरी बदलाव करते हुए शिक्षण दिवस समायोजित करने चाहिए।

**संघ ने दिया सुझाव**

**संघ** का कहना है कि अगर ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 जून से 8 जून की बजाय 26 मई से 3 जून हो जाए तो स्कूलों के संचालन में आ रही बाधाएं समाप्त हो जाएंगी और शिक्षकों को भी दिक्कत नहीं आएगी। ऐसा तभी संभव है जब अकादमिक कैलेंडर बदले।

## भाजपा नेता के बयान पर कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी का पलटवार

# बोले- झूठी टिप्पणी पर माफी मांगें अन्यथा करूंगा मानहानि का दावा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** गत दिवस भाजपा नेता द्वारा की गई झूठी टिप्पणी पर धर्मशाला से कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने पलटवार किया है। शुक्रवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में देवेंद्र जग्गी ने कहा कि उनके द्वारा भाजपा नेता को नोटिस भेजा जा रहा है तथा नेता ने सार्वजनिक माफी नहीं मांगी तो मानहानि का दावा करूंगा।

जग्गी ने कहा कि भाजपा नेता ने कई आरोप नगर निगम को लेकर लगाए हैं, जो कि तथ्यों से पूरी तरह से परे हैं। भाजपा नेता द्वारा नगर निगम के हाउस न होने को लेकर कही गई बात पर जग्गी ने कहा कि धर्मशाला में भाजपा के विधायक हैं। जब भी नगर निगम की बैठक होती है तो उन्हें भी इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अगर हाउस नहीं हुआ तो विधायक ने सवाल क्यों नहीं उठाया। जग्गी ने भाजपा के नगर निगम चुनाव को लेकर जारी चुनावी घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि भाजपा ने बिना किसी बजट के ये सारे चुनावी वादे किए हैं, जिन्हें वह कभी भी पूरा नहीं कर सकेगी।

**केंद्र में आवाज नहीं उठा सके सांसद: अनुराग शर्मा**



**राज्यसभा** सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि हिमाचल से भाजपा के 7 सांसद थे, लेकिन वे केंद्र में हिमाचल के हक के लिए आज दिन तक आवाज नहीं उठा सके। उन्होंने कहा कि सीवरेज प्रणाली को धर्मशाला में स्थापित करने के लिए जिस समय डीपीआर तैयार की गई थी, उसकी कीमत 105 करोड़ रुपये थी, लेकिन आज यह बढ़ कर 179 करोड़ तक पहुंच चुकी है। इसका पैसा केंद्र सरकार से आना था, लेकिन इसे आज दिन तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद उन्होंने कांगड़ा में रेल लाइन को ब्राड गेज करने का मामला उठाया। अगर भाजपा सांसदों ने कभी इस पर कोई पत्राचार किया है तो उसका पत्र बताएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूरे विचार विमर्श के बाद चुनावी घोषणा पत्र तैयार किया है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़े, वाहन चालक बोले पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला भर में शुक्रवार सुबह से पेट्रोल व डीजल के रेट में वृद्धि की गई है, ऐसे में वाहन चालकों का कहना है कि इससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। धर्मशाला के कोतवाली बाजार स्थित पेट्रोल पंप में शुक्रवार को प्रीमियम पेट्रोल का रेट 106.53 रुपये रहा, जिसमें 2.96 रुपये की वृद्धि हुई है। नॉर्मल पेट्रोल का रेट 97.05 रुपये रहा, जिसमें 2.90 रुपये की वृद्धि, जबकि डीजल रेट 89.36 रुपये रहा जिसमें वृद्धि 2.73 रुपये की दर्ज हुई। हालांकि लोग रूटीन में पेट्रोल व डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं, कई लोगों को डीजल व पेट्रोल के दाम में वृद्धि का ज्ञान ही नहीं था।

टैक्सी चालक अशोक जरियाल ने कहा कि पेट्रोल व डीजल के रेट बढने से निश्चित तौर पर महंगाई बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पहले वाहन का टैंक जो 3 हजार रुपये में भर जाता था, उसके लिए अब ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। टैक्सी चालक रविंद्र ने कहा कि पेट्रोल व डीजल के रेट बढने से इस कारोबार से जुड़े लोगों को जेब ढीली करनी होगी। कई युवाओं ने बैंकों से लोन लेकर टैक्सियां चलाई हैं, ऐसे में इस तरह से पेट्रोल व डीजल की कीमतें बढ़ती रही तो टैक्सी कारोबार करना भी मुश्किल हो जाएगा।

# 2 जून से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन पर दौड़ेंगी ट्रेनें: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने पठानकोट और जोगिंद्रनगर के बीच रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन आगामी 2 जून से शुरू होने की बात कही है व इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट किया है। अनुराग ने कहा कि आगामी 2 जून से पठानकोट और जोगिंद्रनगर के बीच रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के विशेष स्नेह के कारण हिमाचल प्रदेश में रेल सेवाओं के विस्तार को पिछले 12 वर्षों में नई गति मिली है। नए प्रोजेक्टों की मंजूरी से लेकर पुराने प्रोजेक्टों की फंडिंग बढ़ाने व छतिग्रस्त मरम्मत कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने में मोदी सरकार का विशेष योगदान रहा है। हिमाचल प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी पर अगस्त 2022 में बाढ़ के कारण हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमा पर स्थित चक्की नदी रेलवे पुल बह जाने पर बड़ी रुकावट का सामना करना पड़ रहा था। इस पुल के पुनर्निर्माण की मजबूत मांग को हमने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जिस पर त्वरित कार्यवाई करते हुए पुल के निर्माण का कार्य रेल मंत्रालय द्वारा शुरू कराया गया। करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से बने नए पुल का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया है। रेल सेवा की बहाली से देवभूमि में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। अनुराग ने कहा कि चक्की ब्रिज की बहाली और पूर्ण ट्रेन सेवाओं का पुनरारंभ केवल शुरुआत है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा घाटी रेलवे के भविष्य को और मजबूत करते हुए, रेल मंत्रालय ने मौजूदा पठानकोट-जोगिंदर नगर नैरो गेज खंड (लगभग 200 किलोमीटर) को ब्रॉड गेज में बदलने के लिए सर्वेक्षण को मंजूरी दी है, और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए फील्ड सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है।



# शिवनगर कॉलेज में नई शिक्षा नीति से बदलते भारतीय शिक्षा परिदृश्य पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) के प्रभावी क्रियान्वयन और इसके विभिन्न पहलुओं से शिक्षक वर्ग को अवगत करवाने के उद्देश्य से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह रहीं।

उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी ) के माध्यम से एनईपी-2020 की बारीकियों पर अत्यंत सारगर्भित और व्यावहारिक प्रकाश डाला। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं है, बल्कि यह भारतीय शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और छात्र-अनुकूल बनाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए बताया कि अब विद्यार्थी अपनी परिस्थितियों के अनुसार पढ़ाई को बीच में एंट्री और एग्जिट कर सकते हैं, जिससे उनका साल बर्बाद नहीं होगा।



साथ ही छात्रों के क्रेडिट डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे, जिससे एक संस्थान से दूसरे संस्थान में जाना बेहद आसान हो जाएगा। नई शिक्षा नीति में किताबी ज्ञान के बजाय व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास व भारतीय ज्ञान परंपरा को प्राथमिकता दी गई है ताकि युवा आत्मनिर्भर बन सकें। संवाद व जिज्ञासा शांत करने का सत्र व्याख्यान के अंतिम चरण में एक प्रश्नोत्तर सत्र (क्यू एंड ए सेशन) भी आयोजित किया गया, जहां प्राध्यापकों ने नई शिक्षा नीति से जुड़े अपने संशय प्राचार्या के समक्ष रखे। डॉ. संगीता ने अत्यंत सरल तरीके से जिज्ञासाओं का समाधान किया व उन्हें इस नीति का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए अपनाएं पारंपरिक सांस्कृतिक पद्धति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया विभाग की ओर से 'मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण: एक अंतर-सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरीश नारायणदास रहे। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को वैश्विक और भारतीय संदर्भ में समझाते हुए कहा कि पश्चिमी मानकों के साथ-साथ भारतीय पारंपरिक पद्धतियों जैसे योग, आयुर्वेद और सांस्कृतिक जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने मानसिक तनाव के समाधान में समग्र दृष्टिकोण पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो प्रदीप कुमार और कुलसचिव डॉ. नरेंद्र सांख्यान ने भी छात्रों में बढ़ते तनाव, सोशल मीडिया के प्रभाव और संवाद आधारित जीवनशैली की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो अर्चना कटोच ने की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

## रिजल्ट प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, विद्यार्थियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

# वंशिका ने 96 प्रतिशत अंक लेकर किया स्कूल में टॉप

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर इंदौरा।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर के बारहवीं कक्षा के परिणाम में बच्चों ने जिला कांगड़ा में प्राप्त किया प्रथम स्थान। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर का बारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने अभिभावकों बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया।

विद्यालय की प्रिंसिपल रेणु परमार तथा एमडी डॉ. रिचा महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष अनुशासन, कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अध्ययन किया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा वंशिका (96%) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्यवीर (92%) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्तिक धिमान (91%) एवं प्राची (91%) ने भी शानदार प्रदर्शन




◆ **आर्यवीर ने 92 प्रतिशत लेकर बढ़ाया विद्यालय का गौरव**

कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। तनिष्का (90%) और कंगना (90%) ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। करिनप्रीत (89%) तथा अनिरुद्ध (88%) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, वहीं संचिता (87%) ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त पलक ने (85%) और कशिश राव (84%) ने शानदार अंक प्राप्त किए। भूमिका (82%), मीनल (82%), जानवी (82%), तनमय (82%) और रिया (82%) ने भी अपनी मेहनत से सफलता हासिल की। समृति शर्मा (81%), अपूर्वी (81%), गमन (81%), आदित्य (81%), राज्यवर्धन (81%) तथा सचिन (81%) ने विद्यालय का नाम रोशन किया। सूर्यांश महाजन (79%) और अक्षित शर्मा (79%) ने अच्छे अंक प्राप्त किए। सूर्यांश डडवाल (78%) तथा रिधिमा (78%) नमन परमार (78%) ने भी शानदार सफलता हासिल की। स्मृति (77%), पलक शर्मा (77%), श्रेया शर्मा (77%) और प्रबल (77%) ने सराहनीय प्रदर्शन किया। अनमोल धीमान (76%), अभिषेक (76%), एंजल (76%) तथा निषिता (76%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। पियूष (75%), अंशिका (75%), निहारिका (75%) और अनमोल कटोच (75%) ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया। दृष्टि (74%), निहारिका शर्मा (74%) तथा मन्नत (74%) ने अच्छे अंक प्राप्त किए। कार्तिक (73%) और हार्दिक (73%) ने भी शानदार प्रदर्शन किया, जबकि नंदिनी (72%) ने सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन ने इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की अथक मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया। महाजन, डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की गुणवत्ता, मेहनत और श्रेष्ठ शिक्षण प्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों और प्रतियोगी वातावरण के साथ तैयार करता रहेगा ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और जीवन में नई सफलताएं प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

# पंजाब किंग्स से भिड़ने के लिए धर्मशाला पहुंची आरसीबी

## आईपीएल प्वाइंट टेबल में शीर्ष पर है टीम, कल होगा महामुकाबला, कांगड़ा एयरपोर्ट पर आरसीबी प्लेयर्स के दीदार के लिए पहुंचे काफी फैंस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स से भिड़ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर बंगलुरु (आरसीबी) की टीम धर्मशाला पहुंची। आईपीएल प्वाइंट टेबल 2026 में आरसीबी की टीम 16 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। ऐसे में 17 मई को आरसीबी के पंजाब से मुकाबले को महामुकाबले का नाम दिया जा रहा है। हालांकि धर्मशाला में खेले गए दोनों मुकाबलों में पंजाब जीत का स्वाद नहीं चख पाई है।

इसके बावजूद पंजाब की टीम प्वाइंट टेबल पर चौथे नंबर पर बरकरार है। आरसीबी के के फैन्स को 17 के मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है। कांगड़ा एयरपोर्ट पर आरसीबी प्लेयर्स के दीदार को भारी संख्या में फैन्स पहुंचे हुए थे। प्लेयर्स के एयरपोर्ट के बाहर आते ही फैंस ने अपने चहेते क्रिकेटर्स के नाम पुकारने शुरू कर दिए। कई फैन्स ने तो एयरपोर्ट से बाहर आ रहे खिलाड़ियों के फोटो अपने मोबाइल में कैद किए।



### रजत पाटीदार अपने खिलाड़ियों के साथ पहुंचे कांगड़ा एयरपोर्ट

**अनंत ज्ञान, गगल।** रॉयल चैलेंज बेंगलुरु की टीम पंजाब किंग इलेवन के साथ 17 मई को मैच खेलने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची। जहां सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, लेकिन जैसे ही विराट कोहली एयरपोर्ट के मुख्य द्वार से निकले तो प्रशंसकों ने ऊंची ऊंची आवाजें देकर विराट कोहली का जोरदार से स्वागत किया। प्रशंसकों को देखकर विराट कोहली बहुत खुश हुए, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें गाड़ी में बिठा दिया गया और प्रशंसकों को ऑटोग्राफ नहीं दे सके ।

### फैंस बोले, आरसीबी जीतेगी फाइनल

**आरसीबी** टीम के फैन तपिस मोंगरा और राघव शर्मा ने कहा कि आरसीबी मेरी चहेती टीम है। उन्होंने कहा कि वह विराट कोहली को देखने यहां आए थे। उन्होंने का कि 17 मई को पंजाब के खिलाफ आरसीबी की जीत होगी तथा आईपीएल का फाइनल भी इस बार आरसीबी ही जीतेगी। वहीं आरसीबी खिलाड़ी जब धर्मशाला जाने के लिए वाहनों में सवार हो चुके थे, तो भी फैंस उनके वाहनों के बाहर खड़े होकर हाथ मिलाने व सेल्फी लेने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान फैन्स के उत्साह को देखते हुए कई खिलाड़ियों ने वाहन के अंदर से हाथ हिलाकर फैन्स का अभिवादन स्वीकार किया।

### पंजाब से जीतकर लौटी मुंबई इंडियंस की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को खेले गए पंजाब के साथ मैच में जीत दर्ज करने उपरांत शुक्रवार को मुंबई इंडियंस की टीम वापिस लौट गई। मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों की वापसी की सूचना पर टीम खिलाडियों के कई प्रशंसक कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे थे। जैसे ही मुंबई इंडियंस के खिलाडियों का काफिला एयरपोर्ट पहुंचा तो चहेते खिलाडियों के दीदार को प्रशंसक उमड़ पड़े। युवा प्रशंसकों ने हिट मैन रोहित शर्मा, बुमराह सहित अन्य खिलाडियों के साथ सेल्फी ली। खिलाड़ियों को सामने देखकर प्रशंसकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## शिवानी बोली–युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिलाएंगे मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम चुनाव में वार्ड सात से कांग्रेस प्रत्याशी शिवानी भारद्वाज ने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो युवाओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा। नशे से युवा दूर रहें, इसके लिए विभिन्न खेल गतिविधियों को आरंभ किया जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु युवाओं को तैयार करने के लिए मार्गदशन कैंप आयोजित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले युवाओं की संख्या अधिक होती है, जबकि लाइब्रेरी में जगह कम पड़ जाती है, ऐसे में नगर निगम के माध्यम से जिला प्रशासन व सरकार के समक्ष इस मामले को उठाया जाएगा, जिससे कि अधिक से अधिक युवा जिला लाइब्रेरी में बैठकर अध्ययन कर सकें। शहर के विकास के लिए निगम के अन्य वार्डों के पार्षदों से कंधे से कंधा मिलाकर शहर को एक माडल बनाने का प्रयास किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि मेरे वार्ड की जनता मेरी ताकत है, इसी ताकत के दम पर मैं अपने वार्ड को पूरे नगर निगम में आदर्श वार्ड बनाने के साथ समस्याओं के समाधान में निगम का पहला वार्ड बनाने का प्रयास करेंगे, इसके लिए वार्ड की जनता का सहयोग भी अपेक्षित रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एग्रीकल्चर फॉर्म झलाड़ की हालात चिंताजनक

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** भाजपा नेता राकेश चौहान ने कहा कि शाहपुर में स्थित एग्रीकल्चर फॉर्म झलाड़ की हालात आज अति चिंताजनक है। हालत यह है दिन-ब-दिन फॉर्म की हालात बद से बदतर होती जा रही है। एग्रीकल्चर विभाग कुंभकरण की नींद सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि यह फॉर्म 200 कनाल में फैला हुआ है। एग्रीकल्चर फॉर्म लगभग 70 साल पहले यहां पर स्थापित हुआ था, लोगों को रोजगार मिलता था। इस फॉर्म को पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरदार स्वर्गीय प्रताप सिंह कैरो ने स्थापित किया था, लेकिन वर्तमान में यह फार्म बदहाली का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि नूरपुर में अनाज मंडी है, नगरोटा में अनाज मंडी है शाहपुर विधानसभा के किसान लगभग 3000 टन अनाज ओपन मंडियों में पंजाब भेजते हैं। शाहपुर में अनाज मंडी खुल जाए तो किसानों को बाहर जाकर अनाज नहीं बेचना पड़ेगा।

### आज मनाया जाएगा शनि देव का जन्म दिवस

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** विकास खंड रैत की ग्राम पंचायत कुठंमा के श्री शनि देव मंदिर में 16 मई को मंदिर कमेटी तथा ग्राम वासियों के सहयोग से शनि देव के जन्म दिवस को धूमधाम से उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। श्री शनि देव मंदिर कमेटी के प्रधान राजेंद्र राणा उप प्रधान नरोत्तम सिंह ने बताया कि प्रातः मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना होगी उसके उपरांत जन्मदिवस के उपलक्ष पर प्रातः 10 बजे शनि भक्तों द्वारा केक काटा जाएगा उसके उपरांत मंदिर के प्रांगण में विभिन्न प्रकार के खाने पीने के स्टाल लगाए जाएंगे दोपहर 12 बजे से शनि भक्तों को लंगर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस एक दिवसीय उत्सव में मंदिर कमेटी के सदस्य अनूप राणा, सतपाल राणा, पिंकू राणा, पुष्पेंद्र राना, अनूप राणा, सुमन पठानिया, सबरूप राणा, सुमित, लता देवी, जालम सिंह आदि कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग कर रहे हैं।

### विवेकानंद के 'यथार्थ उपासना' पर परिचर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर में डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर अध्ययन मंडल द्वारा भारतीय व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत 'स्वामी विवेकानंद के भाषणः यथार्थ उपासना' विषय पर पठन एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रीति ने विषय पर सारगर्भित प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के अनुसार सच्ची उपासना केवल पूजा स्थलों तक सीमित नहीं, बल्कि नारायण की सेवा और अंतर्मन की शुद्धि में निहित है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि मन की शुद्धि के बिना बाहरी पूजा अधूरी है। परिचर्चा में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवाओं के मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया गया। कार्यक्रम में कई विभागों के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### धर्मशाला कॉलेज व कोड कोटिएंट के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कोड कोटिएंट प्राइवेट लिमिटेड और राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीच उद्योग-शिक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल का



मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल, इंडस्ट्री आधारित प्रशिक्षण तथा बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध करवाना है। समारोह में महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, बीटेक समन्वयक प्रो. रजनीश दीवान और डॉ. पवन ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं कंपनी की ओर से हेड कैंपस कनेक्ट एवं एचआर बवनीत तनेजा तथा वत्सल शर्मा ने भाग लिया। एमओयू के तहत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के अवसर मिलेंगे। साथ ही कोडिंग, तकनीकी दक्षता और करियर मार्गदर्शन से जुड़ी कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। प्राचार्य ने इसे विद्यार्थियों के लिए रोजगार क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पठानकोट में ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध हवाला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिनमें से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी फरार बताया जा रहा है। गश्त के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अरुण उर्फ अम्मू निवासी गांव परमानंद और भार्गव जसरोटिया निवासी बरवाल (कठुआ, जम्मू-कश्मीर) नशे के कारोबार में संलिप्त हैं और इस अवैध कमाई को हवाला के जरिए ट्रांसफर करते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना तारागढ़ में मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं सहित विदेशी मुद्रा कानून के तहत केस दर्ज किया है। जांच अधिकारी सुरिंदर सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है और पूरे नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

## गुरदासपुर पुलिस ने डकैती की बड़ी साजिश नाकाम की

अनंत ज्ञान



**इंदौरा।** गुरदासपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे 6 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल, जिंदा कारतूस तथा कई तेजधार हथियार बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी पहले से कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे।

जानकारी देते हुए एसएसपी आदित्य ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव कौंटा के श्मशान घाट के पास कुछ युवक हथियारों और कार सहित बैठे हुए हैं तथा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना दीनानगर पुलिस ने तुरंत छापेमारी कर मौके से 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की कार की तलाशी के दौरान .30 बोर पिस्तौल, मैगजीन, 4 जिंदा कारतूस, बेसबॉल बैट, किरपान और दातर बरामद किया। साथ ही एक वरना कार (पीबी 18 पी 1700) भी कब्जे में ली गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान यूसुफ मसीह उर्फ एमपी, संदीप मसीह, कमलजीत उर्फ राहुल उर्फ दातर, महकप्रीत सिंह, हनी और मलूक मसीह के रूप में हुई है।

एसएसपी ने बताया कि कमलजीत उर्फ दातर पर हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट सहित 14 मामले दर्ज हैं। थाना दीनानगर में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## नगर निकाय चुनाव के लिए कल सार्वजनिक अवकाश घोषित

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान दिवस 17 मई 2026 (रविवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश संबंधित नगर निगम क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों पर लागू रहेगा। एडीसी कांगड़ा विनय कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला कांगड़ा के अंतर्गत नगर निगम धर्मशाला, नगर निगम पालमपुर, नगर परिषद कांगड़ा, नगर परिषद नूरपुर, नगर परिषद नगरोटा बगवां, नगर परिषद देहरा, नगर परिषद ज्वालामुखी तथा नगर पंचायत शाहपुर में चुनाव प्रस्तावित हैं। अधिसूचना के अनुसार इन क्षेत्रों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो राज्य के अन्य स्थानों पर कार्यरत हैं लेकिन संबंधित नगर निकाय क्षेत्रों में मतदाता हैं, उन्हें मतदान करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकेगा।

## सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने अनुपम कटोच के पक्ष में जुटाया जनसमर्थन



नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा नेता व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने वार्ड नंबर 16 की प्रत्याशी अनुपम कटोच के पक्ष में जनसमर्थन जुटाया। इस मौके पर प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर व धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने भी अनुपम कटोच के पक्ष में मतदान की अपील मतदाताओं से की।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 16 से अनुपम कटोच जीतकर नगर निगम पहुंचती है तो वार्ड के विकास को गति देंगी। यहां पर लोगों ने जो समस्याएं गिनाई हैं उन्हें एक एक करके हल करेंगी। वार्ड के विस्तार की योजना लोगों के बीच में बैठकर ही तय करेंगी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए 32 बिंदुओं का संकल्प पत्र जारी किया है। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं। अब सीएम ने कर लगाकर पेट्रोल व डीजल के दामों को बढ़ाकर महंगाई बढ़ा दी है। लेकिन प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार के बहकावे में अब आने वाली नहीं है। इस सरकार का समय पूरा हो चुका है, अब भाजपा ही आने वाले समय में अपनी सरकार बनाएगी और प्रदेश के पिछड़े हुए विकास को गति देकर आगे बढ़ाएगी।

## लोकतंत्र के उत्सव में सराबोर हुआ प्रागपुर

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** निर्वाचन प्रक्रिया के अगले चरण में पहुंचते ही ब्लॉक मुख्यालय पर प्रत्याशियों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। चुनाव चिन्ह आवंटन के दौरान परिसर उत्सव जैसा नजर आया, जहां जनसेवा और सामाजिक उत्थान का उत्साह साफ दिखाई दिया।

विशेषज्ञों के अनुसार यह केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्रामीण स्वशासन को मजबूत बनाने की सामूहिक भावना का प्रतीक है। आगामी चुनावों को लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि सभी प्रत्याशी नीतिपरक और विकास केंद्रित प्रचार करेंगे। लोगों का मानना है कि राजनीति में नकारात्मकता की बजाय जनकल्याण और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। चुनावी प्रतिस्पर्धा के बीच भी आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन और जनता को विश्वास है कि अनुशासन और गरिमा के साथ संपन्न होने वाली यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी।

## बिना चुनावी जंग के सर्वसम्मति से चुनी बगली पंचायत, बनी मिसाल



सर्वसम्मति से चुनी बगली पंचायत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सालविया शर्मा, गरली।** पंचायत चुनावों के बीच जहां कई जगह मुकाबले, खींचतान और राजनीतिक तनातनी देखने को मिल रही है, वहीं विकास खंड परागपुर की बगली पंचायत ने भाईचारे और एकता की ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है। बगली पंचायत में प्रधान, उपप्रधान सहित सभी वार्ड सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए हैं। पंचायत के इस ऐतिहासिक फैसले से गांव में खुशी का माहौल है।

सर्वसम्मति से हुए इस चुनाव में रजनीश कुमार को पंचायत प्रधान चुना गया, जबकि सचिन शर्मा उपप्रधान बने। इसके अलावा पंचायत के सभी पांच वार्डों से भी वार्ड सदस्य बिना किसी मुकाबले के सर्वसम्मति से चुने गए। पंचायत के लोगों ने आपसी सहमति और भाईचारे को प्राथमिकता देते हुए चुनावी टकराव से दूरी बनाई, जिसकी क्षेत्रभर में जमकर प्रशंसा हो रही है। बगली पंचायत के इस फैसले से खुश होकर परागपुर के पूर्व ब्लॉक युवा अध्यक्ष ने पंचायत को 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान रजनीश कुमार, उपप्रधान सचिन शर्मा और सभी वार्ड सदस्यों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई पंचायत गांव के विकास को नई दिशा देगी।

## मतदाता सूची विवाद : जवाबदेही की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, प्रागपुर।** कैंसर को हराने वाले दीपक पटियाल आज सिस्टम की बेरुखी के कारण अपने लोकतांत्रिक अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने 13 मई को इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए बीएलओ और सचिव से जवाब-तलब किया था।

दीपक द्वारा डीसी कांगड़ा को किए गए मेल पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अब जिला पंचायत अधिकारी को ईमेल भेजकर पूरे प्रकरण की जांच और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। दीपक पटियाल का आरोप है कि जब उन्होंने साल 2021 में पंचायत चुनाव में वोट डाला था, तो इस बार उनका और उनके परिवार का नाम कटना किसी बड़ी हेराफेरी की ओर इशारा कर रहा है।

> **फिलहाल** यह मामला मेरे नोटिस में नहीं है। नई वोटर लिस्ट बनने की प्रकिया में तकनीकी खामी रही या किसी स्तर पर जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। यह जांच के बाद ही साफ होगा। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
> **-सचिन ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी, जिला कांगड़ा**

अपनी लोकतांत्रिक पहचान छिन जाने से आहत होकर उन्होंने अब मुख्य निर्वाचन अधिकारी से गुहार लगाई है कि जब तक उनका वोट पुनः बहाल नहीं किया जाता, तब तक अप्पर परागपुर की सभी चुनावी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।




## धर्मशाला के विकास का ढोंग कर रही सुक्खू सरकार : बिक्रम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ विधायक बिक्रम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए जारी किए गए कांग्रेस के घोषणापत्र पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दावों को पूरी तरह से खोखला बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए विकास का ढोंग रच रही है, जबकि धरातल पर वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा है कि यदि वे धर्मशाला के विकास और यहां के युवाओं के भविष्य के प्रति तनिक भी गंभीर हैं, तो केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए निर्धारित 30 करोड़ की राशि को सरकार ने अब तक क्यों दबा रखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह धनराशि जारी न करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सुक्खू सरकार धर्मशाला की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को राजनीतिक द्वेष के चलते बाधित कर रही है। पूर्व मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस को धर्मशाला के विकास की याद आने लगी है, जबकि



पिछले कार्यकाल के दौरान सरकार ने केवल बजट रोकने और पुरानी योजनाओं को ठप करने का ही काम किया है। कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने से पहले दी गई 10 गारंटियों की तरह ही यह मैनीफेस्टो भी एक छलावा मात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा विकास के ठोस प्रमाण और सेवा के संकल्प के साथ जनता के बीच जाएगी, क्योंकि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के गुमराह करने वाले विज्ञापनों और झूठी घोषणाओं से ऊब चुकी है।

## चंडीगढ़ में आज सजेगा हिमाचली संस्कृति का उत्सव

### वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गनाइजेशन आयोजित करेगा 'प्रथम वार्षिक उत्सव न्यूंदर-2026'

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गनाइजेशन द्वारा 16 मई 2026 (शनिवार) को प्रथम वार्षिक उत्सव न्यूंदर-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सेक्टर-36 स्थित एमसीएमडीएवी कॉलेज, चंडीगढ़ में शाम 5 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल कविंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं अनुराग ठाकुर (सांसद, हमीरपुर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इनके अतिरिक्त राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा तथा सांसद कांगड़ा-चंबा डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन आशा



चंडीगढ़ में होने वाले उत्सव की जानकारी देते आयोजक। अनंत ज्ञान

जसवाल और अध्यक्ष अमित राणा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश-विदेश में बसे हिमाचलियों को एक मंच पर जोडना तथा युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, परंपराओं और जड़ों से परिचित करवाना है।

कार्यक्रम के दौरान हिमाचली संस्कृति की विविध रंगत देखने को मिलेगी। समारोह का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध लोक गायक करनैल राणा की प्रस्तुति होगी, जो अपने लोकप्रिय हिमाचली लोकगीतों से समां बांधेंगे। साथ ही पारंपरिक हिमाचली नाटी एवं झमाकड़ा की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

- **राज्यपाल कविंद्र गुप्ता होंगे मुख्य अतिथि**
- **सांसद अनुराग ठाकुर सहित कई गणमान्य हस्तियां रहेंगी उपस्थित**

कार्यक्रम में हिमाचली व्यंजनों धाम का विशेष प्रबंध किया गया है, जहां आने वाले लोग पारंपरिक स्वाद का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा हिमाचल के गौरवशाली इतिहास, लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक धरोहर पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बरोहा और बडू में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत औद्योगिक क्षेत्र के 11केवी फीडर की मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 17 मई को बरोह, औद्योगिक क्षेत्र, बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू, मोहीं, चोपड़ा कॉलोनी, कथाल, जमली और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### स्वयंसेवकों ने संवारा जाहू स्कूल परिसर

**अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने एक दिवसीय शिविर के दौरान स्कूल परिसर की साफ-सफाई कर उसे सुंदर व आकर्षक बनाया। स्वयंसेवकों ने एनएसएस वाटिका व क्यारियों की सफाई के साथ अस्पताल सड़क के आसपास उगी घास और खरपतवार को हटाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समाज सेवा की भावना व्यक्ति को अच्छा समाजसेवी बनाती है। उन्होंने छात्रों से सामाजिक सरोकारों और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला समन्वयक राम लाल ने बताया कि स्कूल के स्वयंसेवक लगातार बेहतर कार्य कर राज्य स्तर तक पहचान बना रहे हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सुजानपुर में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को किया याद



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर सुजानपुर अस्पताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीएमओ डॉ. राज कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. राजन, डॉ. आदित्य, मैट्रन सुजाता रानी, वार्ड सिस्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, सीएचओ तथा अन्य अस्पताल कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। स्टाफ नर्सों ने बताया कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दुनिया की पहली नर्स माना जाता है। उनका जन्म 12 मई 1820 को इटली में हुआ था। उनकी स्मृति में हर वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में नर्सिंग सेवाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### भोरंज उपमंडल में 4 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पंचायत चुनावों को लेकर नामांकन वापस लेने के अंतिम दिन



कई वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। ग्राम पंचायत कक्कड़ के वार्ड नंबर-1 फगलोट से त्रिलोक चंद निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने गए हैं। ग्राम पंचायत धमरोल के वार्ड नंबर-11 से विश्वनाथ शर्मा तथा गांव सासन के वार्ड नंबर-06 से सुनीता देवी भी वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने गए। वहीं ग्राम पंचायत अमरोह के वार्ड नंबर-5 से सीतला देवी निर्विरोध चुनी गईं। सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वार्डों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक योजनाएं तैयार की जाएंगी।

### नप चुनावों में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर के चुनाव में अब कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं, ऐसे में प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है और विकास कार्य करवाने के वादों के साथ मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के नेता अपने-अपने समर्थित उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के पोस्टरों में मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक की तस्वीर को प्रमुखता दी गई है, जबकि भाजपा प्रत्याशियों ने अपने पोस्टरों में किसी भी नेता की फोटो शामिल नहीं की है। हालांकि चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं हो रहे हैं, फिर भी दोनों दल अपने समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटे हैं। नगर परिषद के 9 वार्डों में कुल 29 प्रत्याशी मैदान में हैं। वार्ड नंबर 1 और 7 में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है, जबकि वार्ड नंबर 9 में भाजपा का मुकाबला एक आजाद प्रत्याशी से होगा। प्रत्याशी घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगे हुए हैं।

### दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले की दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 16 तारीख को डिग्री कॉलेज खेल मैदान में शुरू होगी। जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष पंकज भारतीय ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 1500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें पुरुष, महिला, बालक व बालिका वर्ग सहित अंडर-20, अंडर-18, अंडर-16, अंडर-14, अंडर-12, अंडर-10 और अंडर-8 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं होंगी। 60 मीटर से लेकर 5000 मीटर दौड़, लंबी कूद, त्रिकूद, ऊंची कूद, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो जैसी स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व ओलंपियन दिव्या मुख्य अतिथि होंगी। विजेता खिलाड़ियों का चयन प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

### बुंगा मंदिर में 17-18 मई को सजेगा मेला

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत अमरोहा स्थित बुंगा मंदिर में 17 और 18 मई को दो दिवसीय सामूहिक मेले का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों में मेले को लेकर उत्साह बना हुआ है। मंदिर कमेटी के प्रधान जगदेव ने बताया कि मेले का उद्घाटन सूबेदार प्रकाश चंद मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। मेले में धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। साथ ही स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन करेंगे। मंदिर कमेटी ने मेले की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं तथा बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। समिति ने लोगों से मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# मेडिकल कॉलेज की आई ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइनें

## ऑप्टोमेट्रिस्ट की कमी से जांच सेवाएं हुईं प्रभावित, घंटों करना पड़ रहा इंतजार

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** डॉ राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में लोगों को सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन कई ओपीडी के बाहर लाइन में लग कर काफी देर बार नंबर आने से मरीज परेशान हैं। आपातकालीन सेवाओं के साथ ही आई को चैक करने वाले डॉक्टर बैठते हैं। जिसके बाहर कोई भी ऐसा नहीं है कि मरीजों की भीड़ न हो।

हालात यह हैं कि आई साइट चैक करवाने के लिए कई बार इतनी भीड़ हो जाती है कि अन्य लोगों या मरीजों से यहां से गुजरने में दिक्कत झेलनी पड़ती है। आई ओपीडी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन ओपीडी के साथ आई साइट करने वाले कमरे में अकसर भीड़ रहती है। इसका मुख्य कारण है कि ऑप्टोमेट्रिस्ट की कमी। डॉक्टरों के पास



आई ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की लाइनें। अनंत ज्ञान

तो मरीज आसानी से आंखें चैक करवा लेते हैं लेकिन सबसे अधिक समय ऑप्टोमेट्रिस्ट के पास लगता है।

गौर रहे कि आंखों से संबंधित बीमारियों से ग्रसित मरीज जांच के लिए अस्पताल आते हैं। उनकी जांच करने के बाद ही इलाज की सलाह दी जाती है। यदि किसी का ऑपरेशन होना है तो उसका ऑपरेशन भी किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ऑप्टोमेट्रिस्ट के पदों की बात करें तो यहां पर सात पद रेगुलर हैं, लेकिन वर्तमान में एक ही ऑप्टोमेट्रिस्ट कार्यरत है। पिछले कुछ सालों में तीन ऑप्टोमेट्रिस्ट सेवानिवृत हुए हैं उनके स्थान पर किसी भी ऑप्टोमेट्रिस्ट की तैनाती नहीं की गई है। ऑप्टोमेट्रिस्ट मुख्यत: आंखों का परीक्षण, चश्मा या अन्य जांच करते है। मेडिकल कॉलेज में एक ही ऑप्टोमेट्रिस्ट होने के कारण मरीजों का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यहां पर एक अनुबंध के आधार पर भी एक ऑप्टोमेट्रिस्ट तो रखा गया है, लेकिन यदि एक ही ऑप्टोमेट्रिस्ट उपस्थित हो तो उसके लिए मरीजों को चैक करना मुश्किल हो जाता है।

इस बारे में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के स्वास्थ्य अधिक्षक डॉ देशराज शर्मा ने बताया कि इस बारे में पता किया जाएगा कि ऑप्टोमेट्रिस्ट के कितने पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि इसके बारे में उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी।

अनंत ज्ञान मुद्दा

# सुजानपुर और भोटा में थम गया चुनाव प्रचार, मतदान कल

अनंत ज्ञान

- सुजानपुर में 5804 और भोटा में 1162 मतदाता चुनेंगे जनप्रतिनिधि

**हमीरपुर।** नगर परिषद सुजानपुर और नगर पंचायत भोटा में शुक्रवार को 3 बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अब इन दोनों शहरी निकाय क्षेत्रों में 17 मई सायं 3 बजे तक किसी भी तरह की चुनावी जनसभा, जुलूस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, टीवी-सिनेमा शो और सार्वजनिक बैठकों इत्यादि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इन दोनों शहरी निकाय क्षेत्रों में 17 मई को सुबह 7 बजे से सायं 3 बजे तक मतदान होगा और इसके तुरंत बाद मतगणना आरंभ कर दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान और मतगणना की प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद सुजानपुर के 9 वार्डों में कुल 5804 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उधर, नगर पंचायत भोटा के 7 वार्डों में 1162 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से मतदान में भाग लेने तथा इस प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

अतिरिक्त जानकारी के अनुसार प्रशासन ने संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई गई है तथा सभी बूथों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड और निगरानी टीमें सक्रिय रहेंगी। मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात व्यवस्था भी सुचारु रखी जाएगी।

# पंचायत चुनावों में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रचार हुआ तेज

अनंत ज्ञान

- चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण करने के 105 पुरुष व 15 महिला पीठासीन अधिकारी नियुक्त
- 307 पुरुष और 50 महिला मतदान अधिकारियों की भी की गई नियुक्ति
- आज भोरंज स्कूल में होगा पीठासीन, मतदान अधिकरियों का पहला पूर्वाभ्यास

**जाहू।** जाहू। पंचायती राज संस्थानों के चुनावों में उम्मीदवारों के नाम वापिस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। उम्मीदवारों ने अपने चुनाव चिन्ह के साथ सोशल मीडिया पर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, वहीं गांव-गांव जाकर मतदाताओं से संपर्क साधा जा रहा है।

भोरंज ब्लॉक में कुल 44 ग्राम पंचायतें हैं, जहां तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को मतदान होना निर्धारित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए महिला एवं पुरुष कर्मचारियों सहित कुल 477 कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इनमें 105 पुरुष और 15 महिला कर्मचारियों को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि 307 पुरुष और 50 महिला कर्मचारियों को मतदान अधिकारी बनाया गया है।

सभी कर्मचारियों का तीन चरणों में पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा। पहला पूर्वाभ्यास 16 मई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में आयोजित होगा, जबकि दूसरा 20 मई और अंतिम पूर्वाभ्यास 24 मई को होगा। इसी दिन पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा द्वारा कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मतगणना और चुनावी नियमों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सकें। प्रशासन ने सभी पंचायतों में आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। वहीं उम्मीदवारों और समर्थकों में चुनावों को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां लगातार तेज होती जा रही हैं।

# दो वाहनों में भिड़ंत, 4 लोग घायल

## डांग कवाली-हीरानगर मार्ग पर तेज रफ्तार से टकराए दोनों वाहन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** डांग कवाली के पास हीरानगर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर शाम करीब 5 बजे दो गाड़ियों की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें चार लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक वाहन ऊपर की दिशा से आ रहा था, जबकि दूसरा वाहन उसी क्षेत्र के आसपास से निकल रहा था। टक्कर के समय सड़क पर स्थिति अचानक बिगड़ गई और दोनों वाहन आपस में भिड़ गए।

घटनास्थल के आसपास एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट, एडीसी और एसडीएम के आवास तथा वन विभाग के कार्यालय स्थित हैं, जिसके कारण यह क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पहले भी कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। लोगों ने बताया कि सड़क के दोनों ओर अक्सर वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। ट्रैफिक पुलिस कभी-कभार चालान की औपचारिक कार्रवाई करती है, लेकिन स्थायी व्यवस्था बनाने में लापरवाही बरती जाती है।

डांग कवाली-हीरानगर मार्ग पर स्थित मोड़ और आसपास के रेस्टोरेंट भी समस्या को और गंभीर बनाते हैं, जहां वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से सड़क और अधिक तंग हो जाती है। हल्की कर्व होने के कारण यहां पहले भी छोटी-बड़ी घटनाएं होती रही हैं। स्थानीय लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि इस मार्ग पर स्थायी ट्रैफिक नियंत्रण और पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।



### गलत पार्क गाड़ियों के होंगे चालान: एसपी

**एसपी** बलवीर सिंह का कहना है कि इस पर अब और ध्यान देने की जरूरत है। जहां-जहां भी गलत तरीके से गाड़ियां पार्क होंगी, उन्हें हटाया जाएगा। चालान किए जाएंगे, व्यवस्था निश्चित रूप में बनाई जाएगी।

# डेंगू और मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों पर की विशेष चर्चा

अनंत ज्ञान

- हमीरपुर में सीएमओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ अजय अत्री की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमे जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ पारस और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा पटियाल और सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना एवं सम्प्रेषण अधिकारी सुनील रांगडा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार, ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय अत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जो बच्चे छूट रहे हैं उनको भी टीकाकरण करना सुनिश्चित किया जाये ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाये, जितनी भी गर्भवती महिलाएं हैं उनका पंजीकरण अति शीघ्र किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि एचबीएनसी (होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर) के तहत आशा कार्यकर्ता नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए घर पर सात बार दौरा करती हैं और आवश्यक सेवाएं प्रदान करती हैं। इन दौरों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करें और कहा की महिलाओं और बच्चों में एनीमिया और पोषण की तरफ ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आरबी, एसके की टीमें स्कूलों व आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य का निरीक्षण करती हैं और उस दौरान जो बच्चे अनीमिया से ग्रसित पाए जाते हैं। उन्हें जांच के लिए आगे भेजें और बच्चों को नजर दोष, ऊंचा सुनाई देना और दांत संबंधी समस्याओं के ऊपर विशेष ध्यान दें और बताया की कुष्ठरोग, तम्बाकू मुक्त हिमाचल, क्षय रोग, मुस्कान योजना, हिमकेयर योजना, आयुष्मान योजना, माहवारी के दौरान स्वच्छता, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, 28 जून को आने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस को सुचारू रूप से खंड स्तर पर तैयारियां शुरू कर दें।

# नपं भोटा के वार्ड नंबर 2 में सबसे रोचक मुकाबला

**अनंत ज्ञान, संजीव, भोटा।** भोटा नगर पंचायत में वार्ड नंबर 6 में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार बलदेव उर्फ काका तो दूसरी ओर भूतपूर्व सैनिक मुख्तियार सिंह मैदान में है जो कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार हैं। बलदेव पहले भी इसी वार्ड मे दो बार पार्षद रह चुके हैं और अब तीसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दूसरी और भूत पूर्व सैनिक मुख्तार सिंह पहले भी इसी वार्ड से चुनाव हार चुके हैं लेकिन अब दूसरी बार इसी वार्ड में लड़ रहे हैं। भाजपा ने इनके ऊपर दाव खेला है। दोनों का वार्ड में अच्छा खासा दबदबा माना जा रहा है वहीं इसका फैसला रविवार शाम 3 बजे हो जाएगा। वहीं वार्ड नंबर दो से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अश्वनी सोनी तो उनके सामने भोटा व्यापार मंडल के मौजूदा प्रधान सनी शर्मा जिनके परिवार कांग्रेस से संबंधित माना जाता है। इनके बीच मुकाबला रोचक माना जा रहा है। इस वार्ड में केवल पार्षद का चुनाव नहीं रह गया है बल्कि सीधे तौर पर नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी का मुकाबला बन चुका है क्योंकि इस बार अध्यक्ष पद की सीट पर सामान्य वर्ग का उम्मीदवार चुना जाएगा। माना जा रहा है कि यदि व्यापार मंडल एवं कांग्रेस परिवार से संबंध रखने वाले उम्मीदवार जीत हासिल करता है तो अध्यक्ष पद की दौड़ में वही सबसे मजबूत दावेदार होगा और यदि भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीत दर्ज करता है तो अध्यक्ष पद की कुर्सी उसी के खाते में जा सकती है। इसलिए वार्ड नंबर दो का मुकाबला इस चुनाव में सबसे रोचक और हॉट माना जा रहा है यहां पर व्यापार मंडल एवं कांग्रेस परिवार से संबंध रखने वाले उम्मीदवार और भाजपा समर्थित उम्मीदवार ने सारी ताकत झोंक दी है।

# श्रद्धेय आयुष महाजन की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर, 52 यूनिट रक्त एकत्रित

अनंत ज्ञान



रक्तदान शिविर के दौरान 52 यूनिट रक्त एकत्रित किया। अनंत ज्ञान

**बड़सर।** शिव मंदिर चकमोह में श्रद्धेय आयुष महाजन पुत्र राजेश महाजन की पावन स्मृति में उनके जन्मदिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस सेवा कार्य में युवाओं, ग्रामीणों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कुल 52 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री अभिलाष जी उपस्थित रहे।

उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान आयुष महाजन के परिवार की आंखें नम रहीं। उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धेय आयुष महाजन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गांव से विशेष उपस्थिति में पूर्व प्रधान पवन, राकेश मेहर तथा विपिन बिहारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वहीं आयुष के मित्र शिव व संधू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त चकमोह इकाई के अध्यक्ष साहिल व उनकी पूरी टीम ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में आयुष के पिता राजेश महाजन ने अपने छोटे भाई सोम दत्त का इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करवाने में विशेष योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने हेल्प क्लब के अमित व उनके साथियों तथा युवा नेता आशीष ठाकुर का भी सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने रक्तदाताओं, सहयोगियों तथा उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे सेवा कार्य सफल हो पाते हैं।

# टौणी देवी स्कूल में नारा लेखन और पेंटिंग स्पर्धाओं से गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में आज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को समर्पित दो महत्वपूर्ण गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब, मयूर इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों तथा स्काउट-गाइड इकाई के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

विद्यालय परिसर पूरे दिन जागरूकता, रचनात्मकता और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए 'विषय पर नारा लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, वृक्षारोपण, स्वच्छता, जैव विविधता तथा जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र और प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए।



नारा लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा,नोडल अधिकारी हेम लाल, रेखा देवी, नविता चौहान, स्काउट मास्टर राजेश, गाइड कैप्टन कुसुम लता तथा कविता देवी का विशेष सहयोग रहा। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नक्श प्रथम , पायल द्वितीय,पलक तृतीय सीनियर वर्ग में अंशिका प्रथम, शगुन चौहान द्वितीय, शगुन पठानिया तृतीय जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में साक्षी प्रथम, अक्षिता द्वितीय, पलक तृतीय सीनियर वर्ग में गरिमा प्रथम, भावना द्वितीय, कनिका तृतीय स्थान पर रहे सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### बदारन और झलाण में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 16 मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की काट-छांट के कार्य के चलते पंचायत धनेटा, ग्वालपत्थर, हथोल, बदारन, झलाण, बसारल और कमलाह के गांवों एवं पेयजल योजनाओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि 16 मई को मौसम खराब हुआ तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### जमली धाम में आज मनाएंगे शनि जयंती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शनि जयंती गोशाला परिसर जमली धाम के शनि मंदिर में 16 मई को मनाई जाएगी। ठाकुर द्वारा गोशाला के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि कार्यक्रम में प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक क्षेत्र की खुशहाली के लिए शनि हवन किया जाएगा। झंडा चढ़ाने के बाद जम्मू के शनि भक्त सुरेंद्र पठानिया की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई है।

**जायजा** डीसी ने जिला पुस्तकालय, मेडिकल कॉलेज और रेडक्रॉस लैब का किया निरीक्षण

# बाजार में ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था का किया अवलोकन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने शुक्रवार दोपहर बाद यहां जिला मुख्यालय में विभिन्न संस्थानों के परिसरों और मुख्य बाजार का निरीक्षण करके विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ एडीसी अभिषेक गर्ग भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला पुस्तकालय का निरीक्षण करके वहां युवाओं के लिए उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि इस परिसर में आम पाठकों और विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इस दौरान उन्होंने कई विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। स्कूल शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती और विभाग के अन्य अधिकारियों ने उपायुक्त को पुस्तकालय में प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। इसके बाद कड़ी धूप में भी उपायुक्त मुख्य बाजार से पैदल ही जिला आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचीं। उन्होंने जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के पुराने भवन के परिसर के सदुपयोग और इसके आस-पास पार्किंग इत्यादि की संभावनाओं के बारे में अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल के परिसर में संचालित की जा रही जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की लैब में विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया।



बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था का अवलोकन करते हुए। अनंत ज्ञान

उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव और अन्य अधिकारियों को अस्पताल परिसर के गेट पर रेडक्रॉस लैब में होने वाले टेस्टों तथा इनकी दरें प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस लैब का लाभ उठा सकें तथा रेडक्रॉस सोसाइटी की आय में भी बढ़ोतरी हो सके। उपायुक्त ने मेडिकल कालेज अस्पताल परिसर में ही रेडक्रॉस सोसाइटी की एंबुलैंस के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर मेडिकल कालेज अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. देशराज शर्मा, मेडिकल कालेज के अतिरिक्त निदेशक अवनिंद्र सिंह, कॉलेज के अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव लवकेश शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इसके बाद उपायुक्त ने गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज के परिसर के पास संचालित किए जा रहे नशा निवारण केंद्र का निरीक्षण भी किया तथा यहां उपचाराधीन लोगों से बातचीत भी की। इस अवसर पर कार्यकारी सीएमओ डॉ. अजय अत्री और नशा निवारण केंद्र के संचालकों ने उपायुक्त को यहां उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं से अवगत करवाया।

# गहरी खाई में गिरी कार, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

अनंत ज्ञान



**देशराज कश्यप, धरवाला।** जिला चंबा के मैहला क्षेत्र के कुराह नामक स्थान पर वीरवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। तेज रफ्तार व वाहन से नियंत्रण खोने के चलते एक कार गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।


प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव उलेण, ग्राम पंचायत गांण निवासी बर्फो पुत्र गुरिया अपने गांव के एक बीमार व्यक्ति को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा लेकर गया था। बीमार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद देर रात जब बर्फो और पवन वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी मैहला के कुराह नामक स्थान पर वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस भयावह हादसे में पवन (32) पुत्र जंत, निवासी गांव उलेण, ग्राम पंचायत गांण की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बर्फो घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची व राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। युवा पवन की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मिलनसार और शांत स्वभाव के पवन के निधन से गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठाई है।

# 3150 मतदाता लिखेंगे डलहौजी नप का भविष्य

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह डलहौजी।** नगर परिषद डलहौजी चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्माने लगा है। नौ वार्डों में फैले कुल 3150 मतदाता इस बार उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। इनमें 1656 पुरुष व 1494 महिला मतदाता शामिल हैं।

चुनावी बिगुल बजते ही संभावित प्रत्याशियों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है और वार्डों में विकास, सफाई, पेयजल, पार्किंग व पर्यटन सुविधाओं को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में आरक्षण के अनुसार मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। वार्ड नंबर-एक लोअर बकरोटा महिला (ओपन) के लिए आरक्षित है, जबकि वार्ड-दो लोहाली अनुसूचित जनजाति और वार्ड चार हिंदू लेन अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखा गया है। इसके अलावा कई वार्ड महिला ओपन श्रेणी में आरक्षित होने से महिला नेतृत्व को भी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उधर, चुनावी माहौल के बीच वार्ड नंबर-9 डलहौजी क्लब (बस अड्डा) से आजाद उम्मीदवार जितेंद्र सिंह भी चर्चा में बने हुए हैं।



◆ **चुनावी सरगर्मियां तेज वार्ड नंबर नौ से आजाद उम्मीदवार जितेंद्र मैदान में**

स्थानीय लोगों के बीच शिक्षित, ईमानदार व मेहनती छवि रखने वाले जितेंद्र सिंह विकास के मुद्दों को लेकर मैदान में उतरे हैं। उनका कहना है कि डलहौजी को केवल चुनावी वादों की नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेतृत्व की आवश्यकता है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड नंबर 9 सहित पूरे डलहौजी में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना, युवाओं के लिए अवसर पैदा करना और पर्यटन नगरी की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यदि जनता का समर्थन मिला तो वह हर वर्ग की आवाज बनकर विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगे। नगर परिषद चुनाव को लेकर डलहौजी के बाजारों, चौकों और वार्डों में चर्चाओं का दौर लगातार तेज हो रहा है। आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और अधिक तेज होने की संभावना है, जिससे डलहौजी का राजनीतिक माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगता नजर आ रहा है।

# मतदान दिवस पर रहेगा सवेतन अवकाश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के दृष्टिगत मतदान वाले दिन 26 मई (प्रथम चरण), 28 मई (द्वितीय चरण) तथा 30 मई (तृतीय चरण) को राज्य सरकार द्वारा सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इन तिथियों पर सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि मतदान वाले दिन संबंधित पंचायत क्षेत्रों में स्थित दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी बंद रहेंगे। यह दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए भी सवेतन अवकाश होगा तथा नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा 25 के अंतर्गत भी मान्य होगा। उन्होंने बताया कि राज्य के विभिन्न स्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को संबंधित पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी मतदान प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर विशेष आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# चुनाव चिन्ह मिलते ही महंगाई का वार, अब धीरे धीरे जनता को लगेगा असली झटका: मनीष

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कही गई यह बात कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का असली हमला शुरू होगा अब धीरे-धीरे सच साबित होती दिखाई दे रही है। सामाजिक कार्यकर्ता व 2022 हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने केंद्र की एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अभी तो चुनाव चिन्ह ही मिले हैं व महंगाई का असर धीरे-धीरे जनता के सामने आना शुरू हुआ है, आने वाले दिनों में आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। मनीष सरीन ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस सिलेंडर, सीएनजी और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने साफ कर दिया है कि जनता पर आर्थिक बोझ डालने की तैयारी पहले से थी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी माहौल के दौरान कीमतों को नियंत्रित दिखाया गया, लेकिन जैसे ही राजनीतिक प्रक्रिया आगे बढ़ी, महंगाई ने अपना असली रूप दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी ने हर वर्ग को प्रभावित किया है।



इसका सीधा असर रसोई, परिवहन, खेती-बाड़ी, पर्यटन और छोटे कारोबारों पर पड़ रहा है। सब्जियों से लेकर राशन और निर्माण सामग्री तक हर वस्तु महंगी होती जा रही है। मनीष सरीन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में यह महंगाई किसी बड़े आर्थिक संकट से कम नहीं है। पहाड़ों में हर सामान सड़क मार्ग से पहुंचता है और ईंधन महंगा होने का असर सीधे आम जनता की जेब पर पड़ता है। डलहौजी, चंबा व जनजातीय क्षेत्रों में पहले से बेरोजगारी और आर्थिक दबाव बना हुआ है, ऐसे में यह मूल्य वृद्धि लोगों की कमर तोड़ सकती है। उन्होंने कहा कि टैक्सी ऑपरेटर, होटल कारोबारी, किसान, कर्मचारी, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। पर्यटन आधारित हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर भी इसका गंभीर असर पड़ने की आशंका है।

# चुनाव चिन्ह मिलते ही पंचायतों में तेज हुई चुनावी हलचल

अनंत ज्ञान

**चंबा।** पंचायतीराज चुनावों को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में दिनभर गहमागहमी का माहौल बना रहा।



सुबह से ही विभिन्न पंचायतों से पहुंचे प्रत्याशी और उनके समर्थक चुनाव चिन्ह मिलने का इंतजार करते नजर आए, लेकिन जैसे ही शाम करीब चार बजे चुनाव चिन्हों का आवंटन शुरू हुआ, वैसे ही पूरे परिसर में चुनावी उत्साह और अधिक बढ़ गया। प्रत्याशियों के चेहरों पर आत्मविश्वास साफ दिखाई दे रहा था, जबकि समर्थकों में भी अपने उम्मीदवार के सिंबल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। किसी प्रत्याशी को छाता चुनाव चिन्ह मिला, तो किसी को चाय का कप, वहीं ताला व चाबी, सैनिक और पंखा जैसे चुनाव चिन्ह भी चर्चा का विषय बने रहे। चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशियों ने इसे अपनी नई पहचान बताते हुए चुनाव प्रचार को और तेज करने की तैयारी शुरू कर दी। कई प्रत्याशी कार्यालय परिसर के बाहर समर्थकों के साथ आगामी रणनीति पर चर्चा करते नजर आए, जबकि समर्थकों ने भी गांव-गांव जाकर अपने उम्मीदवार के सिंबल को लोगों तक पहुंचाने की बात कही।

एसडीएम कार्यालय के बाहर देर शाम तक समर्थकों और ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। हर कोई यह जानने को उत्सुक दिखाई दिया कि किस प्रत्याशी को कौन-सा चुनाव चिन्ह मिला है। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान को तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। अब पंचायतों में घर-घर जाकर चुनाव चिन्ह के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचने की कवायद तेज होगी। पंचायतीराज चुनावों में चुनाव चिन्ह केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि प्रत्याशी की पहचान व चुनावी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाता प्रत्याशियों को उनके सिंबल से ही पहचानते हैं। ऐसे में शुक्रवार शाम चुनाव चिन्ह मिलने के साथ ही पंचायतों में चुनावी मुकाबला भी पूरी तरह रोचक हो गया है।

# 25 दिन बाद झुका प्रबंधन, संघर्ष की जीत बैरा सयूल प्रोजेक्ट में दुनी चंद की नौकरी बहाल

अनंत ज्ञान



**चंबा।** बैरा सयूल प्रोजेक्ट में गैर कानूनी तरीके से निकाले गए कामगार दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर पिछले 25 दिनों से जारी संघर्ष आखिरकार सफल हो गया। लगातार धरना-प्रदर्शन और यूनियन की एकजुट लड़ाई के बाद कंपनी प्रबंधन को झुकना पड़ा और दुनी चंद की नौकरी बहाल करने का फैसला लेना पड़ा।

यह लंबा संघर्ष आज उस समय समाप्त हुआ, जब एनएचपीसी प्रबंधन, यूनियन प्रतिनिधियों व श्रम विभाग के बीच हुई वार्ता में सहमति बनी। बैठक में यूनियन सचिव कुशल ठाकुर, कोषाध्यक्ष धर्म चंद, सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर तथा जिला श्रम अधिकारी एवं समझौता अधिकारी अनुराग शर्मा मौजूद रहे। जिला श्रम अधिकारी अनुराग शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी कर्मचारी को इस प्रकार नौकरी से निकालना कानूनी रूप से उचित नहीं है और कंपनी को कामगार की बहाली करनी होगी। श्रम विभाग के हस्तक्षेप व मध्यस्थता के बाद आखिरकार प्रबंधन को यूनियन की मांग स्वीकार करनी पड़ी। इसके बाद यूनियन ने 25 दिनों से जारी धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी। इस मौके पर सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने इसे मजदूरों की एकता, संघर्ष व विश्वास की बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन लंबे समय तक अड़ियल रवैया अपनाए रहा, जबकि यूनियन की मांग पूरी तरह जायज थी। उन्होंने दोहराया कि सीटू हमेशा मजदूरों के शोषण और अधिकारों के हनन के खिलाफ लड़ता आया है और भविष्य में भी मजदूर हितों की लड़ाई जारी रखेगा।

# दस साल भाजपा को मौका मिला, अब चंबा बदलाव चाहता है: विधायक नीरज नैय्यर

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** नगर परिषद चंबा चुनाव को लेकर सियासी माहौल पूरी तरह गर्माता नजर आ रहा है। इसी बीच शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस में सदर विधायक नीरज नैय्यर ने भाजपा पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए जनता से बदलाव के पक्ष में मतदान करने की अपील की।




उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दस वर्षों से नगर परिषद में भाजपा का नेतृत्व रहा, लेकिन अब समय आ गया है कि चंबा की जनता नई सोच, नई कार्यशैली और विकास की नई दिशा को मौका दे। प्रेस वार्ता के दौरान विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता के पास होती है और जनता जब बदलाव का मन बना लेती है, तो परिणाम भी उसी दिशा में जाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चुनाव केवल पार्षद चुनने का चुनाव नहीं है, बल्कि यह शहर के भविष्य, विकास और आने वाले वर्षों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी दबाव, डर या बहकावे में आए बिना अपने विवेक, समझदारी व बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करते हुए मतदान करें। उन्होंने कहा कि चंबा की जागरूक जनता अब केवल नारों और दावों से नहीं, बल्कि धरातल पर हुए कार्यों के आधार पर निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि शहर को ठहराव की राजनीति से बाहर निकालकर विकास और बदलाव की राह पर आगे बढ़ाया जाए। नीरज नैय्यर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता, मजबूती व आत्मविश्वास के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। पार्टी कार्यकर्ता लगातार वार्ड स्तर पर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी हैं व जनसंपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया हैं।

उन्होंने दावा किया कि जनता का रुझान कांग्रेस की ओर स्पष्ट दिखाई दे रहा है और इस बार नगर परिषद में बदलाव की लहर महसूस की जा रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय तक नगर परिषद में रहने के बावजूद शहर की कई मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं देने, शहर की व्यवस्था सुधारने और विकास को गति देने के लिए नई सोच और जवाबदेह नेतृत्व की आवश्यकता है। कांग्रेस इसी सोच और संकल्प के साथ जनता के बीच जा रही है। विधायक ने कहा कि कांग्रेस केवल चुनाव जीतने के उद्देश्य से राजनीति नहीं करती, बल्कि जनता के विश्वास और शहर के विकास को अपनी प्राथमिकता मानती है।

उन्होंने विश्वास जताया कि चंबा की जनता इस बार विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति के पक्ष में मतदान करेगी तथा नगर परिषद में बदलाव का नया अध्याय लिखेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से अभद्रता व धमकी देने का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में महिला सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस थाना महिला चंबा में दर्ज शिकायत के अनुसार एक महिला ने आरोप लगाया है कि दो व्यक्ति उसके घर पहुंचे व उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए आपराधिक बल का प्रयोग किया। इतना ही नहीं, आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने के भी आरोप लगे हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियोग संख्या 17/26 के तहत राजिंदर ब्रह्मचारी व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी आरोपी वहां पहुंचे और उसकी लज्जा भंग करने के इरादे से उसके साथ गलत व्यवहार किया। विरोध करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद महिला थाना चंबा में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी है तथा सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### रजेरा पंचायत में दो वार्डों में निर्विरोध चुनाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** ग्राम पंचायत रजेरा में इस बार पंचायत चुनाव केवल मतदान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि गांव की एकता, भाईचारे व सामाजिक सौहार्द की मिसाल बनकर सामने आए। पंचायत के वार्ड नंबर 6 से भीम सिंह (भोलू) को सर्वसम्मति से निर्विरोध वार्ड सदस्य चुना गया। उनके नाम का समर्थन इस्माइल जी ने किया, जिसके बाद पूरे वार्ड ने बिना किसी विरोध के उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें अपना प्रतिनिधि चुन लिया। वहीं, वार्ड नंबर 7 देहरहुई से इंदु कुमारी पत्नी अमित ठाकुर को भी निर्विरोध वार्ड सदस्य चुना गया। उनके नाम का समर्थन सरोज कुमारी पत्नी अजय ठाकुर ने किया। ग्रामीणों ने एकमत होकर इंदु कुमारी को समर्थन देते हुए यह संदेश दिया कि पंचायत की राजनीति अब टकराव नहीं बल्कि विकास और सहयोग की राह पर आगे बढ़ रही है। दोनों वार्डों में निर्विरोध चुनाव होने से पूरे पंचायत क्षेत्र में उत्साह व खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि गांव की एकजुटता श आपसी विश्वास की बड़ी जीत है। लोगों ने उम्मीद जताई कि नव-निर्वाचित प्रतिनिधि पंचायत में विकास कार्यों को गति देंगे और आम जनता की आवाज बनकर कार्य करेंगे। रजेरा पंचायत में लोकतंत्र के इस शांतिपूर्ण और सकारात्मक स्वरूप की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है।

### चेयर रेस में देवली, बैलून रेस में जगदीश प्रथम

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दादा दादी सम्मान समारोह रहा। हर परिवार का आधार बच्चों को मिले दादा-दादी का प्यार इस विषय के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पाठशाला में पढ़ने वाले सभी बच्चों के दादा-दादी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए। सर्वप्रथम सभी दादा-दादियों का बच्चों द्वारा हार व बैज डलवा कर स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता बच्चों के वयोवृद्ध दादा दादी नाम सिंह, नारो देवी व दिलावर महोम्मद द्वारा की गई। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने दादा-दादी के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, कविता, भाषण व कहानी सुनाई गई। बच्चों की प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा और उनका आनंद लिया। बच्चों के दादा-दादियों के लिए भी इस अवसर पर विशेष प्रतियोगी गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें चेयर रेस, बैलून रेस व कैच द बॉल जैसी गतिविधियां प्रमुख रही। चेयर रेस में देवली देवी, बैलून रेस में जगदीश सिंह प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागिता करने वाले एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी दादा-दादियों को इस अवसर पर उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने दादा दादियों के अनुभवों को सुना व उनके साथ संवाद किया। कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य वर्तमान पीढ़ी को उनके बुजुर्गों और परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्यक्रम कनिष्ठ अध्यापक परवीन कुमार द्वारा बखूबी किया गया।

# समखेतर वार्ड का रावमापा कन्या मंडी बनेगा आदर्श मतदान केंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के 13 वार्डों में होने वाले पार्षद चुनावों के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए कुल 33 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर रुपिंद्र कौर ने दी।

उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 समखेतर स्थित रा.व.मा.पा. कन्या मंडी में बनाए गए मतदान केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां मतदाताओं की सुविधा के लिए क्रेच, फर्स्ट एड किट, ओआरएस और आशा कार्यकर्ता की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। एसडीएम ने बताया कि वार्ड नंबर 1 खलियार में चार मतदान केंद्र, वार्ड नंबर 2 पुरानी मंडी में दो, वार्ड नंबर 3 पड्डल में दो तथा वार्ड नंबर 4 नेला में तीन मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा वार्ड नंबर 5 मंगवाईं और वार्ड नंबर 6 सन्यारड़ में दो-दो मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

वार्ड नंबर 7 तलयाहड़ में चार मतदान केंद्र स्थापित होंगे, जबकि वार्ड नंबर 8 पैलेस कॉलोनी-1 में दो और वार्ड नंबर 9 पैलेस कॉलोनी-2 में तीन मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। वार्ड नंबर 10 सुहड़ा में तीन मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

वहीं] वार्ड नंबर 11 समखेतर में तीन मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 भगवाहन में तीन तथा वार्ड नंबर 13 थनेहड़ा में दो मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# पंचायत चुनावों को लेकर लोगों में दिख रहा उत्साह

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनावों को लेकर छोटा भंगाल व चौहार घाटी में मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्ड सदस्य से लेकर प्रधान, बीडीसी तथा जिला परिषद सदस्य चुनने को लेकर लोग शिक्षित, ईमानदार, जागरूक व सरल स्वभाव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने के पक्ष में हैं। मतदाताओं का कहना है कि पंचायत का नेतृत्व ऐसा व्यक्ति करे जो गांव के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा गरीब जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को समझने वाला हो। छोटा भंगाल घाटी की कोठी कोहड़ पंचायत के चेलरा दी मलाह गांव की 90 वर्षीय झगड़ी देवी ने कहा कि पंचायत प्रधान व सभी सदस्य शिक्षित, ईमानदार व विकास को तरजीह देने वाले होने चाहिए। महिलाओं का सम्मान करने वाला तथा सरकार की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने वाला व्यक्ति ही पंचायत का सही प्रतिनिधि हो सकता है। उन्होंने दोनों घाटियों के लोगों से अच्छे और योग्य उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की।

# नेचर स्टडी कैंप में प्रतिभागियों को बांटे प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा यूथ हॉस्टल डलहौजी में नेचर स्टडी कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में भोंसला मिलिट्री स्कूल, नागपुर के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि राजकोट, गुजरात से 2 तथा औरंगाबाद, महाराष्ट्र से 1 विद्यार्थी ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डीएसपी डलहौजी मयंक शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा अपने प्रेरणादायक संबोधन से विद्यार्थियों को उत्साहित किया। इस अवसर पर देवेंदर शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं वीर वैभव मिश्राने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में कुणाल जोशी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# मेडस्वान क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश में 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं का संचालन कर रही मेडस्वान फाउंडेशन द्वारा कर्मचारियों के उत्साहवर्धन, आपसी समन्वय तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मेडस्वान क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के अंतर्गत सुंदरनगर में रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में कुल्लू, बिलासपुर, मंडी तथा लाहौल की टीमों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे कर्मचारियों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। दिनभर चले तीन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल्लू जिले के चेत सिंह और अमित तथा सरकाघाट के वीरेंद्र को मुकाबले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मंडी क्षेत्र प्रबंधन दल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंडी क्षेत्र प्रबंधक सौरव ठाकुर, आशीष शर्मा तथा राहुल वर्मा के प्रयासों से आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेडस्वान फाउंडेशन के प्रदेश प्रमुख अशोक डैसन भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कर्मचारियों में टीम भावना, आपसी सहयोग तथा मानसिक उत्साह को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा संस्था भविष्य में भी कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक आयोजनों को जारी रखेगी।

अनंत Classifieds

**NAME CHANGE**

I, Kaku Ram S/o Sh. Roshan Lal R/o Raserh, PO Ramerh, Tehsil Dharamshala Distt Kangra HP. Declare that my name in my minor daughter Shagun birth certificate wrongly entered as Kamal. Whereas my correct name is Kaku Ram. All concerned please not.

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0।**
मिसल न0-20/2026
तारीख मरजुआ-27-04-2026
तारीख पेशी- 05-06-2026
Chanchla Devi D/o Sh. Prem Singh R/o Village Dohag P.O. Dohag Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P
**Applicant Vrs General Public** ...*Respondent*
अखवारी ईश्तहार
An application u/s 13 (3) of Birth & Death Registration Act.
Chanchla Devi D/o Sh. Prem Singh R/o Village Dohag P.O. Dohag Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi, H.P ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका जन्म दिनांक 08-07-1966 को हुआ था। लेकिन उसकी जन्म तिथि Gram Panchayat Dhelu के जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर में दर्ज नहीं है। लिहाजा इसे दर्ज करने के आदेश दिये जाये। अतः सर्व साधारण आम जनता को इस अखबारी ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थीन के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनाक 05-06-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता / सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिंनाक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। आज दिनाक 15.05.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी, जोगिन्द्रनगर जिला मण्डी हि.प्र.**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार कांगड़ा तहसील व जिला कांगड़ा।**
मिसल नं0 35/2024
तकसीम हुक्मनामा
तारीख पेशीः 21.05.2026
**जोगिन्दर सिंह बनाम सुखदेव आदि**
**प्रार्थना पत्र तकसीम जैरे धारा 123 हि0 प्र0 भू-अधिनियम बाबत**
**बराए इश्तहार हेतु-** उपरोक्त तकसीम प्रकरण इस अदालत में जैरे समायात है। प्रत्यार्थी जोगिन्दर सिंह पुत्र श्री निक्का राम निवासी गाँव राजल मौजा बलेहड़ तहसील व जिला काँगड़ा हि0 प्र0 को इस अदालत में केस जोगिन्दर सिंह बनाम सुखदेव आदि विचाराधीन है और इस अदालत द्वारा समन जारी किए गए लेकिन उक्त प्रतिवादीगण सुखदेव, देशराज, प्रक्रम सिंह, किकर सिंह, मल्कियत सिंह, विक्रमजीत सिंह, संदीप सिंह, व्यासा देवी, आमरीक सिंह, दलीप सिंह, लज्या देवी, गंजू, रकेश कुमार, भीमा देवी, अमंदीप सिंह, बलजीत कौर, नब्जीत कौर, प्रिया सिंह और शारदा देवी, दलजीत कौर, सुरजीत कौर, सल्कान सिंह, शमशेर सिंह, बलबिन्दर कौर, बलबीर कौर, मनोहर लाल, रकेश कुमार, रामना देवी, कृष्णा देवी, मदन लाल, चुनी देवी, संजीव सिंह, अजीव सिंह, मस्य देवी, श्याम सिंह, सत्या देवी, बीपन कुमार हाजिर न हुए जिससे इस अदालत को पूर्ण विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त प्रतिवादीगण को इत्लाह साधारण तरीके से न हो सकती है। अतः इस इश्तहार द्वारा तामील करवाई जाती है। अतः उपरोक्त फरीकेन को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि असालतन व वकालतन दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे इस अदालत में हाजिर आकर अपना एतराज इस तकसीम बारे पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 14/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया है।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार कांगड़ा तहसील व जिला कांगड़ा।**
मिसल नं0 34/2024
तकसीम हुक्मनामा
तारीख पेशीः 21.05.2026
**जोगिन्दर सिंह बनाम सुखदेव आदि**
**प्रार्थना पत्र तकसीम जैरे धारा 123 हि0 प्र0 भू-अधिनियम बाबत**
**बराए इश्तहार हेतु-** उपरोक्त तकसीम प्रकरण इस अदालत में जैरे समायात है। प्रत्यार्थी जोगिन्दर सिंह पुत्र श्री निक्का राम निवासी गाँव राजल मौजा बलेहड़ तहसील व जिला काँगड़ा हि0 प्र0 को इस अदालत में केस जोगिन्दर सिंह बनाम सुखदेव आदि विचाराधीन है और इस अदालत द्वारा समन जारी किए गए लेकिन उक्त प्रतिबादीगण सुखदेव, देशराज, प्रक्रम सिंह, किकर सिंह, मल्कियत सिंह, विक्रमजीत सिंह, संदीप सिंह, व्यासा देवी, आमरीक सिंह, दलीप सिंह, लज्या देवी, गंजू, रकेश कुमार, भीमा देवी, अमंदीप सिंह, बलजीत कौर, नब्जीत कौर, प्रिया सिंह और शारदा देवी, दलजीत कौर, सुरजीत कौर, सल्कान सिंह, शमशेर सिंह, बलबिन्दर कौर, बलबीर कौर, मनोहर लाल, रकेश कुमार, रामना देवी. कृष्णा देवी, मदन लाल, चुनी देवी, संजीव सिंह, अजीव सिंह, मस्य देवी, श्याम सिंह, सत्या देवी, वीपन कुमार हाजिर न हुए जिससे इस अदालत को पूर्ण विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त प्रतिवादीगण को इत्लाह साधारण तरीके से न हो सकती है। अतः इस इश्तहार द्वारा तामील करवाई जाती है। अतः उपरोक्त फरीकेन को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि असालतन व वकालतन दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे इस अदालत में हाजिर आकर अपना एतराज इस तकसीम बारे पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 14/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया है।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार कांगड़ा तहसील व जिला कांगड़ा।**
मिसल नं0 47/2024
तकसीम हुक्मनामा
तारीख पेशीः 21.05.2026
**मनप्रीत कौर बनाम सुखदेव आदि**
**प्रार्थना पत्र तकसीम जैरे धारा 123 हि0 प्र0 भू-अधिनियम बाबत**
**बराए इश्तहार हेतु-** उपरोक्त तकसीम प्रकरण इस अदालत में जैरे समायात है। प्रत्यार्थी मनप्रीत कौर पुत्री जोगिन्दर सिंह निवासी गाँव राजल मौजा बलेहड़ तहसील व जिला काँगड़ा हि0 प्र0 को इस अदालत में केस मनप्रीत कौर बनाम सुखदेव आदि विचाराधीन है और इस अदालत द्वारा समन जारी किए गए लेकिन उक्त प्रतिवादीगण सुखदेव, देशराज, प्रक्रम सिंह, किकर सिंह, मल्कियत सिंह, विक्रम्जीत सिंह, संदीप सिंह, व्यासा देवी, आमरीक सिंह, दलीप सिंह, लज्या देवी, गंजू, रकेश कुमार, भीमा देवी, अमंदीप सिंह, बलजीत कौर, नव्जीत कौर, प्रिया सिंह और शारदा देवी, दलजीत कौर, सुरजीत कौर, सल्कान सिंह, शमशेर सिंह, बलबिन्दर कौर, बलबीर कौर, मनोहर लाल, रकेश कुमार, रामना देवी. कृष्णा देवी, मदन लाल, चुनी देवी, संजीव सिंह, अजीव सिंह, मस्य देवी, श्याम सिंह, सत्या देवी, निर्मला देवी, राज कुमारी, मीना देवी, वीना देवी, बिमला देवी, प्रमोद सिंह, बुधी सिंह, बिंदु, निर्मला देवी, सुरिन्दरा देवी, गोबिंद सिंह, रघुबीर सिंह, प्रवीन देवी, विक्रमा देवी, रामेश चन्द, प्रीतम चन्द, लाहेश सिंह, वतन सिंह, गुरुवचन सिंह, विपन कुमार, हाजिर न हुए जिससे इस अदालत को पूर्ण विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त प्रतिवादीगण को इत्लाह साधारण तरीके से न हो सकती है। अतः इस इश्तहार द्वारा तामील करवाई जाती है। अतः उपरोक्त फरीकेन को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि असालतन व वकालतन दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे इस अदालत में हाजिर आकर अपना एतराज इस तकसीम बारे पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 14/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया है।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी कांगड़ा**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार कांगड़ा तहसील व जिला कांगड़ा।**
मिसल नं0 48/2024
तकसीम हुक्मनामा
तारीख पेशीः 21.05.2026
**मनप्रीत कौर बनाम सुखदेव आदि**
**प्रार्थना पत्र तकसीम जैरे धारा 123 हि0 प्र0 भू-अधिनियम बाबत**
**बराए इश्तहार हेतु-** उपरोक्त तकसीम प्रकरण इस अदालत में जैरे समायात है। प्रत्यार्थी मनप्रीत कौर पुत्री जोगिन्दर सिंह निवासी गाँव राजल मौजा चुरड तहसील व जिला काँगड़ा हि0 प्र0 को इस अदालत में केस मनप्रीत कौर बनाम सुखदेव आदि विचाराधीन है और इस अदालत द्वारा समन जारी किए गए लेकिन उक्त प्रतिवादीगण सुखदेव, देशराज, प्रक्रम सिंह, किकर सिंह, मल्कियत सिंह, विक्रम्जीत सिंह, संदीप सिंह, व्यासा देवी, आमरीक सिंह, दलीप सिंह, लज्या देवी, गंजू, रकेश कुमार, भीमा देवी, अमंदीप सिंह, बलजीत कौर, नव्जीत कौर, प्रिया सिंह और शारदा देवी, दलजीत कौर, सुरजीत कौर, सल्कान सिंह, शमशेर सिंह, बलविन्दर कौर, बलबीर कौर, भाटिया, दुनीचंद, श्याम सिंह, विदया देवी, सीमा देवी, दया देवी, अंजू बाला, इंद्रा देवी बिंदु बाला, सत्या देवी, अकंता देवी, हीना देवी, देवा देवी हाजिर न हुए जिससे इस अदालत को पूर्ण विश्वास हो चुका है कि उपरोक्त प्रतिवादीगण को इत्लाह साधारण तरीके से न हो सकती है। अतः इस इश्तहार द्वारा तामील करवाई जाती है। अतः उपरोक्त फरीकेन को इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि असालतन व वकालतन दिनांक 21.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे इस अदालत में हाजिर आकर अपना एतराज इस तकसीम बारे पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 14/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी किया गया है।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी कांगड़ा**

**जैसे** उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।

–स्वामी भजनानंद

## संपादकीय

# चिट्टे का बढ़ता संकट

हिमाचल प्रदेश एक गंभीर सामाजिक समस्या से जूझ रहा है। यहां नशे का कारोबार, विशेषकर 'चिट्टा' (हेरोइन) लगातार बढ़ता ही जा रहा है। हर गांव और कस्बे में इस नशे ने अपनी जड़ें फैला ली हैं। आए दिन प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से नशे की बड़ी खेपों की बरामदगी यह संकेत देती है कि यह एक संगठित और गहराई तक फैला हुआ नेटवर्क बन चुका है।

कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के भदरोया में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां मां-बेटे से 41.40 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। यह खेप सिलाई मशीन के स्टैंड के नीचे छिपाकर रखी गई थी। यह घटना झकझोर देने वाली तो है ही साथ ही समाज के उस गिरते स्तर की चेतावनी भी है, जहां पारिवारिक रिश्ते भी नशे के कारोबार की चपेट में आ रहे हैं। यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर ऐसी परिस्थितियां क्यों पैदा हो रही हैं, जहां एक मां और बेटा मिलकर इस घातक धंधे का हिस्सा बन रहे हैं।

चिट्टा एक अत्यंत खतरनाक और तेजी से लत लगाने वाला नशा है। इसकी गिरफ्त में आने के बाद व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ जाता है। यह नशा धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देता है और व्यक्ति को अपराध की ओर धकेल देता है। एक बार इसकी लत लगने के बाद इससे बाहर निकलना बेहद कठिन हो जाता है। यही कारण है कि यह नशा केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक आपदा बन चुका है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। जगह-जगह छापेमारी, गिरफ्तारी और अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने नशा विरोधी जागरूकता अभियान भी तेज किए हैं, ताकि युवाओं को इस जाल से बचाया जा सके। नशे की सूचना देने वालों को प्रोत्साहन राशि देने जैसी योजनाएं भी शुरू की गई हैं, जिससे आम जनता को इस लड़ाई में शामिल किया जा सके।

इसके बावजूद स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि यह कारोबार अब एक संगठित माफिया नेटवर्क के रूप में काम कर रहा है। इस नेटवर्क की जड़ें केवल राज्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अंतरराज्यीय और कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ माना जाता है। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग करके यह गिरोह अपनी गतिविधियों को गुप्त रूप से संचालित करता है। टेलीग्राम चैनल, व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य डिजिटल माध्यम इसके प्रमुख साधन बन चुके हैं।

एक और गंभीर पहलू यह है कि इस समस्या में केवल अपराधी ही नहीं, बल्कि कुछ सामाजिक और आर्थिक कारण भी जुड़े हुए हैं। बेरोजगारी, नशे के प्रति बढ़ती जिज्ञासा, गलत संगति और मानसिक तनाव युवाओं को इस दिशा में धकेल रहे हैं। कई युवा शुरुआत में इसे केवल मनोरंजन या जिज्ञासा के रूप में लेते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह उनकी आदत बन जाती है और फिर जीवन का हिस्सा।

परिवारों की भूमिका भी इस समस्या में महत्वपूर्ण है। कई बार जागरूकता की कमी या आर्थिक दबाव के कारण परिवार के सदस्य भी इस अवैध कारोबार में शामिल हो जाते हैं। भदरोया जैसी घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि नशे का यह जाल अब घरों के भीतर तक पहुंच चुका है। यह स्थिति समाज के लिए अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि जब परिवार ही इस समस्या में शामिल हो जाए, तो सुधार की प्र्रि, या और अधिक कठिन हो जाती है।

इस समस्या से निपटने के लिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। सबसे पहले समाज में नैतिक मूल्यों और जागरूकता को मजबूत करना आवश्यक है। स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी शिक्षा को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे शुरू से ही इसके दुष्परिणामों को समझ सकें। युवाओं को खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और कौशल विकास की ओर प्रेरित करना भी अत्यंत आवश्यक है।

सरकार को भी अपनी नीतियों को और अधिक मजबूत करना होगा। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और समय पर विकास योजनाओं का क्रियान्वयन इस समस्या को अप्रत्यक्ष रूप से कम कर सकता है। जब युवाओं के पास सकारात्मक अवसर होंगे, तो वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहेंगे।

इसके अलावा, साइबर निगरानी और तकनीकी साधनों का उपयोग और अधिक प्रभावी तरीके से किया जाना चाहिए। एक विशेष एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन, जिसमें पुलिस, साइबर विशेषज्ञ और खुफिया एजेंसियां शामिल हों, इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चल रहे अवैध नेटवर्क पर लगातार निगरानी आवश्यक है। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यदि कोई व्यक्ति अपने आसपास नशे से जुड़ी गतिविधि देखता है, तो उसे तुरंत प्रशासन को सूचित करना चाहिए। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इस लड़ाई में भागीदार बने।

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध साहित्यकार

**गुलशेर खां शानी** हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, उपन्यासकार और संपादक थे। उनका जन्म 16 मई 1933 को जगदलपुर में हुआ था।



गुलशेर खां शानी
**जन्म :** 16 मई, 1933
**मृत्यु :** 10 फरवरी, 1995

वे साहित्य जगत में 'शानी' नाम से प्रसिद्ध हुए। सीमित औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद वे हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी भाषा के अच्छे जानकार थे। उन्होंने बस्तर के आदिवासी जीवन, सामाजिक संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं को अपनी रचनाओं में प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शानी ने मध्य प्रदेश साहित्य परिषद के सचिव और साहित्यिक पत्रिका 'साक्षात्कार' के संस्थापक-संपादक के रूप में कार्य किया। बाद में वे साहित्य अकादमी की पत्रिका 'समकालीन भारतीय साहित्य' के संस्थापक संपादक भी बने। कुछ समय तक उन्होंने नवभारत टाइम्स में सहायक संपादक के रूप में भी कार्य किया। उनकी प्रमुख कृतियों में 'काला जल', 'सांप और सीढ़ी', 'फूल तोड़ना मना है' तथा 'एक लड़की की डायरी' शामिल हैं। उनका प्रसिद्ध यात्रावृत्त 'शालवनों का द्वीप' बस्तर के आदिवासी जीवन का अत्यंत जीवंत चित्र प्रस्तुत करता है। उनकी रचनाओं का अनुवाद अनेक भारतीय और विदेशी भाषाओं में हुआ। शानी को 'शिखर सम्मान' सहित कई प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया। 10 फरवरी 1995 को उनका निधन हो गया, लेकिन हिंदी साहित्य में उनका योगदान आज भी अमूल्य माना जाता है। ■



कविता

### तिरंगा भक्त महान

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव (मंडी)175018

**जय** हिंद का सैल्यूट हैं करते खादी और खाकी,
स्वदेश भेष का है वह ताना बाना,
तिरंगा अपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है जाना पहचाना,
मर मिट गए कई इस पताका की खातिर,
आजादी दिलाने वाला वह क्रांतिकारियों का जमाना,
न लटकाओ-बांधो राजनीतिक झंडा माफिक इसे,
ऊपर फहराओ राष्ट्र ध्वज अपना ऊंचा,
रखो सदा साफ स्वच्छ इसे मन में रखो सम्मान,
देशभक्ति का है संचार, भारतवासियों का है यह स्वाभिमान,
शहीद हैं होते समझ तिरंगे की आन बान और शान,
वह तिरंगा भक्त है महान, वह तिरंगा भक्त है महान।

# पेपर लीक पर लगाम : कानून से ज्यादा क्रियान्वयन जरूरी

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों, संघर्ष और भविष्य से जुड़ी हुई हैं। एक छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करता है, परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से उसका सहयोग करता है, लेकिन जब किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाता है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था पर से युवाओं का विश्वास भी कमजोर पड़ जाता है।



**विशाल कल्याण**
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, सोलन

इसी समस्या को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 लागू किया, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक परीक्षाओं में गड़बड़ी, पेपर लीक और नकल माफिया के खिलाफ कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका प्रभावी और निष्पक्ष क्रियान्वयन सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

पेपर लीक की समस्या आज एक संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। इसमें केवल कुछ छात्र ही नहीं, बल्कि कई बार कोचिंग सेंटर, प्रिंटिंग प्रेस, तकनीकी विशेषज्ञ, बिचौलिए और कुछ भ्रष्ट अधिकारी भी शामिल पाए जाते हैं। यह पूरा नेटवर्क परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्रों को लाखों रुपये में बेच देता है। बेरोजगारी और सीमित सरकारी नौकरियों के कारण प्रतियोगिता इतनी बढ़ गई है कि कुछ लोग गलत रास्ता अपनाने लगते हैं।

यही कारण है कि पेपर खरीदने वालों की मांग बनी रहती है और यह अवैध बाजार लगातार फैलता जा रहा है। यदि इस मांग को समाप्त नहीं किया गया तो केवल कानून के सहारे इस समस्या को पूरी तरह समाप्त करना कठिन होगा। पेपर लीक की घटनाओं का एक बड़ा कारण जवाबदेही की कमी भी है। कई मामलों में जांच वर्षों तक चलती रहती है और दोषियों को समय पर सजा नहीं मिल पाती। जब अपराधियों को यह महसूस होता है कि कार्रवाई धीमी है और सजा से बच निकलने की संभावना अधिक है, तब कानून का भय समाप्त हो जाता है। इसलिए सबसे पहले न्याय प्रक्रिया को तेज करना आवश्यक है। पेपर लीक मामलों के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जानी चाहिए, जहां छह महीने के भीतर फैसला सुनाना अनिवार्य हो। दोषियों की संपत्ति जब्त करने, सरकारी नौकरी से आजीवन प्रतिबंध लगाने और संगठित गिरोहों के खिलाफ कठोर आर्थिक कार्रवाई करने से अपराधियों के मन में वास्तविक डर पैदा होगा। आज भी कई परीक्षाओं में प्रश्नपत्रों की छपाई, परिवहन और भंडारण की पुरानी व्यवस्था अपनाई जाती है। जहां मानव हस्तक्षेप अधिक होता है, वहां भ्रष्टाचार और लीक की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह तकनीक आधारित और सुरक्षित बनाना आवश्यक है। प्रश्नपत्रों को डिजिटल एन्क्रिप्शन के माध्यम से सुरक्षित रखा जाना चाहिए और परीक्षा शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाना चाहिए। प्रत्येक एक्सेस का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तुरंत पता लगाया जा सके। इसके साथ ही बायोमेट्रिक सत्यापन, फेस रिकग्निशन और लाइव सीसीटीवी मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग परीक्षा केंद्रों पर अनिवार्य किया जाना चाहिए।




पेपर लीक रोकने के लिए प्रशासनिक सुधार भी आवश्यक हैं। कई बार एक ही विभाग या अधिकारी लंबे समय तक संवेदनशील पदों पर बने रहते हैं, जिससे भ्रष्ट नेटवर्क विकसित हो जाते हैं। इसलिए परीक्षा से जुड़े कर्मचारियों का नियमित स्थानांतरण और रोटेशन होना चाहिए। संवेदनशील कार्यों में शामिल कर्मचारियों की पृष्ठभूमि की जांच भी समय-समय पर की जानी चाहिए। यदि किसी परीक्षा में बार-बार गड़बड़ी होती है तो केवल छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। जवाबदेही तय होने से संस्थागत सुधार को बढ़ावा मिलेगा। कोचिंग माफिया पर नियंत्रण भी अत्यंत आवश्यक है।

पेपर लीक केवल परीक्षा व्यवस्था की कमजोरी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य और देश की प्रतिभा पर सीधा हमला है। आज सोशल मीडिया, टेलीग्राम चैनल और कुछ कोचिंग संस्थानों के माध्यम से यह अवैध नेटवर्क तेजी से फैल रहा है, जिससे मेहनती छात्रों का विश्वास टूटता है। इसलिए सरकार को तकनीकी सुरक्षा, साइबर निगरानी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। फर्जी कोचिंग संस्थानों की जांच, ऑनलाइन नेटवर्क पर निगरानी और त्वरित न्याय व्यवस्था इस समस्या को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

यह केवल कानूनी नहीं, बल्कि नैतिकता का भी प्रश्न है। युवाओं में ईमानदार प्रतिस्पर्धा और नैतिक मूल्यों को मजबूत करना आवश्यक है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, समय पर परीक्षाएं और शीघ्र परिणाम भी युवाओं का विश्वास बढ़ाएंगे। जब सरकार, समाज, परीक्षा एजेंसियां और युवा मिलकर ईमानदारी से प्रयास करेंगे, तभी पेपर लीक समस्या पर स्थायी नियंत्रण संभव होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कैसा हो गांव का प्रधान : जो भेदभाव नहीं, विकास और समानता की राजनीति करे

ग्राम पंचायत किसी भी गांव की रीढ़ होती है, और पंचायत का प्रधान उस रीढ़ की ताकत। प्रधान केवल एक पद नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों, विश्वास और विकास की जिम्मेदारी का नाम है। गांव की उन्नति, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का सीधा संबंध प्रधान की कार्यशैली और सोच से होता है। इसलिए प्रधान का सही होना पूरे गांव का भविष्य तय करता है।



**सतीश शर्मा**
सजाजसेवी, पंचरुखी, जिला कांगड़ा

एक आदर्श प्रधान वही है जो ईमानदार और पारदर्शी हो, जिसका चरित्र साफ हो, जो पंचायत के धन का दुरुपयोग न करे और हर विकास कार्य का हिसाब जनता के सामने रखे। प्रधान का उद्देश्य केवल कुर्सी पर बैठना नहीं, बल्कि गांव की सेवा और लोगों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। प्रधान में नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए, ताकि वह पूरे गांव को साथ लेकर चल सके, युवाओं को प्रेरित कर सके और पंचायत की टीम को एकजुट कर विकास कार्यों को गति दे सके। प्रधान ऐसा हो जो योजनाओं को कागजों तक सीमित न रखे, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर वास्तविक लाभ जनता तक पहुंचाए।

आज के समय में प्रधान को कंप्यूटर और डिजिटल कार्यों का ज्ञान होना भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अधिकतर सरकारी योजनाएं, रिकॉर्ड, प्रमाण पत्र, ऑनलाइन आवेदन और सरकारी पोर्टल अब डिजिटल माध्यम से ही संचालित होते हैं। तकनीकी जानकारी वाला प्रधान गांव की जनता को समय पर सुविधा दिला सकता है और कार्यालयों के चक्कर कटने से बचा सकता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधान में जातिवाद, परिवारवाद और क्षेत्रवाद जैसी संकीर्ण सोच बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। प्रधान किसी जाति, धर्म, पार्टी या रिश्तेदारी का नहीं, बल्कि पूरे गांव का प्रतिनिधि होता है। वह सबको समान समझे, हर घर की पीड़ा सुने और बिना भेदभाव के न्याय करे। गांव का विकास तभी संभव है जब पंचायत में समानता और एकता का वातावरण हो। प्रधान को सरकार की योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए-जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, स्वास्थ्य योजनाएं, स्वच्छता अभियान और ग्रामीण विकास योजनाएं, क्योंकि योजनाएं तभी सफल होती हैं जब उनका लाभ सही पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। प्रधान की जिम्मेदारी है कि कोई गरीब, मजदूर, बुजुर्ग या जरूरतमंद व्यक्ति अपने अधिकार से वंचित न रहे।




विशेष रूप से प्रधान को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बीपीएल सूची में वास्तव में जरूरतमंद और पात्र परिवारों को शामिल किया जाए, और जो अपात्र हैं उन्हें हटाया जाए, ताकि सरकारी सहायता सही हाथों तक पहुंचे और गरीब का हक कोई दबा न सके। एक सफल ग्राम पंचायत प्रधान वही होता है जो मेहनती, ईमानदार, सक्रिय और जनता से जुड़ा हुआ हो। प्रधान केवल आदेश देने वाला नहीं, बल्कि गांव की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करवाने वाला होना चाहिए। उसका व्यवहार विनम्र हो, संवाद मजबूत हो और वह हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़ा रहे। एक दूरदर्शी प्रधान गांव के विकास के लिए सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट, खेल मैदान, कम्युनिटी हॉल, लाइब्रेरी और अन्य जनहित सुविधाओं का सपना देखता है और उन्हें पूरा करने का प्रयास करता है।

साथ ही पंचायत को मजबूत बनाने में जनता की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। लोगों को ग्राम सभा और पंचायत बैठकों में भाग लेकर अपनी समस्याएं लिखित रूप में प्रस्तुत करनी चाहिए, ताकि उनका समाधान सरकारी प्रक्रिया में आगे बढ़ सके। जागरूक जनता और कर्मठ प्रधान मिलकर ही आदर्श पंचायत का निर्माण करते हैं। जो प्रधान गांव को अपना परिवार और सेवा को धर्म मानता है, वही विकास की नई मिसाल कायम करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ये नीट भी क्लीन नहीं : पेपर लीक के आरोपों के बीच परीक्षा व्यवस्था कठघरे में

मैं उन बच्चों के बारे में सोचता हूं जिनके मां-बाप ने पैसे नहीं होने के बाद भी बच्चों को पढ़ने भेजा । ऐसे बच्चों की कोई गलती नहीं होती लेकिन पेपर लीक की सजा उन्हें भी मिलती है। भारत में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 एक बार फिर विवादों के घेरे में है। 22 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य से जुड़ी यह परीक्षा कथित पेपर लीक धांधली और अनियमितताओं के आरोपों के कारण रद्द कर दी गई है। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्नपत्र लीक होना एक गंभीर समस्या बन चुका है।



**लकेश चंदेल**
अध्यापक, जिला बिलासपुर

पेपर लीक होने से उन छात्रों का नुकसान होता है जो महीनों-सालों तक कड़ी मेहनत करते हैं। नीट परीक्षा के आयोजन के कुछ दिनों के भीतर ही पेपर लीक की खबरों ने परीक्षा प्रणाली की ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह केवल एक परीक्षा पेपर का लीक होना नहीं है बल्कि यह देश के लाखों युवाओं के सपनों और उनके माता-पिता की मेहनत की गाढ़ी कमाई की बर्बादी है। वर्तमान समय में पेपर लीक के पीछे सबसे बड़ा कारण पैसा है। पेपर बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों ही अनुचित तरीके से नौकरी हासिल करने के लिए इस व्यवसाय को बढ़ावा देते हैं। बार-बार पेपर लीक से परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं की विश्वसनीयता खत्म होती है। पैसा और मेहनत बर्बाद हो जाती है। पेपर लीक का मतलब परीक्षा के शुरू होने से पूर्व ही पेपर के आउट हो जाने से है। जो पेपर परीक्षार्थियों को मिलने वाला होता है उस पेपर को हल करने के लिए परीक्षा से पहले कुछ परीक्षार्थियों को दे दिया जाता है ताकि जिन परीक्षार्थियों को पेपर मिला है वो सभी प्रश्नो को याद करके सफल हो सके। साधारण शब्दों में पेपर लीक तभी कहलाता है जब उसे परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों अथवा परीक्षार्थियों को परिक्षा के शुरू होने से पूर्व परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पूर्व ही मिल जाए। पेपर बेचने वालों के साथ ही पेपर खरीदने वालों के लिए भी सजा सुनिश्चत होनी चाहिए। पेपर लीक कोई त्रुटि न होकर एक व्यवसाय बन गया है। परीक्षा एजेंसियों से जुड़े हुए लोगों द्वारा अपने रिश्तेदारों और मित्रों के अयोग्य बच्चों को नौकरी दिलाने के लिए पेपर लीक के कार्यों को अंजाम दिया जाता है। उदाहरण के लिए नीट में जिस तरह की गड़बड़ियां हुई हैं उससे सवाल उठता है कि लोगों के पास ऐसी क्या मजबूरी है कि उन्हें डॉक्टर ही बनना है। भारत में पेपर लीक एक गंभीर समस्या बन गई है जो लाखों छात्रों के भविष्य और देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाती है। यह सिर्फ एक परीक्षा का पेपर बाहर आना नहीं बल्कि मेधावी छात्रों के सपनों की हत्या और भ्रष्टाचार का प्रतीक है।




परीक्षा प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और सुरक्षित बनाने की आवश्यकता है । सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस पेपर को बचाने के लिए करोड़ों रुपए के तकनीक पर खर्च होते हैं उसे चंद लोग कैसे लीक कर देते हैं। समाज में ऐसे डॉक्टर बना कर भी क्या करना जो पेपर खरीद कर पेपर पास करें। परीक्षा माफिया या पेपर लीक करने वाले गिरोह छात्रों को मोटी रकम लेकर पास कराने का भरोसा देते हैं। पेपर लीक की समस्या भारत में शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बन चुकी है। इस पर लगाम लगाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह न केवल मेहनती छात्रों का मनोबल तोड़ता है बल्कि परीक्षा की विश्वसनीयता को भी खत्म कर देता है।

नीट की तैयारी करने वाले छात्र जबरदस्त मेहनत और समर्पण दिखाते हैं जो उनके डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने के लिए दो-तीन साल तक चलती है। आमतौर पर वे प्रतिदिन 8-10 घंटे पढ़ते हैं जिसमें कोचिंग, स्कूल और सेल्फ-स्टडी शामिल है। दुख तो इस बात का है कि बच्चे इतना कठिन परिश्रम करके इस परीक्षा को देते हैं तथा बाद में पता चलता है कि पेपर लीक हो गया था और परीक्षा रद्द हो जाती है।भविष्य में इस तरह की गतिविधियों को रोकने के लिए कठोर कानून और सजा का प्रावधान करना अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# उपार्जन से उपकार तक : प्रकृति, अनुभव और जीवन का गहरा सत्य

किसी से बात हो रही थी, उम्र 60 के लगभग होगी। कह रहे थे, 'पहले मैं कमाने के लिए काम करता था, अब शरीर को चलाने के लिए काम करता हूं!'

पहले अपने लिए, परिवार के लिए, घर बनाने, बच्चों को पढ़ाने, उनकी शादी करने और बुढ़ापे की पेंशन के लिए कमाना पड़ता था। तब जिम्मेदारियां थीं, इच्छाएं थीं, भविष्य की चिंताएं थीं, लेकिन अब बच्चे अपने घरों में व्यवस्थित हैं, शादियां हो चुकी हैं, घर बन चुके हैं, तो अब मुझे सिर्फ अपना और पत्नी के जीवनयापन के लिए ही देखना पड़ता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, वैसे-वैसे भोजन कम और सरल होता गया। अब तो दो समय का सादा भोजन और दो समय की चाय बस! कितना चाहिए आदमी को आखिर?



**डॉ. दमन आहूजा**
लेखक 'सफलता से सार्थकता तक' के रचयिता हैं

उनकी बात सुनते हुए लगा कि जीवन का असली निचोड़ तो इसी सहज स्वीकार में छुपा हुआ है। तिस पर उनका यह कहना कि शरीर सिर्फ एक ही नियम से स्वस्थ रह सकता है- 'इससे काम लेते रहो और सादा भोजन करते रहो।' कितनी गहरी बात थी यह! आज का मनुष्य आराम को सुख समझ बैठा है, जबकि प्रकृति का नियम है, जो चलता है वही बचता है, जो रुकता है वही जड़ हो जाता है। भारतीय जीवन-दर्शन में पचास की उम्र के बाद वानप्रस्थ की अवधारणा शुरू हो जाती है। अर्थात धीरे-धीरे प्रकृतिमय हो जाना। संसार के केंद्र से हटकर जीवन के सार की ओर लौटना। संग्रह से सरलता की ओर, अधिकार से त्याग की ओर और 'मेरा' से 'सबका' की ओर। क्या आपने कभी किसी पेड़ को कमाते हुए देखा है? सूरज को अपना प्रकाश बचाते हुए देखा है? पक्षियों को अगले दिन के लिए भोजन जमा करते हुए देखा है? प्रकृति में सब कुछ एक शाश्वत नियम के तहत घटित हो रहा है। वहां हर तत्व उपार्जन नहीं, बल्कि व्यय कर रहा है। एक बीज मिट्टी में डालो, धरती उसे हजार गुना करके लौटा देती है। गाय, भैंस, बकरी और ऊंट घास खाकर दूध दे देते हैं। नदियां अपना जल रोके नहीं रखतीं, समुद्र वाष्प बनाकर बादल भेज देता है। गर्मी तपाकर बरखा को जन्म देती है, सर्दी गेहूं, सेब और अनेक खाद्य पदार्थों का पोषण करती है। पतझड़ पत्तों को गिरा देता है ताकि बसंत नई कोपलों को जन्म दे सके। प्रकृति के इस विराट संसार में कोई किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा। कोई यह शिकायत नहीं करता कि दूसरे के फल मुझसे अधिक क्यों हैं। कोई ईर्ष्या नहीं, कोई लालच नहीं, कोई संग्रह की बेचैनी नहीं। सब अपनी प्रकृति के अनुसार उगते हैं, बढ़ते हैं, फलते हैं, खर्च होते हैं और अंततः मिट्टी में मिलकर फिर उसी जीवन-चक्र का हिस्सा बन जाते हैं। न आने का घमंड, न मिट जाने का विलाप। जब जीवन का उद्देश्य ही देना हो, तब स्वयं का व्यक्तिगत लालच बचता ही कहां है? तब मनुष्य समझने लगता है कि इस संसार का नियम सिर्फ उपयोगी बने रहना है। जिस दिन हम वातावरण, समाज, परिवार या किसी और के लिए उपयोगी नहीं रहेंगे, प्रकृति हमें धीरे-धीरे किनारे कर देगी। तभी उन सज्जन की बात और अधिक तार्किक लगी कि अब काम उपार्जन के लिए नहीं, बल्कि शरीर और जीवन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए करना चाहिए। बिना अपेक्षा, बिना प्रशंसा, बिना प्रतिफल की इच्छा के? यदि नहीं करते, तो करके देखिए। किसी की सहायता कीजिए बिना यह चाहे कि वह आपका नाम याद रखे। किसी को प्रेम दीजिए बिना बदले में सम्मान मांगे। किसी का भार हल्का कीजिए बिना अपनी महानता जताए। धीरे-धीरे आप पाएंगे कि भीतर का शोर शांत होने लगा है। इच्छाओं की भीड़ कम होने लगी है। तुलना समाप्त होने लगी है। और मन उसी सहजता की ओर लौट रहा है, जहां प्रकृति सदियों से स्थिर खड़ी है। करके देखिए: आप भी प्रकृति हो जाएंगे। अपार सुख और शांति पाएंगे।



**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### द्रमण के दिव्याशीष आश्रम में लगेंगे शिविर

**अनंत ज्ञान, जयदेवी।** एडवांस न्यू डाइट सिस्टम के मुताबिक नाचन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कुदरत के निकट हल्की ऊंचाई वाले प्राकृतिक सुंदरता बिखेरे गांव द्रमण स्थित दिव्याशीष परम सुख आश्रम में पूर्व की भांति इस बार भी खासतौर पर तीन निशुल्क आवासीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किसी किस्म की फीस नहीं ली जाती और कहीं के भी रोगी यहां तक कि कैंसर पीड़ित लोग भी शामिल हो सकते हैं जिनका रहना -खाना सभी सुविधाएं निशुल्क होंगी। रोगी सेवा कार्य का प्रण लिए आश्रम के प्रमुख (प्रभारी) आनंदी मां व सुरेश मलिक ने शिविरों बारे जानकारी देते हुए बताया कि सभी उम्र के लोगों के लिए पहले दो शिविर जिनमें पहला शिविर 20मई से 25 मई तक दूसरा 2 जून से लेकर 11 जून तक तथा दस साल से बीस साल तक की उम्र वाले बच्चों के लिए तीसरा निशुल्क आवासीय शिविर 14 जून से लेकर 19 जून तक आयोजित किया जाएगा।

### पलाहोटा में धूमधाम से मनाई देव जातर

**अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश में वर्षभर कहीं न कहीं मेले-जातर आयोजित होते रहते हैं। खासकर चैत्र मास से आरंभ होने वाले मेलों, खेल-तमाशों और दंगलों का अपना विशेष महत्व माना जाता है। ज्येष्ठ माह की पावन संक्रांति से शुरू हुए ग्रामीण मेलों में धार्मिक परंपरा के अनुसार देवी-देवताओं को विधिवत न्योता देकर शामिल किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पलाहोटा में आयोजित शुरुआती मेले में धर्मी देव माहूंनाग शामिल हुए। पलाहोटा स्थित देव थहड़े पर विराजमान हुए देव माहूंनाग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।



श्रद्धालुओं ने देवता के समक्ष शीश नवाकर नए अनाज 'कणा' का भोग चढ़ाया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कई खेल-तमाशे भी आयोजित किए गए, जिनका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। श्रद्धालु भिखम राम ने बताया कि देव माहूंनाग के अभी लगभग छह और मेले आयोजित होंगे। शनिवार को गांव अप्पर बैहली, रविवार को समकल, सोमवार को खत्रवाड़ी तथा इसके बाद मैरामसीत और तलवाली गांवों में भी मेलों की धूम रहेगी।

### श्रेष्ठ कक्षा, श्रेष्ठ मॉनिटर पुरस्कार योजना शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कपाही में विद्यार्थियों में अनुशासन, स्वच्छता, नेतृत्व क्षमता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से श्रेष्ठ कक्षा, श्रेष्ठ मॉनिटर एवं श्रेष्ठ सदन मासिक पुरस्कार योजना की शुरुआत की गई। विद्यालय प्रधानाचार्या वीनस मल्होत्रा ने बताया कि प्रत्येक माह कक्षाओं, मॉनिटरों एवं सदनों का मूल्यांकन अनुशासन, स्वच्छता, समय पालन, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी के आधार पर किया जाएगा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा, कक्षा मॉनिटर व कक्षा प्रभारी को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया जाएगा। आज आयोजित प्रार्थना सभा में श्रेष्ठ सदन का पुरस्कार स्वामी विवेकानंद सदन को प्रदान किया गया। सदन प्रभारी प्रोमिला, अनिता कुमारी, अनिल कुमार तथा नन्द लाल रहे, जबकि सदन कप्तान पूनम कुमारी रहीं। श्रेष्ठ मॉनिटर के रूप में सातवीं कक्षा की अवनी, दसवीं की प्रिया तथा जमा दो की सारिका और मोक्ष को सम्मानित किया गया। स्वच्छ व सुंदर प्रतियों के लिए जमा दो की पूनम व सारिका, जमा एक की प्रिया, दसवीं की प्रिया तथा नौवीं की खुशबू को सम्मान मिला। श्रेष्ठ कक्षा का पुरस्कार सातवीं कक्षा तथा जमा एक गणित वर्ग को दिया गया। विद्यार्थियों व अध्यापकों ने विद्यालय की इस नई पहल का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया।

# नगर निगम चुनाव: प्रचार पर लगी ब्रेक

## मतदान केंद्रों के 100 मीटर दायरे में वोट मांगने, मतदाताओं को प्रभावित करने पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आदेश जारी कर 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार पर रोक लगा दी है। इसके तहत मतदान के दिन 17 मई को मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। जारी आदेशों के अनुसार मतदान केंद्र अथवा उसके 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार से वोट मांगना, मतदाताओं को प्रभावित करना, किसी प्रत्याशी के पक्ष या विपक्ष में प्रचार करना, मतदाताओं को मतदान से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा चुनाव संबंधी कोई भी गैर-आधिकारिक पोस्टर, बैनर, नोटिस या संकेतक प्रदर्शित करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।




### उल्लंघन पर अमल में लाई जाएगी कानूनी कार्रवाई

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 तथा अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नगर परिषद सरकाघाट में 17 मई तक ड्राई डे घोषित

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट चुनाव के मद्देनज़र राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के तहत निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम (सिविल) सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने मतदान क्षेत्र में ड्राई डे घोषित करने संबंधी अधिसूचना जारी की है।



जारी अधिसूचना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश नगर परिषद अधिनियम, 1994 की धारा 304-आर के तहत नगर परिषद सरकाघाट के मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई को सायं 3 बजे से लेकर 17 मई को मतदान समाप्ति तक शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण और परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त मतगणना दिवस 17 मई 2026 को भी ड्राई डे प्रभावी रहेगा। आदेशों के तहत होटल, रेस्तरां, बार, ढाबा, क्लब, कैटरिंग हाउस, दुकानों तथा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर किसी भी प्रकार की शराब या अन्य मादक पदार्थों की बिक्री, वितरण अथवा परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगर परिषद अधिनियम, 1994 की धारा 304-आर के अंतर्गत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन एक्ट, 1994 एवं संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व सार्वजनिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश 15 मई को अपराह्न 3 बजे से 17 मई को अपराह्न 3 बजे तक प्रभावी रहेगा।

### गोपालपुर के चार वार्डों में 19 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला परिषद चुनाव के अंतर्गत गोपालपुर खंड के वार्ड नंबर 27-कोट, 28-भांबला, 29-थौना तथा 33-नवाही में सदस्य पद के लिए नामांकन वापसी की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद कुल 20 उम्मीदवारों में से एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। इसके उपरांत शेष 19 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर 28-भांबला से मीरा ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया है। उन्होंने बताया कि अब गोपालपुर खंड के चारों वार्डों से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। अंतिम सूची के अनुसार वार्ड नंबर 27-कोट से रचना देवी, लता देवी ठाकुर एवं सुष्मिता शर्मा चुनाव लड़ेंगी। वार्ड नंबर 28-भांबला से अभिलाशा ठाकुर, कल्पना देवी, राज कुमारी तथा रिंकु प्रत्याशी हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 29-थौना से अनिता देवी, अंजनी देवी, कल्पना कुमारी, मीना, रजनी देवी एवं लक्ष्मी चुनाव मैदान में हैं, जबकि वार्ड नंबर 33-नबाही से परवीन कुमारी, रमन, राजेंद्र सूर्यवंशी, विजय कुमार, श्याम लाल तथा सरसा देवी को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए हैं।

### रियूर के वार्ड नंबर-1 से चंपा निर्विरोध निर्वाचित

**अनंत ज्ञान, गुलशन गुप्ता, रिवालसर।** पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत ग्राम पंचायत रियूर के वार्ड नंबर-1 से चंपा देवी को निर्विरोध वार्ड सदस्य चुन लिया गया है। चंपा देवी के समर्थन में चुनाव मैदान में उतरे तीन अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद उनके निर्विरोध चुने जाने का रास्ता साफ हो गया। जानकारी के अनुसार नामांकन वापसी के दौरान अन्य प्रत्याशियों ने आपसी सहमति और पंचायत में एकजुटता बनाए रखने के उद्देश्य से अपना समर्थन चंपा देवी को दिया। इसके बाद पर्ची डालकर भी सहमति जताई गई। चंपा देवी के निर्विरोध चुने जाने पर उनके समर्थकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि वह वार्ड के विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी और जनता की समस्याओं का समाधान करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।



### छोटा भंगाल और चौहार घाटी में चुनावी तस्वीर हुई साफ

## कई पंचायतों में निर्विरोध चुने वार्ड सदस्य

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** पंचायत चुनावों में नामांकन वापसी के बाद छोटा भंगाल तथा चौहार घाटी की कई पंचायतों में चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। कई पंचायतों में जहां उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला रहेगा वहीं कुछ पंचायतों में वार्ड सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए हैं।

बरोट पंचायत में तैनात रिटर्निंग अधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि बरोट, लपास तथा खलैहल संयुक्त पंचायत के बीडीसी सदस्य पद के लिए थुजी गांव की माया देवी तथा सुनीता देवी ने नामांकन भरा था, लेकिन नाम वापसी के दिन माया देवी ने अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद सुनीता देवी प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी होने पर निर्विरोध बीडीसी सदस्य बन जाएंगी।



खलैहल पंचायत में सर्वसम्मति से चुने गए वार्ड सदस्यों को शपथ पत्र प्रदान करते रिटर्निंग अधिकारी टीएस ठाकुर। अनंत ज्ञान

### कई ग्राम पंचायतों में मुकाबला काफी रोचक

वहीं खलैहल पंचायत में तैनात रिटर्निंग अधिकारी टीएस ठाकुर ने बताया कि पंचायत के पांचों वार्डों में वार्ड सदस्य सर्वसम्मति से चुने गए हैं। इनमें वार्ड नंबर एक खलैहल-एक से नीतू ठाकुर, वार्ड नंबर दो मियोट से सीता देवी, वार्ड नंबर तीन खलैहल-दो से सतपाल सिंह, वार्ड नंबर चार झरवाड़-एक से ऊषा देवी तथा वार्ड नंबर पांच झरवाड़-दो से त्रिलोक चंद शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पंचायत प्रधान पद के लिए सुभाष ठाकुर और जय सिंह लगवाल तथा उपप्रधान पद के लिए भागमल ठाकुर, संजय कुमार और देशराज चुनाव मैदान में हैं। सर्वसम्मति से चुने गए सदस्यों को शपथ पत्र भी सौंपे गए।

## प्रत्याशियों को ऑनलाइन रखना होगा चुनावी खर्च का लेखा-जोखा

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के लिए प्रत्याशियों के चुनावी खर्च के ऑनलाइन लेखा-जोखा को सरल एवं पारदर्शी बनाने हेतु कैंडिडेट एक्सपेंडिचर रिपोर्टिंग सिस्टम (सीईआरएस) मोबाइल एप्लीकेशन शुरू की गई है। यह एप्लीकेशन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट sechimachal.hp.gov.in पर उपलब्ध है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नगर निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को परिणाम घोषित होने तक अपने चुनावी व्यय का दैनिक लेखा-जोखा ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार जिला परिषद सदस्य पद के प्रत्याशियों को भी निर्धारित नियमों के तहत अपने चुनावी खर्च का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में निर्वाचन

### परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र पर देना होगा ब्यौरा

अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि सीईआरएस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन विवरण दर्ज करने के अतिरिक्त प्रत्याशियों को परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर निर्धारित प्रपत्र में अपने चुनावी खर्च का विवरण संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करवाना भी अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए कार्यालय समय के दौरान एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर में नगर परिषद चुनाव ड्यूटी में नियुक्त नोडल अधिकारी (कंप्यूटराइजेशन एवं आईटी) अक्षय कंवर से संपर्क किया जा सकता है। बता दें कि प्रदेश में नगर निकाय के लिए मतदान 17 मई को होगा।

# सरकाघाट नप की लापरवाही से सरकार को करोड़ों का चूना

## नगर परिषद की 26 अनसेफ दुकानों में 5 साल से व्यापारी बिना किराया दिए डटे

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान खास खबर

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट द्वारा असुरक्षित घोषित किए गए शॉपिंग कांप्लेक्स की 26 दुकानों का मामला अब सवालों के घेरे में आ गया है। करीब साढ़े चार साल पहले दुकानों को अनसेफ घोषित कर किराया वसूली बंद कर दी गई थी, लेकिन आज तक अधिकांश दुकानें खाली नहीं हुई हैं। इससे नगर परिषद को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो चुका है।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद को इन दुकानों से पहले हर माह करीब ढाई लाख रुपए किराया प्राप्त होता था। किराया बंद होने से अब तक सरकार को लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिस भूमि पर यह शॉपिंग कांप्लेक्स बना है, वह अभी तक लोक निर्माण विभाग के नाम दर्ज है। बावजूद इसके उस समय नगर परिषद सदन ने दुकानों को अनसेफ घोषित कर किराया माफ करने का प्रस्ताव पारित कर दिया था। अब सवाल उठ रहे हैं कि जब भवन और भूमि संबंधी औपचारिकताएं पूरी नहीं थीं, तो किराया माफी का निर्णय किस आधार पर लिया गया।



### 1992 में बना था शॉपिंग कांप्लेक्स

**मुख्य** बाजार स्थित यह दो मंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स वर्ष 1992 में बनाया गया था। इसी भवन में नगर परिषद कार्यालय भी संचालित होता था। वर्ष 2020 के आसपास भवन को जर्जर बताते हुए नगर परिषद कार्यालय को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया और दुकानदारों को भी दुकानें खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि स्थिति यह है कि भवन को असुरक्षित घोषित किए जाने के बावजूद दुकानदार अभी भी वहीं कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर भवन की छत पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने की अनुमति भी दी जा रही है। इसे लेकर भी लोगों में सवाल उठ रहे हैं कि यदि भवन खतरनाक है, तो उस पर भारी होर्डिंग्स लगाने की मंजूरी कैसे दी जा रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज आंधी या तूफान की स्थिति में इन होर्डिंग्स से खतरा पैदा हो सकता है। इसके बावजूद इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

### क्या कहते हैं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष?

**नगर** परिषद के पूर्व अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने कहा कि भवन की खराब हालत को देखते हुए सदन ने दुकानों को अनसेफ घोषित करने का फैसला लिया था। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को तीन कानूनी नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। चुनाव आचार संहिता के कारण कार्रवाई में देरी हुई, अन्यथा भवन को पहले ही गिरा दिया जाता।

### की जाएगी जांच: ईओ

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि जर्जर भवन पर लगाए गए होर्डिंग्स की जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दुकानदारों से शपथ पत्र लिए गए हैं कि किसी हादसे की स्थिति में जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। उन्होंने कहा कि भूमि नगर परिषद के नाम ट्रांसफर होने और आवश्यक एनओसी मिलने के बाद पुराने भवन को गिराकर वहां नया चार मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। साथ ही दुकानदारों को अंतिम नोटिस जारी करने के बाद दुकानें खाली करवाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सरकाघाट के युवक की झील में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत गोबिंदसागर झील में डूबने से सरकाघाट के एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गगनदीप (32) पुत्र रोशन लाल निवासी गांव गहर, डाकघर घर, तहसील सरकाघाट जिला मंडी के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार गरीब नाथ मंदिर के समीप एक मोटरसाइकिल लावारिस हालत में खड़ी मिली, जिस पर सरकाघाट का नंबर अंकित होने के चलते पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास तलाश करने पर युवक के झील में डूबने की आशंका जताई गई, जिसके बाद पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से सर्च अभियान चलाया गया और बाद में युवक का शव झील से बरामद कर लिया गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान गगनदीप के रूप में की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। एसएचओ बंगाणा रोहित कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है तथा आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# जंगलों का 'लाल काफल' हुआ महंगा

## हर साल मनमर्जी से बढ़ाते हैं दाम, औषधीय गुणों के चलते बढ़ी मांग

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** पहाड़ों में गर्मियों के मौसम की पहचान माना जाने वाला काफल अब आम लोगों की पहुंच से धीरे-धीरे दूर होता जा रहा है। जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगने वाला यह फल इस बार भी बाजार में 400 से 500 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। हैरानी की बात यह है कि इसके उत्पादन में किसी प्रकार की खेती, सिंचाई या विशेष देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, फिर भी हर साल इसके दाम बढ़ते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफल जंगलों से सीधे लाकर बेचा जाता है, लेकिन इसके मूल्य तय करने को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। कई विक्रेता फल तोड़ते समय छोटी-छोटी टहनियां भी काट लाते हैं, जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंच रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मांग कम होने के बावजूद इसके दामों में कोई खास कमी नहीं आई है।



मंडी में काफल बेचता हुआ एक विक्रेता।

आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. लोकेश ठाकुर ने लोगों को काफल इस्तेमाल करने से पहले अच्छी तरह धोने की सलाह दी है। उनका कहना है कि जंगलों से तोड़ते समय यदि स्वच्छता का ध्यान न रखा जाए तो फल पर गंदगी और कीटाणु लग सकते हैं। बाजार में खुले में बिकने के कारण उस पर धूल-मिट्टी भी जम जाती है। ऐसे में सेवन से पहले साफ पानी से अच्छी तरह धोना जरूरी है।

### स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

**काफल** को पोषक तत्वों से भरपूर फल माना जाता है। इसमें विटामिन, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक माने जाते हैं। आयुर्वेद में इसे पाचन संबंधी समस्याओं, शरीर की गर्मी, भूख कम लगना और चक्कर जैसी परेशानियों में उपयोगी बताया गया है। पहाड़ी क्षेत्रों में इसकी चटनी भी काफी पसंद की जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार काफल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण भी पाए जाते हैं, जो मौसमी सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी दिक्कतों में लाभ पहुंचा सकते हैं।

# कई साल से कृषि उपज मंडी धनोटू एवं हाईवे पर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा

## स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से लगाई समस्या के स्थायी समाधान की गुहार

अनंत ज्ञान

**भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** मंडी जिला की प्रमुख विनियमित फल एवं सब्जी उप मंडी धनोटू इन दिनों बेसहारा पशुओं और सांडों की बढ़ती समस्या से जूझ रही है। मंडी परिसर सहित इसके आसपास का क्षेत्र पिछले कई वर्षों से आवारा पशुओं की शरणस्थली बना हुआ है, जिससे राहगीरों, सब्जी उत्पादकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि कृषि उपज मंडी भवन के मुख्य द्वार पर ही कई बेसहारा सांडों ने स्थायी रूप से डेरा जमा रखा है, जिसके कारण मंडी में आने-जाने वाले लोग हर समय भय के साये में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार सांड राहगीरों के पीछे दौड़ पड़ते हैं और सींग मारने का प्रयास करते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं ये पशु प्लास्टिक और अन्य कूड़े-कचरे को खाने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनकी जान पर भी खतरा मंडरा रहा है।

मंडी परिसर और राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास फैली गंदगी से वातावरण दूषित हो रहा है तथा क्षेत्र की बड़ी आबादी प्रदूषण और दुर्गंध की मार झेल रही है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभागों और प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए कई बार गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि बेसहारा गौवंश की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और वाहन दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग उठाई है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों और व्यापारियों को भी इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। लोगोंने मांग की है कि मंडी परिसर से बेसहारा पशुओं को तुरंत हटाया जाए। गौसदनों में पशुओं के उचित प्रबंधन की व्यवस्था हो साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग और मंडी क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए।

### खुशखबरी स्थानीय लोगों की मांग पर एनएचएआई ने लिया संज्ञान, पैदल यात्रियों को मिलेगी राहत

# भौर में अधूरे फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दोबारा शुरू

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर भौर क्षेत्र में लंबे समय से अधूरा पड़ा फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। स्थानीय निवासियों की लगातार उठ रही मांग के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मामले का संज्ञान लेते हुए ब्रिज निर्माण कार्य को गति दे दी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि फोरलेन बनने के बाद भारी यातायात और तेज रफ्तार वाहनों के कारण सड़क पार करना जोखिम भरा हो गया था।

सड़क के बीचों-बीच लगी रेलिंग के चलते लोगों को पैदल आर-पार जाने के लिए करीब एक किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही थी। स्थानीय निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि तेज रफ्तार वाहनों के कारण लोग सड़क पार करने से डरते थे और हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता था। उन्होंने कहा कि अब फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य दोबारा शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है तथा इसके पूरा होते ही पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।



भौर में अधूरे फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य करते मजदूर। अनंत ज्ञान

### कनैड़ के लोगों ने भी उठाई फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग

वहीं, कनैड़ क्षेत्र के लोगों ने भी फुट ओवरब्रिज की मांग जोर-शोर से उठाई है। लोगों का कहना है कि यहां प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक शिक्षण संस्थान मौजूद हैं, जिसके चलते प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों को व्यस्त फोरलेन सड़क पार करनी पड़ती है। अभिभावकों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते यहां सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और एनएचएआई से कनैड क्षेत्र में भी शीघ्र फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठाई है, ताकि बच्चों और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### आरती बनी पीजीआई नर्सिंग स्टाफ की प्रेजिडेंट

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** नगर परिषद संतोषगढ़ की बेटी आरती सैनी ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) नर्सिंग स्टाफ की प्रेजिडेंट बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से संतोषगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और गर्व का माहौल है। आरती सैनी बचपन से ही पढ़ाई में बेहद होनहार व प्रतिभाशाली रही हैं। साधारण किसान परिवार से संबंध रखने वाली आरती ने अपनी मेहनत, लगन व संघर्ष के दम पर यह मुकाम हासिल किया। परिवार की आर्थिक परिस्थितियां सामान्य होने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर आगे बढ़ती रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरती सैनी की सफलता आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने साबित कर दिया कि मेहनत व आत्मविश्वास के बल पर कोई भी व्यक्ति बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। क्षेत्र के लोगों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने आरती सैनी व उनके परिवार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बडैहर स्कूल की एसएमसी की अध्यक्ष बनी शाम कुमारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडैहर में वीरवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान प्रधान पद के लिए शाम कुमारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया, जबकि सुमन वर्मा, केसरी देवी तथा सुषमा देवी को अतिरिक्त सदस्य पदों पर भी सर्वसम्मति से चयनित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान लगभग 70 विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में विद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई तथा अभिभावकों ने विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञान सिंह रायजादा ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### बंगाणा में श्री सत्य साईं बाबा रथ का भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पुट्टापर्थी से निकले पवित्र रथ का बंगाणा पहुंचने पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया। रथ यात्रा के आगमन पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जयकारों, भजन-कीर्तन और फूल-मालाओं के साथ रथ का अभिनंदन किया तथा श्री सत्य साईं बाबा जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने रथ के समक्ष माथा टेककर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली व शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन में मानव सेवा, प्रेम, भाईचारे व आध्यात्मिकता का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उनकी शिक्षाएं आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि बाबा जी का 'मानव सेवा ही माधव सेवा' का संदेश समाज को एकता और मानवता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ मिलकर 'जय श्री सत्य साईं बाबा जी' के जयकारे लगाए और सभी से बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह बना रहा।

### 39 बच्चों का वजन किया, सभी बच्चे पाए स्वस्थ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, अंब।** आंगनबाड़ी केंद्र अंब-5 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोनिका कुमारी द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के तहत उनकी लंबाई के अनुसार वजन किया गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर महिलाओं और अभिभावकों को परिवार की एकता, पोषण और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। मोनिका कुमारी ने बताया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख को बच्चों का वजन कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी की जाती है। केंद्र में कुल 39 बच्चों का वजन किया गया व सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की पहचान कर समय रहते उचित देखभाल सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में महिलाओं को पौष्टिक आहार और स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। मोनिका कुमारी ने कहा कि परिवार में प्रेम, सम्मान और एकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में सीबीई की मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया।

### मास्टर प्रज्वल सिंह को चुना हेड ब्वॉय

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी टाउनशिप जमथल में शुक्रवार को अलंकरण समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या एकता अत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और प्रेरणादायक बन गया। समारोह के दौरान नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं ध्वज प्रदान कर सम्मानित किया गया। मास्टर प्रज्वल सिंह को हेड ब्वॉय तथा सृष्टि ठाकुर को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। साथ ही खेल कप्तान, उप-खेल कप्तान तथा विभिन्न हाउसों और क्लबों के कैप्टनों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्राचार्या एकता अत्री ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेतृत्व जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समारोह का समापन राष्ट्रभक्ति व सकारात्मक ऊर्जा के संदेश के साथ हुआ।

### सरकार से लंबित लाभ शीघ्र जारी करने का आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक डे-केयर सेंटर डियारा सेक्टर में ई. वीआर भाटिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महासचिव बंसी राम ठाकुर ने 5 मई 2026 को सोलन में मनाए जाने वाले स्थापना दिवस की जानकारी दी तथा पुरानी राज्य कार्यकारिणी को दो वर्ष के लिए पुनः निर्विरोध चुना गया। बैठक में वक्ताओं ने सरकार और बोर्ड प्रबंधन के प्रति रोष प्रकट करते हुए जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक के पेंशनरों के एरियर, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट के शीघ्र भुगतान की मांग की। साथ ही मेडिकल बिलों के निपटारे और 15 प्रतिशत महंगाई राहत को जल्द लागू करने का आग्रह भी किया गया। अंत में ई. वीआर भाटिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और बताया कि अगली बैठक 15 जून को इसी स्थान पर होगी।

### वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी टाउनशिप जमथल में आज नई प्रधानाचार्या एकता अत्री ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण की कामना की गई। विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रधानाचार्या का स्वागत किया तथा शैक्षणिक गतिविधियों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में एकता अत्री ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

### श्रीमदभागवत कथा संपन्न, भावपूर्ण विदाई दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले की घराण पंचायत के गांव टिहरी स्थित शिव मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का विधिवत रूप से समापन हो गया। इस कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक सुरेश भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया और श्रद्धालुओं को श्रीमद भागवत कथा के श्रवण के महत्व से अवगत करवाते हुए सदमार्ग और ईश्वरीय मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन के बाद आयोजकों ने बाजे-गाजे के साथ श्रीमद भागवत कथा ग्रंथ और कथावाचक सुरेश भारद्वाज व उनकी टीम को भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम का माहौल भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण रहा।

# बोहरू पंचायत में बनी सर्वसम्मति की मिसाल, पूरी पंचायत चुनी निर्विरोध

अनंत ज्ञान



**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोहरू इस बार पंचायतीराज चुनावों में सर्वसम्मति से पंचायत गठन को लेकर चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

पंचायत के सभी प्रतिनिधियों का चयन आपसी सहमति से होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। राजनीतिक दृष्टि से भी इस पंचायत को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसे विधायक विवेक शर्मा की बड़ी रणनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत बोहरू में प्रधान पद पर मिता देवी, उपप्रधान पद पर जगदेव सिंह तथा वार्ड सदस्यों में रविंद्र सिंह, पूजा देवी, रीना देवी, राजेंद्र सिंह व ममता देवी का सर्वसम्मति से चयन हुआ है। पंचायत के सभी प्रतिनिधियों के निर्विरोध चुने जाने से गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत में पहली बार इतनी व्यापक सहमति देखने को मिली है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार, वर्तमान पंचायतीराज चुनावों में विधायक विवेक शर्मा लगातार अपनी मजबूत पकड़ का प्रदर्शन कर रहे हैं। बोहरू पंचायत में पूरी पंचायत को सर्वसम्मति से बनवाना उनकी बड़ी राजनीतिक उपलब्धि मानी जा रही है।

इसके साथ ही टीहरा पंचायत में भी प्रधान पद को लेकर सहमति बनने की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र की राजनीति में सर्वसम्मति से पंचायत गठन को हमेशा प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता रहा है। वर्ष 2020 के पंचायतीराज चुनावों में तत्कालीन मंत्री वीरेंद्र कंवर ने अपनी गृह पंचायत पलाहटा को सर्वसम्मति से बनवाया था। उस समय दीपावर सिंह कंवर प्रधान चुने गए थे व यह पंचायत पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी थी, अब वर्तमान पंचायतीराज चुनावों में विधायक विवेक शर्मा ने बोहरू पंचायत को पूर्ण सहमति से बनवाकर अपनी राजनीतिक सक्रियता व संगठन क्षमता का परिचय दिया है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि पंचायत चुनावों में लगभग 55 प्रतिशत पंचायत सदस्यों पर भी सहमति बनवाने में विधायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत स्तर पर सहमति बनाना आसान कार्य नहीं होता, क्योंकि स्थानीय चुनावों में व्यक्तिगत सामाजिक समीकरण काफी प्रभाव डालते हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों को निर्विरोध चुनवाना विधायक की जमीनी पकड़ और राजनीतिक प्रभाव को दर्शाता है। ग्राम पंचायत बोहरू के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पंचायत के विकास को प्राथमिकता देंगे और सभी लोगों को साथ लेकर कार्य करेंगे।

## शहरी निकाय चुनावों के चलते 17 मई को संबंधित क्षेत्रों में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में होने वाले शहरी निकाय चुनावों के दृष्टिगत 17 मई को संबंधित शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में आदेश डीसी ऊना जतिन लाल द्वारा जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा, नगर परिषद संतोषगढ़, नगर पंचायत दौलतपुर चौक, नगर पंचायत टाहलीवाल, नगर पंचायत गगरेट व नगर पंचायत अंब क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों में उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। डीसी ने बताया कि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी नियमानुसार सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऐसे कर्मचारी, जो जिला ऊना में अन्य स्थानों पर कार्यरत हैं, लेकिन संबंधित शहरी निकाय क्षेत्रों में मतदाता हैं, उन्हें मतदान करने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश दिया जा सकेगा।

## हिमाचल के बेटे ने बढ़ाया मान, ऊना के वंश पाठक रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयरफोर्स में भर्ती

अनंत ज्ञान



**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** हिमाचल प्रदेश व विशेषकर जिला ऊना के लिए गर्व का विषय है कि हरोली क्षेत्र के एक होनहार युवा ने सात समंदर पार अपनी प्रतिभा व मेहनत का परचम लहराया है। तहसील हरोली के गांव लुथरे (डाकघर हीरां) निवासी वंश पाठक का चयन रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयरफोर्स में एयरक्राफ्ट टेक्निशियन के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गौरव का माहौल है। वंश पाठक, गोल्डी पाठक के पुत्र हैं।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तथा आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई ऊना में ही पूरी की। एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना वंश की मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। बताया जा रहा है कि वंश वर्ष 2022 में अपने सपनों को साकार करने के उद्देश्य से ऑस्ट्रेलिया गए थे। वहां उन्होंने कठिन प्रतियोगी प्रक्रिया और प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इसके बाद वर्ष 2024 में उनका चयन रॉयल ऑस्ट्रेलियाई एयरफोर्स में एयरक्राफ्ट टेक्निशियन के रूप में हुआ। वंश पाठक की इस सफलता को हरोली व पूरे ऊना जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है।

उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो दुनिया के किसी भी मंच पर सफलता हासिल की जा सकती है। क्षेत्रवासियों व शुभचिंतकों ने वंश पाठक तथा उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## गोबिंद सागर झील में युवक का शव मिलने से सनसनी, हमीरपुर के युवक की हुई पहचान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जनपद के कोलका स्थित गोबिंद सागर झील में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। झील में शव तैरता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगों की मदद से शव को झील से बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा है कि शुरुआत में झील में दिखाई देने वाली वस्तु को लेकर संशय बना हुआ था, लेकिन जांच के दौरान यह मानव शव निकला। मृतक युवक की पहचान हमीरपुर जिला के अघार निवासी गगनदीप पुत्र रोशन लाल के रूप में हुई है। पुलिस को घटनास्थल के पास एक बाइक भी खड़ी मिली है, जिसका नंबर एचपी-28बी-7613 बताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उक्त बाइक मंडी जिले में रहने वाले मृतक के एक रिश्तेदार की बताई जा रही है। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

पुलिस आत्महत्या, हादसा अथवा अन्य किसी कारण की आशंका को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। गोबिंद सागर झील का कोलका क्षेत्र गहरे पानी के कारण संवेदनशील माना जाता है व यहां पहले भी कई हादसे सामने आ चुके हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भाटिया ने बताया कि मृतक के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है तथा मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## नीट परीक्षा पेपर लीक देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ : गौरव कुमार

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी के अध्यक्ष गौरव कुमार ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ करार दिया है। उन्होंने कहा कि देशभर के लाखों स्टूडेंट्स कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं मेहनती युवाओं का मनोबल तोड़ने का कार्य करती हैं। गौरव कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता व विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार व संबंधित एजेंसियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है यदि देश की महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता पर ही प्रश्नचिह्न लगने लगें, तो यह पूरे शिक्षा तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए।

## जखेवाल पंचायत में रामपाल सेवनाथ बने प्रधान

अनंत ज्ञान

**हरोली।** हरोली के अंतर्गत आने वाली जखेवाल पंचायत में पंचायत प्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से चयन कर लिया गया। पंचायत में प्रधान पद पर रामपाल सेवानाथ को चुना गया, जबकि गुरदेव बीटन उपप्रधान बने हैं। इसके अलावा विभिन्न वार्डों से पंच पदों पर भी प्रतिनिधियों का चयन किया गया। वार्ड नंबर 1 से सतपाल, वार्ड नंबर 2 से रज्जू देवी, वार्ड नंबर 3 से अंजना देवी, वार्ड नंबर 4 से बालकिशन तथा वार्ड नंबर 5 से अंजू बाला को पंच चुना गया है। पंचायत के सर्वसम्मति से गठन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए पंचायत के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई है।

### लड़ोली पंचायत में नामांकन वापसी के बाद चुनावी तस्वीर साफ, वार्ड-4 से सीमा देवी निर्विरोध

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** विकास खंड अंब के तहत ग्राम पंचायत लड़ोली में नामांकन वापसी के बाद पंचायत चुनाव की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्य पदों के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद गांव में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधान रहे सतीश शर्मा ने उपप्रधान पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया था, लेकिन उन्होंने नामांकन वापस ले लिया। वहीं वार्ड नंबर-4 से सीमा देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। प्रधान पद के लिए रीना देवी, शशि कुमारी, शशि बाला व सरोज बाला मैदान में हैं। उप प्रधान पद के लिए अनिल तखी, जगदीप सिंह, ब्रिज मोहन, बलविंदर सिंह बिल्ला, राकेश सोनी और रवि दास चुनावी मुकाबले में रह गए हैं। वार्ड नंबर-1 से पिंकी देवी, मधु बाला और वीना कुमारी चुनाव लड़ेंगी। वार्ड नंबर-2 में अनुराधा, आशा कुमारी, ऊषा देवी, सुमन लता और सुषमा देवी के बीच मुकाबला होगा। वार्ड नंबर-3 से ओम प्रकाश और गुरमेल चंद मैदान में हैं। वार्ड नंबर-5 से अनु कुमारी, मंजू कुमारी और राजिंदर कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर-6 में रेखा कुमारी व शुक्ला देवी आमने-सामने हैं। वहीं वार्ड नंबर-7 से अरुण कुमार, गोंदा सिंह, राजिंदर सिंह और रोहित कुमार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। नामांकन वापसी के बाद अब प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है और पंचायत में चुनावी माहौल पूरी तरह गर्मा गया है।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर तैयारियां तेज




फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण गृह सूचीकरण कार्य के सफल संचालन हेतु आयोजित फील्ड ट्रेनरों के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत कर प्रशिक्षण कार्यशाला का औपचारिक समापन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनरों को आगामी जनगणना कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह प्रशिक्षण जनगणना प्रक्रिया के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना कार्यक्रम 1 जून से 15 जून 2026 तक तथा गणना कार्य 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित है। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी नीलाक्ष शर्मा, जिला अनुसंधान अधिकारी ललित शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जुखाला कॉलेज में कौशल विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें गत शैक्षणिक सत्र की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्राध्यापक और गैर-शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे। बैठक में शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल आधारित एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा, छात्र-शिक्षक संवाद तथा आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। एनईपी 2020 के तहत बहुविषयक शिक्षा, सतत मूल्यांकन और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने पुस्तकालय सुविधा को आम जनता और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए भी उपयोगी बताया, जिससे कई विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु विभिन्न सुझावों पर भी चर्चा की गई।

## बिलासपुर नप चुनाव: 11 वार्डों में सियासी घमासान

### वार्ड 5, 7, 9 व 10 में कांटे की टक्कर, शुरुआती रुझानों में भाजपा मजबूत

अनंत ज्ञान




**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर शहर का सियासी माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। 11 वार्डों में पार्षद पद के लिए मुकाबला बेहद दिलचस्प बना हुआ है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा वार्ड नंबर 5, 7, 9 और 10 को लेकर हो रही है, जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

चुनावी रुझानों और जमीनी समीकरणों की बात करें तो फिलहाल भारतीय जनता पार्टी बढ़त की स्थिति में दिखाई दे रही है। भाजपा को संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर की सक्रियता और शहरी वोट बैंक का फायदा मिलता नजर आ रहा है। वहीं कांग्रेस कई वार्डों में मजबूत मुकाबले के बावजूद अपेक्षित बढ़त बनाती नहीं दिख रही।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार वार्ड नंबर 5 इस बार सबसे प्रतिष्ठित सीटों में शामिल है। यहां पुराने राजनीतिक चेहरों की सक्रियता ने मुकाबले को हाईप्रोफाइल बना दिया है। वार्ड नंबर 7 और 9 में युवा मतदाताओं और महिला वोटरों का रुझान निर्णायक माना जा रहा है, जबकि वार्ड नंबर 10 में भाजपा और कांग्रेस दोनों ने पूरी ताकत झोंक दी है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा ने इस बार डोर-टू-डोर प्रचार और बूथ प्रबंधन पर विशेष फोकस किया है, जिसका असर शुरुआती माहौल में दिखाई दे रहा है। वहीं कांग्रेस स्थानीय मुद्दों, सफाई व्यवस्था, पेयजल संकट और शहर की मूलभूत सुविधाओं को चुनावी मुद्दा बनाकर जनता तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

शहर में चर्चा यह भी है कि कुछ वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकते हैं, जिससे दोनों प्रमुख दलों की रणनीति प्रभावित हो सकती है। हालांकि वर्तमान राजनीतिक माहौल और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को देखते हुए भाजपा का पलड़ा फिलहाल भारी माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अंतिम दिनों का प्रचार, मतदाताओं की चुप्पी और मतदान प्रतिशत ही यह तय करेगा कि नगर परिषद की सत्ता पर इस बार किस दल का कब्जा होगा। फिलहाल बिलासपुर शहर में चुनावी सरगर्मी चरम पर है और हर वार्ड में जीत-हार के अपने अलग समीकरण बनते दिखाई दे रहे हैं।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी

## चार नगर निकायों में सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा मतदान

◆ 17 मई को ईवीएम से होगा मतदानः डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि नगर निकाय चुनाव, 2026 के सफल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। जिला बिलासपुर के अंतर्गत नगर परिषद बिलासपुर सदर, घुमारवीं, श्री नयना देवी जी तथा नगर पंचायत तलाई में 17 मई को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से मतदान संपन्न करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदान दलों को संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा 16 मई की सायं उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान प्रक्रिया 17 मई को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगी। मतदान आरंभ होने से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल करवाया जाएगा, ताकि ईवीएम की कार्यप्रणाली का परीक्षण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) एवं उपायुक्त ने कहा कि मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत मतगणना भी 17 मई को ही करवाई जाएगी तथा चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। इसके लिए सभी निकायों के मतगणना केंद्र अधिसूचित कर दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नगर परिषद बिलासपुर सदर के लिए मतगणना केंद्र टाउन हॉल कक्ष संख्या-1, ईओएमसी कार्यालय बिलासपुर में स्थापित किया गया है। नगर परिषद घुमारवीं के लिए रैहन बसेरा हॉल, नगर परिषद श्री नैना देवी जी के लिए बस अड्डा के समीप स्थित मातृ आंचल भवन, वार्ड संख्या-4 के कॉन्फ्रेंस हॉल को मतगणना केंद्र निर्धारित किया गया है। वहीं नगर पंचायत तलाई के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई के कक्ष संख्या-11 एवं 12 में मतगणना की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किए गए हैं। संबंधित मतदान क्षेत्रों में 15 मई से 17 मई तक शराब की बिक्री, खरीद, वितरण एवं सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा इस अवधि के लिए ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त मतदान क्षेत्रों में हथियार लेकर चलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

राहुल कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के लिए 15 मई को अपराह्न 3 बजे से 17 मई को मतदान समाप्ति तक सार्वजनिक सभाओं, जनसभाओं एवं राजनीतिक बैठकों के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने सभी संबंधित नगर निकायों के सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वतंत्र और निर्भीक होकर बढ़-चढ़ कर मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आह्वान किया है।

## 160 एनसीसी कैडेट्स ने किया फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर में पीआई स्टाफ द्वारा फायरिंग अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी बरमाना, जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, कंदरौर, औहर, भगेड़, कोठीपुरा तथा ऋषिकेश सहित विभिन्न विद्यालयों के कुल 160 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, एकाग्रता और राष्ट्रसेवा की भावना को विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को हथियारों के सुरक्षित संचालन, फायरिंग के नियमों और निशानेबाजी की तकनीकों की जानकारी दी गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स का चयन आगामी प्रतियोगिताओं के लिए किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में परेड, ड्रिल, खेलकूद, आपदा प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास गतिविधियाँ आयोजित होंगी। कमांडिंग ऑफिसर ने कैडेट्स के प्रदर्शन की सराहना की।

## गोबिंदसागर जलाशय में अवैध मत्स्य गतिविधियों पर मत्स्य विभाग का शिकंजा

अनंत ज्ञान

◆ 27 किलोग्राम अंडर साइज जाल जब्त, दो मामले दर्ज

**ब्यूरो, बिलासपुर।** गोबिंद्रसागर जलाशय में मत्स्य संपदा के संरक्षण तथा अवैध मत्स्य शिकार पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा निगरानी एवं गश्ती अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आज शुक्रवार प्रातः लगभग 6 बजे मत्स्य अधिकारी लठियाणी सुरेंद्र पटियाल एवं उनकी टीम द्वारा जलाशय क्षेत्र में विशेष गश्त अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान गोबिंदसागर जलाशय के बीट नंबर-1, जो जलाशय के उद्गम स्थल कुनखर खड्ड से दाहिने तट पर ग्राम रायपुर तथा बाएं तट पर ग्राम शरत तक विस्तृत है, के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लगभग 27 किलोग्राम अंडर साईज गिल नेट जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त अवैध मत्स्य गतिविधियों से संबंधित दो मामले दर्ज कर आगामी जांच आरम्भ कर दी गई है। मत्स्य विभाग द्वारा इस गश्त अभियान के दौरान विभागीय टीम ने जलाशय में संचालित मत्स्य गतिविधियों तथा किश्तियों का भी निरीक्षण किया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गोबिंदसागर जलाशय में अवैध मत्स्य शिकार एवं प्रतिबंधित जालों के प्रयोग के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

सहायक निदेशक मत्स्य, मण्डल बिलासपुर पंकज ठाकुर ने पुष्टि करते हुए बताया कि गोबिंदसागर जलाशय में अवैध मत्स्य गतिविधियों के विरूद्ध विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण अभियान संचालित किए जा रहे हैं तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने मछुआरों एवं स्थानीय लोगों से हिमाचल प्रदेश मत्स्य नियमों का पालन करने तथा जलाशय की मत्स्य संपदा के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

# मनाली में एडवेंचर के गुर सीख रहे भारतीय वन सेवा परिवीक्षाधीन अधिकारी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण व संबद्ध खेल संस्थान मनाली में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के सहयोग से भारतीय वन सेवा प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स 2025-27 के 131 परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय एडवेंचर एवं आउटफील्ड स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से आरंभ हुआ। यह 1980 के दशक के बाद भारतीय वन सेवा का सबसे बड़ा बैच है।

इसमें 19 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 129 आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी तथा भूटान के शाही साम्राज्य से दो विदेशी प्रशिक्षु शामिल हैं। इन अधिकारियों ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में 100वां फाउंडेशन कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत आठ दिसंबर 2025 को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में अपना व्यावसायिक प्रशिक्षण आरंभ किया था। इस बैच में इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, कृषि, वानिकी, गणित, रसायन विज्ञान, भू-विज्ञान, वनस्पति विज्ञान व प्राणी विज्ञान जैसे विविध शैक्षणिक क्षेत्रों से अधिकारी शामिल हैं। दल में 23 महिला एवं 108 पुरुष अधिकारी शामिल हैं, जो भारतीय वन सेवा की बहुआयामी एवं विविधतापूर्ण संरचना को दर्शाता है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को प्राकृतिक व कृत्रिम रॉक क्लाइम्बिंग, बोल्डरिंग, जंगल वॉक, उच्च हिमालयी ट्रैकिंग, जल सुरक्षा एवं रेस्क्यू जागरूकता, साइट सीइंग तथा नेचर इंटरप्रिटेशन जैसी गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में कार्य करने के लिए नेतृत्व क्षमता, सहनशीलता, टीम भावना, आत्मविश्वास, फील्ड सर्वाइवल स्किल तथा पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त एडवेंचर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, तनाव प्रबंधन एवं टीम बिल्डिंग विषयों पर इंडोर तकनीकी एवं प्रेरणात्मक सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम एडवेंचर, अनुभवात्मक शिक्षण एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता का अनूठा समन्वय प्रस्तुत करता है, जिससे अधिकारियों में कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता एवं मानसिक दृढ़ता विकसित होगी। इस प्रकार का फील्ड आधारित प्रशिक्षण भविष्य के वन अधिकारियों को देशभर के वन क्षेत्रों, वन्यजीव आवासों एवं पारिस्थितिक चुनौतियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मनाली की प्राकृतिक व पर्वतीय वादियों के बीच आयोजित यह प्रशिक्षण अधिकारियों को हिमालयी परिस्थितियों एवं आउटडोर चुनौतियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिससे प्रशिक्षण व अधिक व्यावहारिक एवं प्रभावी बनेगा। यह पहल अधिकारियों में अनुशासन, आपसी समन्वय एवं सेवा भावना को भी सुदृढ़ करेगी। एबीवीआईएमएएस के निदेशक नेगी ने कहा कि एडवेंचर व आउटडोर प्रशिक्षण भविष्य के वन अधिकारियों को शारीरिक रूप से सक्षम, मानसिक रूप से मजबूत, अनुशासित एवं फील्ड-रेडी अधिकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



एबीवीआईएमएएस में परिवीक्षाधीन अधिकारियों के 131 सदस्यीय दल का प्रशिक्षण आरंभ। अनंत ज्ञान

## नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर 17 पंचायतें निर्विरोध चुनी गईं

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पंचायतीराज सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत नामांकन वापसी की अंतिम तिथि पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक सहमति एवं स्थानीय स्तर पर आपसी समन्वय का सकारात्मक संकेत है।



डीसी ने बताया कि जिले में कुल 17 ग्राम पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं, जिनमें लाहौल की 8 तथा स्पीति की 9 पंचायतें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 170 वार्ड सदस्य सीटों में से 148 सीटें निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं, जबकि सिस्सू से एक पंचायत समिति (बीडीसी) सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। डीसी ने कहा कि इन निर्विरोध चुनी गई पंचायतों के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रत्येक पंचायत को विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपये उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस राशि से स्थानीय विकास योजनाओं, आधारभूत ढांचे तथा जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विभिन्न पदों के लिए कुल प्रत्याशियों में जिला परिषद सदस्य के 22 ,पंचायत समिति के 39, पंचायत प्रधान के 80, उपप्रधान के 76 तथा वार्ड सदस्य के 173 नामांकन प्राप्त हुए हैं तथा अब तक कुल 39 नामांकन वापस लिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण व मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाहौल क्षेत्र में 20 पिंक मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनका संचालन पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों का उद्देश्य महिलाओं के लिए मतदान प्रक्रिया को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं प्रेरणादायक बनाना है। डीसी ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दें।

## मणिकर्ण में नशीले पदार्थों व नकदी के साथ पंजाब के दो युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के मणिकर्ण घाटी में नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है।

पुलिस थाना मणिकर्ण के अंतर्गत आने वाली चौकी जरी की टीम ने गश्त के दौरान दो व्यक्तियों को चरस, चूरापोस्त व मोटी नकदी के साथ रंगे हाथों दबोचा है। दोनों आरोपी पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस चौकी जरी की टीम मलाणा कंपनी रिहायश की तरफ नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान सड़क के किनारे निचली तरफ खड़े दो व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर घबरा गए। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने दोनों की तलाशी ली, तो उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ और नकदी बरामद हुई। कैनविस 19 ग्राम,चूरापोस्त (पोपी स्ट्रॉ)156 ग्राम और 15,000 सहित वीर सिंह (उम्र 32 वर्ष), पुत्र गुरजंट सिंह, निवासी गांव झनेडी, डाकघर बट्रियाणा, तहसील व जिला संगरूर (पंजाब)। गुरचरण (उम्र 47 वर्ष),



पुत्र विक्र सिंह नंबरदार, निवासी गांव व डाकघर कराचो, तहसील पुहाणीगाड, जिला संगरूर (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थों और नकदी को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाना मणिकर्ण में आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 15 और 20 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कुल्लू ने मदन लाल कौशल ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि वे यह खेप कहां से लाए थे और इसे किसे सप्लाई किया जाना था। मामले में विस्तृत अन्वेषण (जांच) जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### थम गया चुनावी शोर, अब घर-घर प्रत्याशियों की दस्तक

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** नगर निकाय चुनाव के लिए चला चुनावी शोर थम गया है। शुक्रवार शाम पांच बजे के बाद रैली व चुनावी शोर-शराब नहीं करने पर रोक लगी है। अब चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवार घर घर दस्तक देने लगे हैं। रविवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। नगर परिषद मनाली में इस बार कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर है। सात में से छह वार्ड में दो-दो उम्मीदवार होने से मुकाबला कड़ा हो गया है, जबकि वार्ड नंबर छह चार उम्मीदवार होने से मुकाबला बहुकोणीय हो गया है। वार्ड एक में भाजपा समर्थित ठाकर दास और कांग्रेस समर्थित अजय कुमार, वार्ड नंबर दो में कांग्रेस के राज और भाजपा के प्रदीप गिल, वार्ड नंबर तीन भाजपा की इशा और नीलम शर्मा के बीच टक्कर होगी। वार्ड नंबर चार में नीलम शर्मा और विना शर्मा के बीच मुकाबला होगा। वार्ड नंबर पांच ललिता और सीमा भारद्वाज के बीच चुनावी जंग होगी। वार्ड नंबर छह में चंद्रा बौद्ध, गीता देवी, विंद्रा देवी और स्मृति मैदान में बने हुए है। चार उम्मीदवार मैदान में होने से इस वार्ड में कड़ा मुकाबला होने के आसार है। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने कहा कि शाम पांच बजे के बाद प्रचार थम गया है। अब रैली आदि नहीं निकाली जा सकेगी।

### चुनावी सभाओं, जुलूसों व मनोरंजन कार्यक्रमों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, कुल्लू जिले के नगर निकायों में 17 मई को होने वाले मतदान के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर पालिका) एवं उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने साइलेंस पीरियड के आदेश जारी किए हैं। आदेश में कहा गया है कि मतदान के समापन के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान सभी प्रकार के प्रचार पर रोक रहेगी तथा यह प्रतिबंध 17 मई को दोपहर 3 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई भी व्यक्ति चुनावी संबंध में न तो सार्वजनिक बैठक बुला सकेगा, न ही किसी जुलूस में शामिल हो सकेगा या उसे संबोधित कर सकेगा। सिनेमा, टेलीविजन या अन्य समान उपकरणों के माध्यम से किसी भी चुनावी सामग्री का सार्वजनिक प्रदर्शन वर्जित है। चुनावी प्रचार के उद्देश्य से संगीत समारोहों, नाट्य प्रदर्शनों या अन्य मनोरंजन कार्यक्रमों के आयोजन पर भी पूर्ण रोक रहेगी। ये आदेश नगर परिषद कुल्लू, मनाली व नगर पंचायत भुंतर, बंजार व निरमंड के क्षेत्र अधिकार में कड़ाई से लागू होंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 और संबंधित चुनाव कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कुल्लू में विकलांगता शिविर अब 23 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले विकलांगता शिविर की तिथि में इस बार बदलाव किया गया है। चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब यह शिविर 30 मई के स्थान पर 23 मई को आयोजित किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के कारण 30 मई को वैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। इसी के मद्देनजर शिविर का आयोजन अब 23 मई (शनिवार) को निर्धारित किया गया है। इस शिविर में डॉ. नीतीश कुमार (एमडी मेडिसिन), डॉ. संतुष्ट कुमार (एमएस ऑर्थो), डॉ. सुमित वालिया (एमएस ईएनटी) और डॉ. प्रीत ठाकुर (एमएस सर्जरी) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। बाल रोग विशेषज्ञ (एमडी पीडियाट्रिक्स) के अवकाश पर होने के कारण इस दिन बच्चों से संबंधित मामलों की जांच नहीं हो सकेगी।

## कुल्लू व भुंतर निकाय चुनाव के मद्देनजर 48 घंटे के लिए शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध

◆ आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू और नगर पंचायत भुंतर के शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए तथा चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था व सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए कुल्लू उपमंडल के तहत आने वाले सभी क्षेत्रों में शराब की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिका)-एवं-उपमंडलीय अधिकारी (नागरिक) कुल्लू, निशांत कुमार द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, यह प्रतिबंध हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 की धारा 304-के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। आदेश में कहा गया है कि 17 मई को होने वाले मतदान व मतगणना प्रक्रिया की समाप्ति तक (घोषित समय से ठीक 48 घंटे पहले से) यह ड्राई डे प्रभावी रहेगा। कुल्लू उपमंडल की क्षेत्रीय सीमा के भीतर किसी भी प्रकार की शराब या नशीले पदार्थों की बिक्री, वितरण व भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इस कदम का उद्देश्य मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन या प्रभाव से बचाना व चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है। जिला पुलिस अधीक्षक कुल्लू राज्य कर एवं आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त और कुल्लू उपमंडल के सभी थाना प्रभारियों को इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## लाहौल-स्पीति में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह समेत कई दिग्गज भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले में पंचायत चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनीतिक हलचल चरम पर पहुंच गई है।

क्षेत्र में कांग्रेस का कुनबा लगातार बिखरता नजर आ रहा है। एक दिन पहले ही कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद, अब कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के पूर्व उदयपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह, थिरोट पंचायत के प्रधान जगदीश शर्मा और सिंधवाडी के प्रमोद शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस को अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया है। वरिष्ठ नेताओं और कर्मठ कार्यकर्ताओं के इस तरह पार्टी छोड़ने से लाहौल-स्पीति में कांग्रेस की राजनीतिक जमीन खिसकती नजर आ रही है। पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रवि ठाकुर ने भाजपा में



शामिल हुए तीनों नेताओं और कार्यकर्ताओं का पारंपरिक 'खतग' और 'पटका' पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। रवि ठाकुर ने कहा कि इन सभी नेताओं को भाजपा में पूरा मान-सम्मान और गौरवपूर्ण स्थान मिलेगा। इनके आने से उपमंडल उदयपुर में भाजपा को एक बड़ी ताकत मिलेगी और संगठन और अधिक मजबूत होगा।

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह ने कांग्रेस की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि वर्षों तक पार्टी के लिए खून-पसीना बहाने के बावजूद कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को न तो सम्मान मिलता है और न ही उनकी बात सुनी जाती है। कांग्रेस सरकार और संगठन दोनों ही जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह नाकाम रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व, भाजपा की राष्ट्रवादी सोच और विकासवादी नीतियों से प्रभावित होकर ही उन्होंने यह फैसला लिया है। पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल है और जनता अब कांग्रेस की राजनीति को नकार कर विकास और विश्वास की राजनीति को चुन रही है। उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं से भी भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया।

### पंचायतीराज प्रकोष्ठ की बैठक में चुनावी हुंकार

**इस** फेरबदल के बीच उदयपुर मंडल में आयोजित पंचायतीराज प्रकोष्ठ की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव, संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस बैठक में जिला परिषद और बीडीसी के भाजपा समर्थित प्रत्याशी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में पंचायत चुनावों में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए भारी उत्साह देखा गया। प्रदेश सह संयोजक (पंचायती राज प्रकोष्ठ) हाकम राणा, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य जवाहर शर्मा, मंडल अध्यक्ष (उदयपुर) किशोरी रावत व मंडल अध्यक्ष हितेश शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सीमा पर तैनात जवानों और बीआरओ कर्मियों को साइबर सुरक्षा का पाठ पढ़ाया

◆ डिजिटल सतर्कता पर वैज्ञानिक जानकारी साझा, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के दिए टिप्स

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** देश की सीमाओं पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेवाएं दे रहे बीआरओ कर्मियों व सुरक्षा बलों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दूरसंचार विभाग, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र द्वारा जिला लाहौल-स्पीति के बीआरओ स्टिंगरी में 'साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड (ईएमएफ) मिथक-निवारण' विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन वीरेंद्र कुमार, अप्पर महानिदेशक दूरसंचार, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संतोष कुमार सिंह, उपमहानिदेशक (अनुपालन) ने किया, जबकि बीआरओ की 70 आरसीसी स्टिंगरी के द्वितीय प्रभारी अधिकारी सी. पंवार का आयोजन में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन नीरज, निदेशक (अनुपालन), HP LSA ने किया। इस अवसर पर बीएसएनएल के उपमंडल अधिकारी गौरव शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को दूरसंचार टावरों से निकलने वाले ईएमएफ विकिरण को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और अफवाहों का वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सरल तरीके से निराकरण किया गया। इसके साथ ही दूरसंचार अवसंरचना में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों और ईएमएफ एक्सपोज़र से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके अलावा भारत सरकार की नागरिक-केंद्रित पहल 'संचार साथी' के बारे में भी विस्तार से जानकारी साझा की गई।

प्रतिभागियों को साइबर धोखाधड़ी, मोबाइल दुरुपयोग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड व डिजिटल अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने व ऑनलाइन सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बीआरओ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## भारतीय सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 जून से : कर्नल निशांत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** कर्नल निशांत गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सेना भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जेसीओ/ओआर व अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) का आयोजन 1 जून 2026 से 15 जून 2026 तक किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जारी अधिसूचना में दी गई है। अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन सीईई परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई से जारी किए जाने आरंभ हो जाएंगे। अभ्यर्थी अपने पंजीकरण विवरण का उपयोग कर भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भारतीय सेना में भर्ती के इच्छुक अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों, परीक्षा तिथि, परीक्षा केंद्र तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के लिए समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा की तैयारी समय रहते पूर्ण कर लें तथा एडमिट कार्ड जारी होने के बाद उसमें अंकित सभी विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करें।

## फ्रांस के राजदूत ने कुल्लू में 'हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम' की प्रगति की समीक्षा की

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** भारत में फ्रांस के राजदूत थियेरे मथू जिला कुल्लू के दो दिवसीय प्रवास पर यहां पहुंचे। भुंतर हवाई अड्डे पर हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सचिव (राजस्व-आपदा प्रबंधन) व परियोजना निदेशक, निशांत ठाकुर ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने बहुद्देशीय भवन के बैठक हाल में कुल्लू में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम' की प्रगति की समीक्षा की गई। यह कार्यक्रम फ्रांसीसी एजेंसी, एएफडी की वित्तीय व तकनीकी सहायता से राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक द्वारा बैठक में 'हिमाचल प्रदेश आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम' के उद्देश्यों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही, हिमाचल प्रदेश में आपदा जोखिम प्रबंधन की चुनौतियों और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की भूमिका पर भी चर्चा की गई। प्रस्तुति में अग्निशमन केंद्रों का विकास, एसडीआरएफ परिसर और हेलिपैड का निर्माण तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली की स्थापना पर चर्चा की गई। इन सभी पहलों का मुख्य उद्देश्य राज्य में आपदा तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना है। इसके पश्चात उन्होंने मौजूदा जिला आपातकालीन संचालन केंद्र का दौरा किया और इसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्हें नए डीईओसी भवन की प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी गई और जिले में आपातकालीन संचार एवं समन्वय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के महत्व पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्विनी कुमार, सहायक आयुक्त जयबंती ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बी सी नेगी, जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

## माता हिडिंबा की पूजा से शुरू हुआ ढूंगरी मेला, 17 मई को देव समागम



माता ढूंगरी के मेले में निकला माता का रथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिडिंबा मंदिर डूंगरी में भव्य देव मिलन के साथ ही शुक्रवार को ढूंगरी मेला शुरू हो गया है। कुल्लू राजवंश की दादी एवं घाटी की आराध्यदेवी माता हिडिंबा की जयंती पर आयोजित होने वाले मेले में रविवार को भव्य देव समागम होगा। इसमें आसपास के डेढ़ दर्जन देवी-देवता शिरकत करेंगे।

ज्येष्ठ संक्रांति को माता हिडिंबा की जयंती पर ढूंगरी मेला शुरू हुआ। इस मेले को कुल्लू का छोटा दशहरा भी कहते हैं। शुक्रवार सुबह माता हिडिंबा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। शाम को ओल्ड मनाली से माता हिडिंबा के ढूंगरी स्थित मंदिर में पहुंचते ही परिसर देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठा। माता के आगमन पर पुष्प वर्षा हुई। 17 मई तक ढूंगरी में मेला आयोजित होगा। 18 और 19 को ओल्ड मनाली में मेला मनाया जाएगा। माता हिडिंबा व मनु ऋषि के कारदार रमन शर्मा और रघुवीर नेगी ने बताया कि मेला धूमधाम के साथ शुरू हो गया है।

**आकर्षण** माहुंनाग सांस्कृतिक ग्रामीण मेला का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य समापन

## महिलाओं की नाटी और भजन संध्या ने लूटी वाहवाही

अनंत ज्ञान

**आनी।** आनी उपमंडल की ग्राम पंचायत बखनाओ के अंतर्गत ठोगी गांव में आयोजित दो दिवसीय माहुंनाग सांकृतिक ग्रामीण मेले का हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ समापन हो गया। मेले के समापन समारोह में बटाला वार्ड की पूर्व वीडीसी सुषमा सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मीना ठाकुर, पूर्व वार्ड पंच तारा चंद शर्मा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

रात्रि कार्यक्रम में आयोजित भजन संध्या में महिला मंडल ठोगी और महिला मंडल शमेशा की महिलाओं ने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं और दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला मंडल काथला, चनोग, बुच्छैर, जटेड, ठोगी और शमेशा के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों के स्टूडेंट्स ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर मेले की शोभा बढ़ाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व पारंपरिक खेलों ने बांधा समां मेले के दौरान महिलाओं के पारंपरिक नाटी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर हिमाचली संस्कृति को जीवंत किया।

मेले में स्थानीय लोगों और युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी व लोगों ने देव माहुंनाग का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के कारदार चांद ठाकुर, गोपाल ठाकुर और श्याम लाल ठाकुर ने मेले के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाई। वहीं, युवक मंडल ठोगी के प्रधान योगराज गोस्वामी, उपप्रधान गोलू शर्मा, सचिव चमन शर्मा, सहसचिव डॉ. दीपक शर्मा सहित सुशील, अशोक, सुभाष, बिट्टू शर्मा, अंकुश, संदीप, सुनील, ओम प्रकाश, वीरेन, कुशाल, दीपक और भूपेंद्र आदि युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।महिला मंडल ठोगी की प्रधान गोयला शर्मा ने सभी महिला मंडलों, कलाकारों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी लोक संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। समापन समारोह में मुख्यातिथि पूर्व वीडीसी सुषमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण मेले हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता के प्रतीक होते हैं।

उन्होंने कहा कि माहुंनाग मेले जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और देव परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवक मंडल, महिला मंडलों व समस्त ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने मिलकर मेले को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं की भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव की एकता और सहयोग की भावना ही इस तरह के आयोजनों की सबसे बड़ी ताकत होती है। सुषमा सिंह ने देव माहुंनाग से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए सभी ग्रामीणों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।



माहुंनाग ठोगी मेले के अवसर पर महिलाएं नाटी डालती हुईं। अनंत ज्ञान

## आधिकारिक रूप से निर्विरोध घोषित हुई शियाह ग्राम पंचायत



ग्राम पंचायत शियाह में चुनी पूरी कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत शियाह में प्रधान, उपप्रधान से लेकर पांचों वार्डों के पंचों की सहायक चुनाव अधिकारी ने निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की।

प्रधान सुभद्रा देवी, उपप्रधान दिनेश शर्मा व कुशाल सिंह, वीना देवी, सरिता, नोख राम और आशा देवी पंच निर्वाचित घोषित हुए। गांव वालों ने चुने हुए सभी सदस्यों का ढोल नगाड़े के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। शोभायात्रा में पुरुष महिला सभी ने शामिल होकर देव प्रांगण में आकर देवता जमलु का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधान सुभद्रा देवी ने कहा कि हम गांव का समग्र विकास करके शियाह गांव को एक आदर्श गांव बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हर वार्ड में गांव वालों से पूछ कर ग्राम विकास को गति देंगे। नव निर्वाचित प्रधान सुभद्रा देवी ने कहा कि शियाह पंचायत मंझली पंचायत से विभाजित होकर नई पंचायत बनी है इसलिए पहली प्राथमिकता हमारी पंचायत भवन बनाने की होगी। इस अवसर पर उन्होंने पंचायत भवन बनाने के लिए दस बिस्वा भूमि देने की भी घोषणा की। उपप्रधान दिनेश शर्मा ने कहा कि हम सभी मिल करके गांव की तरक्की के लिए काम करेंगे, जिस तरह हमारा गांव सबसे अधिक शिक्षित गांव कहलाया जाता है। उसी प्रकार हम इस गांव को सबसे अधिक मूलभूत सुविधाओं वाला गांव भी बनाएंगे।

# किप्स में कक्षा 12वीं सीबीएसई परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



सीबीएससी 12वीं परीक्षा में अव्वल रहे छात्र

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 फीसदी परिणाम हासिल किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल, अभिभावकों एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा अक्षरा सूद ने 93 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जय बीर सिंह लांबा ने 92 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया,

### ◆ कक्षा 12वीं सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में 100 फीसदी परिणाम

जबकि जतिन ठाकुर ने 85% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय प्रबंधन प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# हिमाचल में चल रही है कांग्रेस की 'यारां दी सरकार' : अनुराग ठाकुर

## सोलन पहुंचे हमीरपुर के सांसद ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान

**सोलन ।** नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शुक्रवार को पार्टीप्रत्याशियों के प्रचार के लिए सोलन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांगड़ा हमीरपुर मैथिली सभा भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला और नगर निगम चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि आज हिमाचल में 'कांग्रेस की यारां दी सरकार' चल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और मेहरबानी के कारण प्रदेश पर आज 1,12,319 करोड़ रुपये का कर्ज हो चुका है, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तीन साल पहले प्रदेश की जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई नजर आ रही है और कई कांग्रेस नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है, जबकि विजिलेंस जांच भी चल रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने, ग्रामीण क्षेत्रों में 100 रुपये प्रति लीटर दूध



भाजपा प्रत्याशियों के साथ सांसद अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

खरीदने सहित कई घोषणाएं की थी, लेकिन धरातल पर कोई काम नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव जनता के लिए एक अवसर है, जिसके माध्यम से वह 'सोई हुई सरकार' को जगाने का काम कर सकती है। अनुराग ठाकुर ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ही सोलन के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

# ट्रक के केबिन में छिपाकर लाई जा रही थी चूरा-पोस्त की खेप



अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रक से 11 किलो 720 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि सब डिवीजन राजगढ़ की डिटेक्शन सेल की टीम क्षेत्र में गश्त और मादक पदार्थ अधिनियम के तहत गुप्त सूचनाएं एकत्र कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग ट्रक नंबर HP07F0867 में चूरापोस्त की खेप लेकर सोलन से गिरिपुल की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मरयोग मुख्य सड़क पर नाकेबंदी कर उक्त ट्रक को रोक लिया। जांच के दौरान ट्रक चालक ने अपनी पहचान अजय कुमार (40) निवासी गांव कोट ढांगर, तहसील राजगढ़ और कंडक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने प्रेम सिंह (42) निवासी वार्ड नंबर-2 राजगढ़, जिला सिरमौर के रूप में बताई।पुलिस द्वारा ट्रक की तलाशी लेने पर केबिन के नीचे मेट के खांचे के अंदर और केबिन के दोनों साइड लॉक में बने गुप्त खांचों से 23 पॉलिथीन लिफाफे बरामद हुए। इन लिफाफों में कुल 11.720 किलोग्राम चूरा पोस्त पाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सराहा में सीसीआई सीमेंट का विक्रय शुरू

**सराहा ।** हिमफेड गोदाम सराहा में शुक्रवार से सीसीआई सीमेंट के विक्रय का कार्य भी शुरू कर दिया है। जोकि सरकारी रेट 370 रुपये पर बैग पर उपलब्ध होगा द्य गौरतलब है कि सीमेंट खासियत यह है कि यह कम पानी में भी अपनी गुणवत्ता बनाए रखते हुए अच्छे परिणाम देता है द्य सीसीआई राजबन बहुत पुराना सीमेंट का प्लांट है। जानकारी देते हुए एरिया मेनेजर मदन ठाकुर व हिमफेड सराहा की इंचार्ज भारती ने बताया कि सीमेंट के अलावा खाद व उर्वरक भी इस गोदाम पर सरकारी रेट पर उपलब्ध है।

### नौणी विश्वविद्यालय को मिले नए निदेशक प्रसार शिक्षा एवं विभागाध्यक्ष फ्लोरीकल्चर

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रसार गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति की है। डॉ धर्म पाल शर्मा ने विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में निदेशक प्रसार शिक्षा का कार्यभार संभाल लिया है। इसके साथ ही वे कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री, नौणी के अधिष्ठाता (डीन) का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाल रहे हैं। डॉ. शर्मा बागवानी प्रबंधन (ऑर्चर्ड मैनेजमेंट) के विशेषज्ञ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक हैं। उन्होंने विश्व बैंक तथा हिमाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा वित्तपोषित कई महत्वपूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं का नेतृत्व किया है, जिनका मुख्य उद्देश्य बागवानी विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा सेब पोषण प्रबंधन रहा है। सेब पुनरोपण रोग प्रबंधन, ऑर्चर्ड फ्लोर मैनेजमेंट, फल फसलों के प्रजनन के क्षेत्र में उनके शोध कार्यों को अनेक प्रकाशनों एवं पुस्तकों के माध्यम से व्यापक पहचान मिली है।

### लघु उद्योग भारती बरोटीवाला इकाई ने हर्षोल्लास से मनाया 33 वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन ।** लघु उद्योग भारती बरोटीवाला इकाई ने 33 वां स्थापना दिवस सरस्वती विद्या मंदिर बुरांवाला में बरोटीवाला इकाई के प्रधान संजीव सिंह की अध्यक्षता में मनाया। जिसमे हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अतुल परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती और माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतुल परमार ने कहा कि हम सभी की पर्यावरण के प्रति जिम्मेवारी बनती है कि हम इसका विशेष ध्यान रखे। उद्योगपति अपने उद्योगों बीके विकास के साथ साथ पर्यावरण के प्रति भी सजग रहे। परमार ने स्कूल में कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ किया जिसे लघु उद्योग भारती बरोटीवाला इकाई ने स्थापित किया। परमार ने कम्प्यूटर लैब में प्रिंटर देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के अन्तर्राष्ट्रोय सदस्य विक्रम बिंदल ने लघु उधोग भारती के इतिहास पर प्रकाश डाला। कहा कि देश का सबसे बड़ा उद्योग सगठन है जो देश मे सर्वाधिक रोजगार भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस बार स्थापना दिवस देश की हर इकाई में मनाया गया। लघु उद्योग भारती देश का सबसे बड़ा सगठन है। जो हमेशा उद्योगों की समस्याओं को निपटाने में अग्रणी रहता है।

### धर्मपुर तथा टकसाल जिला परिषद वार्ड के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में चुनाव, चिन्ह आवंटित

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन जिला के कसौली क्षेत्र के तहत आने वाले जिला परिषद वार्ड धर्मपुर और टकसाल में कुल 12 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी कसौली महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी। नामांकन वापस लेने वाले उम्मीदवार वार्ड नम्बर- 8 धर्मपुर से गोपाल दत्त ने नामांकन वापस लिया।धर्मपुर वार्ड (नम्बर-8) के उम्मीदवार व चुनाव चिन्ह अजय कुमार – ताला और चाबी, कृपाल सिंह – मेज का पंखा, जगदीश पाल – छाता, ढुनी चंद – जीप, नेत्र सिंह – कप-प्लेट, सोकृत कुमार – फुटबॉल। वार्ड नम्बर-9 टकसाल से संजीव शर्मा ने नामांकन वापस लिया। टकसाल वार्ड (नम्बर-9) के उम्मीदवार व चुनाव चिन्ह, अशोक कुमार – ताला और चाबी, ध्यान सिंह – मेज का पंखा, निखिल ठाकुर – छाता, पंकज शर्मा – जीप, यश ठाकुर – कप-प्लेट, हुमक चंद – फुटबॉल चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए ।

# गिरी गंगा का पानी घर-घर पहुंचाया, पार्क और मल्टी स्टोरेज पार्किंग बनाकर नाहन की तस्वीर बदली : बिंदल

अनंत ज्ञान



**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल एवं पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने नाहन नगर परिषद चुनावों को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में नाहन की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पिछले तीन वर्षों में विकास कार्यों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के नेता सवाल पूछ रहे हैं कि भाजपा ने 10 वर्षों में क्या किया, जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस 40 वर्षों तक नाहन की जनता को पर्याप्त पेयजल तक उपलब्ध नहीं करवा सकी। लोगों को टैंकरों के भरोसे छोड़ दिया गया था। भाजपा सरकार ने गिरी गंगा का पानी घर-घर पहुंचाकर नाहन की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अब उस व्यवस्था को भी ठीक से संचालित करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में नाहन में व्यापक विकास कार्य हुए। महाराणा प्रताप पार्क, रानी झांसी पार्क, हिमाचली पार्क, गुरु गोविंद सिंह जी के नाम पर गोविंदगढ़ पार्क तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर अंबेडकर पार्क का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त बस अड्डे के ऊपर हिमाचल प्रदेश की सबसे आधुनिक मल्टी स्टोरेज पार्किंग बनाई गई। ढाबों, शिमला रोड और गुरु गोविंदगढ़ मोहल्ला में पार्किंग सुविधाएं विकसित की गईं। गुरु रविदास मोहल्ला में मल्टी स्टोरी रविदास भवन और वाल्मीकि मोहल्ला में वाल्मीकि भवन का निर्माण भी भाजपा सरकार की उपलब्धियों में शामिल है। डॉ. बिंदल ने कहा कि वार्ड नंबर 3, 4 और 5 के बीच स्थित खंडहर, जो नशे के अड्डे बन चुके थे, उन्हें हटाकर वहां भव्य बारात घर बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उस दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में वर्तमान सरकार ने नाहन शहर को एक फूटी कौड़ी तक नहीं दी, जिसके कारण शहर लगातार पिछड़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय तेजी से बन रहा मेडिकल कॉलेज, जो नाहन की पहचान और हजारों युवाओं के रोजगार का केंद्र बनने जा रहा था, कांग्रेस सरकार ने उसे अधूरा छोड़ दिया। डॉ. बिंदल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए रु.261 करोड़ का हिसाब कांग्रेस सरकार आज तक नहीं दे पाई है। उन्होंने कहा कि 2024 में नर्सिंग कॉलेज के लिए रु. 70 करोड़ और माता एवं शिशु अस्पताल के लिए रु. 20 करोड़ दिए गए, लेकिन आज तक वह परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं और मरीज परेशान हैं।

# नौणी विश्वविद्यालय में स्थापित हुआ जनगणना डेटा अनुसंधान कार्यस्थल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डेटा आधारित अनुसंधान एवं नीतिगत विश्लेषण को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी तथा हिमाचल प्रदेश जनगणना संचालन निदेशालय के बीच आज विश्वविद्यालय परिसर में जनगणना डेटा अनुसंधान कार्यस्थल की स्थापना हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल तथा हिमाचल प्रदेश की जनगणना संचालन निदेशक दीपशिखा शर्मा ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह के उपरांत विश्वविद्यालय में जनगणना डेटा अनुसंधान कार्यस्थल का उद्घाटन भी किया गया। इस उपलब्धि के साथ विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का पहला संस्थान बन गया है, जहां इस प्रकार का अनुसंधान कार्यस्थल स्थापित किया गया है। इस अवसर पर दीपशिखा शर्मा ने कहा कि नवस्थापित कार्यस्थल योग्य शोधकर्ताओं को

### ◆ जनगणना संचालन निदेशालय के साथ एमओयू हस्ताक्षरित

सुरक्षित रूप से गुमनाम (अनामिक) जनगणना माइक्रो-डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा, जिससे वे उन्नत जनसांख्यिकीय एवं सामाजिक-आर्थिक अनुसंधान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शोधकर्ता इस डेटा के माध्यम से क्रॉस-टैबुलेशन एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन कर सकेंगे, जिससे विशेष अकादमिक अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण के नए आयाम खुलेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल विश्वविद्यालय के शोधार्थियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सभी पात्र शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध होगी।जनगणना संचालन निदेशालय का आभार व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि यह पहल अनुसंधान एवं सार्वजनिक ज्ञान प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने अधिसूचना जारी करते हुए सार्वजनिक सभाओं, जलूसों और मनोरंजन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा द्वारा जारी किए गए हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 की धारा 304(बी) के तहत कोई भी व्यक्ति चुनाव के संबंध में सार्वजनिक सभा, जुलूस अथवा सार्वजनिक बैठक आयोजित नहीं कर सकेगा। इसके अलावा सिनेमैटोग्राफी, टेलीविजन अथवा अन्य किसी माध्यम से चुनाव प्रचार-प्रसार करने पर भी रोक रहेगी। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि चुनाव के दौरान लोगों को आकर्षित करने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार के म्यूजिकल कॉन्सर्ट, थिएटर प्रदर्शन अथवा अन्य मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे।

### खजुरना पुल के पास ब्रेक फेल होने से आलू से लदा ट्रक पलटा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कालाअंब-देहरादून नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को खजुरना पुल के नजदीक आलू से लदा एक ट्रक और बोलेरो गाड़ी दुर्घटना के शिकार हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार नाहन की तरफ से आ रहा आलू से भरा ट्रक ( एचपी 72 बी 1270) उतराई में पांवटा साहिब की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक की ब्रेक फेल हो गयी जब तक चालक को इसका आभास हुआ दूसरी तरफ से एक बोलेरो ( एचपी 71 8451) के आने से ट्रक पेड़ से टकरा गया और पलट गया । इसी दौरान जोर से ब्रेक लगाने पर पिकअप चालक ने भी नियन्त्र खो दिया और वो भी सड़क पर पलट गयी। गनीमत यह रही कि बोलेरो में सवार एक महिला, एक पुरुष और बच्चा बाल-बाल बच गए । वहीं ट्रक पलटने से चालक घायल हुआ है। हादसे के तुरंत बाद आस-पास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। वही हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# महिला हत्या केस में आरोपी को लेकर क्राइम सीन पर पहुंची पुलिस

अनंत ज्ञान

**नाहन ।** ट्यूशन टीचर अमनदीप कौर हत्याकांड की जांच शुक्रवार को उस वक्त और सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गई, जब हरियाणा पुलिस आरोपी संदीप कुमार को लेकर सिरमौर के धौलाकुआं क्षेत्र स्थित घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने जंगल में उस जगह पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट करवाया, जहां युवती के शव को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई थी। चार दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी को लेकर बराड़ा पुलिस और



अनंत ज्ञान फॉलोअप

स्थानीय पुलिस की टीम सुबह धौलाकुआं क्षेत्र पहुंची। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से घटनास्थल पर वारदात की पूरी कड़ी दोबारा समझी। जांच टीम यह जानने में जुटी है कि हत्या के बाद शव को किस रास्ते से हिमाचल लाया गया, पेट्रोल कहां से खरीदा गया और शव को जलाने की साजिश किस योजना के तहत रची गई।डीएसपी सुरेश शर्मा ने बताया कि पुलिस हत्या से लेकर शव ठिकाने लगाने तक की पूरी 'क्राइम चेन' की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और आरोपी से पूछताछ के आधार पर मामले की हर परत को खंगाला जा रहा है।जांच में यह भी सामने आया है कि मृतका अमनदीप कौर पढ़ी-लिखी और संपन्न परिवार से संबंध रखती थी। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी और परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रही थी। उसका भाई विदेश में रहकर परिवार की आर्थिक सहायता करता है। पुलिस को यह भी पता चला है कि आरोपी संदीप कुमार का मृतका से पैसों का लेन-देन भी था। आरोपी बैटरी का काम करता है और शादीशुदा है।पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि दोनों के बीच संबंध कब और कैसे शुरू हुए और आखिर ऐसा क्या हुआ कि आरोपी ने हत्या कर शव को दूसरे राज्य में ले जाकर जलाने जैसा खौफनाक कदम उठाया।गौरतलब है कि धौलाकुआं क्षेत्र में नेशनल हाईवे के समीप जंगल में अधजला शव मिलने के बाद यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया था। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल रही।

# सुखमन कौर जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिमाचल का करेगी प्रतिनिधित्व

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश और खेल जगत के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। शूलिनी विश्वविद्यालय के उप निदेशक संचालन वीरेंद्र सिंह की पुत्री सुखमन कौर का चयन पुडुचेरी में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप (अंडर-18) में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है। धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा सुखमन ने बास्केटबॉल कोर्ट पर अपनी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और निरंतर प्रदर्शन के लिए पहचान हासिल की है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए उनका चयन हिमाचल प्रदेश से उभरती युवा खेल प्रतिभाओं की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले, सुखमन हिमाचल प्रदेश के सरकाघाट स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित एक गहन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी, जहां चयनित



खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पेशेवर कोचिंग और तैयारी दी जाएगी। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार और स्कूल को बल्कि राज्य के व्यापक खेल जगत को भी गौरवान्वित किया है। खेल प्रेमियों और शिक्षकों ने सुखमन की लगन और मेहनत की सराहना करते हुए उनके सफर को पूरे क्षेत्र के होनहार युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि अनुशासन, दृढ़ता और कोचों व परिवार के निरंतर सहयोग ने सुखमन की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना परिवार के लिए बेहद गर्व और प्रेरणा का विषय है।

# भाजपा मंडल ने जारी किया संकल्प पत्र

अनंत ज्ञान

**राजगढ़ ।** नगर पंचायत राजगढ़ चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच भाजपा मंडल राजगढ़ ने अपना विस्तृत संकल्प पत्र जारी करते हुए नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने का दावा किया है। भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की ओर से घर-घर जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता के सामने विकास का विजन रखा जा रहा है। जारी संकल्प पत्र में भाजपा मंडल ने राजगढ़ को सुरक्षित, स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आदर्श नगर पंचायत बनाने का लक्ष्य बताया है। भाजपा ने नगर की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग को मानते हुए आधुनिक पार्किंग व्यवस्था विकसित करने का वादा किया है। वहीं फॉरेस्ट कॉलोनी से श्मशान घाट तक सड़क निर्माण और एम्बुलेंस मार्ग को बेहतर बनाने की बात कही गई है।संकल्प पत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को नियमित और पारदर्शी बनाने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही हाउस टैक्स की दरों पर पुनर्विचार कर लोगों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को कम करने की बात

### ◆ पार्किंग से लेकर सीसीटीवी और कई बड़े वादे

भी शामिल की गई है। भाजपा ने नगर के प्रत्येक वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा आधुनिक स्ट्रीट लाइटें स्थापित करने का वादा किया है। इसके अलावा अस्पताल क्षेत्र में स्वच्छता, पीने के पानी और शौचालय सुविधाओं को बेहतर करने की योजना भी संकल्प पत्र में शामिल है।नगर के खेल मैदान के सौंदर्यीकरण, सीवरेज कार्यों को शीघ्र पूरा करने, कच्ची सड़कों को पक्का बनाने और नालियों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी दावा किया गया है। भाजपा ने शहर को चिट्टा/नशा मुक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया है।संकल्प पत्र में पूर्व नगर पंचायत कार्यकाल के दौरान हुए कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे भी उठाए गए हैं। भाजपा मंडल ने कहा कि आरटीआई के माध्यम से प्राप्त तथ्यों को जनता के सामने लाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

## नगर निगम सोलन के लिए कुल 34147 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग : मनमोहन शर्मा

# वार्ड नं. 6, वार्ड नं.10 और वार्ड नं. 12 में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहरी निकाय-2026 के तहत नगर निगम सोलन के 17 वार्डों में 17 मई 2026 को मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार नगर निगम चुनाव में कुल 34,147 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 17,274 पुरुष, 16,872 महिला तथा एक अन्य मतदाता शामिल है। मतदान प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक होगा। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए नगर निगम क्षेत्र में कुल 36 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर-1 देहूंघाट में कुल 2,283 मतदाता हैं, जिनमें 1,153 पुरुष और 1,130 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। श्रम कल्याण अधिकारी कार्यालय देहूंघाट में 959 तथा जिला रोजगार कार्यालय देहूंघाट में 1,324 मतदाता मतदान

### ◆ 06 मतदान केन्द्र को संवेदनशील घोषित किया

करेंगे। वार्ड नम्बर-2 रेलवे स्टेशन में कुल 2,999 मतदाता हैं। इनमें 1,513 पुरुष और 1,486 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां जिला परिषद भवन सपरून तथा राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग कार्यालय, नया बस अड्डा के समीप दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वार्ड नम्बर-3 कथेड़ में कुल 1,623 मतदाता हैं, जिनमें 816 पुरुष तथा 807 महिला मतदाता हैं। यहां उप निदेशक उच्च शिक्षा कार्यालय मॉल रोड और गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कथेड़ में मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-4 चम्बाघाट सलोगड़ा में कुल 1,799 मतदाता हैं। इनमें 939 पुरुष और 860 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां तीन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उप निदेशक उद्यान विभाग कार्यालय चम्बाघाट, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला

### ◆ 17274 पुरुष, 16872 महिला मतदाता

सलोगड़ा तथा उप निदेशक कृषि कार्यालय चम्बाघाट में मतदान होगा। वार्ड नम्बर-5 लोअर बाजार में कुल 1,221 मतदाता हैं, जिनमें 632 पुरुष और 589 महिला मतदाता हैं। यहां सेंट ल्यूक्स स्कूल सोलन में दो मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-6 जवाहर पार्क में कुल 1,913 मतदाता हैं। इनमें 952 पुरुष तथा 961 महिला मतदाता हैं। नगर निगम कार्यालय सोलन में पूर्वी और पश्चिमी भाग में दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वार्ड नम्बर-7 ठोडो मैदान में कुल 1,948 मतदाता हैं। इनमें 998 पुरुष तथा 950 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुंज विला तथा आपदा प्रबंधन कार्यालय सोलन में मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-8 शिल्ली रोड में कुल 2,418 मतदाता हैं। इनमें 1,252 पुरुष तथा 551 महिला मतदाता बताए गए हैं। यहां सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गंज बाजार तथा पंचायत घर सेरी में मतदान होगा। वार्ड नम्बर-9 मधुबन कॉलोनी में कुल 1,882 मतदाता हैं। इनमें 951 पुरुष और 931 महिला मतदाता हैं। यहां लोक निर्माण विभाग कार्यालय तथा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वार्ड नम्बर-10 चौंरीघाटी में कुल 1,929 मतदाता हैं। इनमें 955 पुरुष और 974 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) तथा जिला वनमंडल अधिकारी कार्यालय में मतदान कराया जाएगा। वार्ड नम्बर-11 डिग्री कॉलेज वार्ड में कुल 2,217 मतदाता हैं। इनमें 1,108 पुरुष, 1,108 महिला तथा एक अन्य मतदाता शामिल है। यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोलन में दो मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-12 सन्नी साइड वार्ड में कुल 2,009 मतदाता हैं। इनमें 1,001 पुरुष तथा 1,008 महिला मतदाता हैं। यहां पुराने उपायुक्त कार्यालय भवन में दो मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वार्ड नम्बर-13 कलीन वार्ड में कुल 1,669 मतदाता हैं। इनमें 849 पुरुष तथा 820 महिला मतदाता हैं। यहां राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलीन में पूर्वी और पश्चिमी भाग में दो मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-14 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कुल 1,633 मतदाता हैं। इनमें 807 पुरुष और 826 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां जल शक्ति विभाग कार्यालय तथा सहायक आयुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग कार्यालय में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। वार्ड नम्बर-15 तहसील पटराड वार्ड में कुल 1,684 मतदाता हैं। इनमें 862 पुरुष तथा 822 महिला मतदाता हैं। यहां बॉयज हॉस्टल डिग्री कॉलेज सोलन में दो मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। वार्ड नम्बर-16 रबौण आंजी वार्ड में कुल 2,008 मतदाता हैं। इनमें 1,024 पुरुष और 984 महिला मतदाता हैं। यहां राजकीय प्राथमिक पाठशाला रबौण तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आंजी में मतदान कराया जाएगा। वार्ड नम्बर-17 बसाल पति कथेड़ में कुल 2,912 मतदाता हैं। इनमें 1,462 पुरुष तथा 1,450 महिला मतदाता शामिल हैं। यहां राजकीय प्राथमिक पाठशाला बसाल पति कथेड़, एमएसएमई विकास संस्थान चम्बाघाट तथा पंचायत घर बसाल में मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 36 मतदान केन्द्रों में से 6 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इनमें सलोगड़ा स्कूल, पुंज विला स्कूल, कलीन वार्ड के दोनों मतदान केन्द्र, बसाल पति कथेड़ स्कूल तथा पंचायत घर बसाल शामिल हैं। इन केन्द्रों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके।

# रुपया ऑलटाइम लो पर

## 50 पैसे गिरकर पहली बार 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रुपया 15 मई को डॉलर के मुकाबले 50 पैसे गिरकर पहली बार 96.14 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इससे पहले वीरवार को रुपया 95.64 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा था। पिछले कुछ दिनों से रुपए में लगातार गिरावट जारी है। साल 2026 की शुरुआत से ही रुपया दबाव में है। पिछले साल दिसंबर 2025 में पहली बार रुपया 90 के स्तर के पार गया था। इससे महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं और जियोपॉलिटिकल तनाव कम नहीं हुआ, तो रुपया जल्द ही 100 के स्तर को भी छू सकता है।

◆ **अगर कच्चे तेल के दाम बढ़ते रहे तो 100 तक गिर सकता है रुपया**



### गिरावट के प्रमुख कारण

**मिडिल ईस्ट तनाव:** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई बाधित होने की आशंका ने बाजार में डर पैदा कर दिया है। युद्ध के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए डॉलर की ओर भाग रहे हैं।

**कच्चे तेल के दाम:** भारत अपनी जरूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है। तेल महंगा होने से भारत को अधिक डॉलर चुकाने पड़ रहे हैं, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ गया है।

**मजबूत होता डॉलर इंडेक्स:** दुनिया की 6 प्रमुख करेंसी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 99.05 के स्तर पर पहुंच गया है। जब डॉलर ग्लोबल मार्केट में मजबूत होता है, तो रुपया और अन्य एशियाई करेंसी कमजोर हो जाती हैं।

**विदेशी निवेशकों की निकासी:** विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार पैसा निकाल रहे हैं। अकेले बुधवार को एफआईआई ने 4,700 करोड़ रुपए से ज्यादा के शेयर बेचे।

## चांदी 19693 और सोना 3000 रुपए सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 15 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, एक किलो चांदी 19,693 रुपए घटकर 2.68 लाख रुपए रह गई, जो वीरवार को 2.87 लाख रुपए पर थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,000 रुपए घटकर 1.58 लाख रुपए आ गया है। इससे पहले 16 अप्रैल को यह 1.61 लाख पर था। सोना ऑल टाइम हाई से 106 दिन में 17,962 और चांदी 1,18,433 सस्ती हुई है। 29 जनवरी को सोना 1.76 लाख/10 ग्राम और चांदी 3.86 लाख/किलो थी।

## अमेरिका में भारतीय मूल के युवक को हथियार तस्करी में 64 माह जेल

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के जशनप्रीत सिंह को हथियारों की तस्करी और मशीनगन रखने के आरोप में 64 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। पंजाब निवासी 27 वर्षीय जशनप्रीत सिंह को पूरे पांच साल और चार महीने संघीय जेल में गुजारने होंगे। यह घोषणा अमेरिकी अटॉर्नी एरिक ग्रांट ने की। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की वेबसाइट पर जशनप्रीत को सजा सुनाने और उसके जुर्म का विवरण साझा किया गया है।



विवरण के अनुसार जशनप्रीत 'पंजाबी डेविल्स' मोटरसाइकिल क्लब का संस्थापक है। 'पंजाबी डेविल्स' को असल में हथियारों की तस्करी और 'हेल्स एंजेल्स' से जुड़ा एक अपराधी गिरोह बताया गया है। 06 जून, 2025 को जशनप्रीत ने एक अंडरकवर अधिकारी को हथियार (असाल्ट हथियार, रिवॉल्वर, मशीनगन) बेचने की कोशिश की। इसके बाद उसके घर पर छापा मारा गया। तलाशी में और भी हथियार मिले। इनमें मशीन गन, मशीन गन कन्वर्नज डिवाइस और एक साइलेंसर शामिल हैं। अधिकारियों को एक अनानास शैली का कैप लगा और फ्यूज किया हुआ हैंड ग्रेनेड भी मिला। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ विभाग की बम टीम के विस्फोटक निरोधक दस्ते ने घटनास्थल पर ही इनको नष्ट किया।

उसके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया। पेशी की तारीख 21 जुलाई, 2025 घोषित की गई। वह इस पर हाजिर नहीं हुआ। तब अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह भूमिगत हो गया और 26 जुलाई को भारत भागने की कोशिश करते समय सैन फ्रांसिस्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पकड़ा गया। इस मामले में सहायक यूएस अटॉर्नी एड्रियन टी. किनसेला ने अभियोजन पक्ष का नेतृत्व किया।

# नीट पेपर 1 मई को लीक हुआ, असली और लीक पेपर में कई सवाल एक जैसे

## सीबीआई को एनटीए अधिकारियों पर भी शक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीट 2026 का पेपर 1 मई को ही लीक कर दिया गया था। इसे प्राइवेट माफिया नाम के टेलीग्राम ग्रुप पर डाला गया था। इस पर भेजे गए सेट नंबर-12 के पेपर और 3 मई को हुई परीक्षा में आए 12 नंबर सेट में कई सवाल एक जैसे हैं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। दैनिक भास्कर ये दावा नहीं करता है कि ग्रुप में डाला गया पेपर नीट का लीक हुआ पेपर ही है। टेलीग्राम ग्रुप पर 1 मई की रात करीब 11:30 बजे डाले गए पेपर की पीडीएफ फाइल ओपन करने पर 12 नंबर का सेट दिखता है। इसकी पड़ताल करने के लिए हमने नीट के सेट नंबर-12 का पेपर निकाला।

नीट के पेपर में सवाल नंबर 5 में एक बॉल के वर्टिकली ऊपर जाने और उसके बैक आने को लेकर वेलोसिटी और टाइम बताने के लिए फिगर बनाया गया है। ये सवाल लीक पेपर और असली पेपर में 100% मैच कर रहा है। इस पेज के दूसरे सवाल भी पूरी तरह से मैच कर रहे हैं।

नंबर-23 और 24 भी वही हैं, जो प्राइवेट माफिया के पेपर में है। यहां तक कि सवाल नंबर भी वही है। सवाल नंबर-23 में लिखा है कि मोनोक्रोमेटिक लाइट की किरण एक प्रिज्म एबीसी से गुजर रही है। इस सवाल के साथ प्रिज्म की फोटो बनी है। लीक पेपर और असली पेपर में वही फोटो है।

यहां तक कि सवाल के चारों ऑप्शन भी एक ही हैं। यानी ऑप्शन नंबर 1 में 40 डिग्री, ऑप्शन 2 में 45 डिग्री, ऑप्शन 3 में 55 डिग्री और ऑप्शन 4 में 35 डिग्री लिखा है। यही चारों ऑप्शन लीक हुए पेपर में भी हैं। इसके बाद सवाल नबर-24 में जो सर्किट बनाया गया है, वही लीक पेपर और असली पेपर में भी है।

### टेलीग्राम पर बना 402 मेंबर का ग्रुप, पासवर्ड से लॉक





**प्राइवेट** माफिया नाम के टेलीग्राम ग्रुप में कुल 402 मेंबर हैं। इसे 2024 में ही पेपर लीक के लिए बनाया गया था। 1 मई को पेपर अपलोड करने से पहले एडमिन प्राइवेट माफिया ने मैसेज में लिखा था कि हम जल्द ही फुल पेपर अपलोड कर रहे हैं।

# सेंसेक्स 160 अंक गिरकर 75,238 पर बंद

## निफ्टी में भी 46 अंक की गिरावट, यह 23,643 के स्तर पर पहुंचा

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में 15 मई को गिरावट है। सेंसेक्स 160.73 (0.21%) फिसलकर 75,237.99 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी 46.10 (0.19%) अंकों की गिरावट के साथ 23,643.50 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी सत्र के बाद हिंडाल्को के शेयरों में 3 प्रतिशत जबकि रिलायंस के शेयरों में दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।




### कौन से शेयर गिरे और कौन से चढ़े

**सेंसेक्स** शेयरों में टाटा स्टील, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इटरनल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयर रहे। दूसरी ओर, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, अदानी पोर्ट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और सन फार्मास्यूटिकल्स प्रमुख विजेता रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हालिया राहत रैली के बाद निवेशक सतर्क हो गए हैं, क्योंकि बॉन्ड यील्ड में वृद्धि, कमजोर रुपया और ईंधन की कीमतों में ताजा बढ़ोतरी ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को फिर से जीवित कर दिया है।'

# ईरानी एक्ट्रेस को मैसेज करते थे फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों

**एजेंसी, पेरिस**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को वियतनाम में उनकी पत्नी ब्रिजित मैक्रों ने ईरानी मूल के एक्ट्रेस के कारण थप्पड़ मारा था। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, यह दावा फ्रांसीसी पत्रकार फ्लोरियन तारदिफ ने अपनी नई किताब 'एन (ऑलमोस्ट) परफेक्ट कपल' में किया है। यह किताब बुधवार को प्रकाशित हुई।

किताब में कहा गया है कि यह विवाद ईरानी मूल की अभिनेत्री गोलशिफ्ते फराहानी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच कथित चैट की वजह से हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मैक्रों अभिनेत्री को मैसेज भेजते थे। एक मैसेज में उन्होंने कथित तौर पर लिखा था, 'मुझे तुम बहुत खूबसूरत लगती हो।' फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैक्रों और फराहानी के बीच कई महीनों तक 'प्लेटोनिक रिलेशनशिप' (दोस्ती वाला रिश्ता) बना रहा। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया कि यह रिश्ता सिर्फ भावनात्मक और निजी बातचीत तक सीमित था। मैक्रों पिछले साल 25 मई को वियतनाम दौरे पर पहुंचे थे। इसी दौरान हनोई के नोई बाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनकी पत्नी उन्हें थप्पड़ मारती दिखी थीं।

## एक एयरलाइन 8000 चार्ज करती है, दूसरी 18000 रुपए

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा-दो एयरलाइन का किराया अलग-अलग क्यों?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि एक ही दिन, एक ही सेक्टर में उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन कुछ अलग हवाई किराया लेती है, जबकि दूसरी एयरलाइनल अलग किराया लेती है। इसे सही किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार यात्रियों को राहत दे।



दरअसल, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सोशल एक्टिविस्ट एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर सुनवाई की। उनकी मांग है कि देश में मजबूत और स्वतंत्र रेगुलेटर बनाया जाए, जो एयरलाइनों के किराए और एक्स्ट्रा चार्जेस पर निगरानी रखे। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से कहा- सरकार इस समस्या पर बहस नहीं कर रही, इस मुद्दे को बिना किसी विरोध के मान रही है। 2024 का नया कानून लागू है, उससे जुड़े नियमों पर सलाह-मशविरा चल रहा है। मामले पर अगली सुनवाई 13 जुलाई को होगी।

◆ **केंद्र सरकार से कहा लोगों को थोड़ी राहत दें**

याचिकाकर्ता ने बेंच से कहा कि हवाई किराया 300% तक बढ़ जाता है। इस पर बेंच ने मजाक में कहा- वकीलों की फीस भी कई बार 400% तक बढ़ जाती है, अब क्या किया जाए। लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्ट 1937 के तहत नियम पहले से ही हैं, लेकिन समस्या यह है कि पालन नहीं किया गया।

# चंडीगढ़ में 'शॉप मोर-विन मोर' समर बोनांजा फेस्ट लॉन्च

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** शहर की बदलती शॉपिंग संस्कृति के बीच ग्राहकों के लिए एक नया आकर्षण पेश किया गया है। चंडीगढ़ के सेक्टर 22 स्थित एम एम फैशन मॉल ने 2026 के लिए 'शॉप मोर-विन मोर' समर बोनांजा फेस्ट ऑफर लॉन्च किया है।

इस अभियान का उद्देश्य शॉपिंग अनुभव को और रोमांचक बनाना है, जहां अधिक खरीदारी पर ग्राहकों को इनाम जीतने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत चंडीगढ़ नगर निगम के कमिश्नर अमित कुमार ने की। इस अवसर पर अन्य अधिकारी और मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मॉल की ओर से नगर निगम और मार्केट एसोसिएशन के सहयोग से स्वच्छ भारत अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत लोगों को स्वच्छ और हरित पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

◆ **एमएम फैशन मॉल में खरीदारी पर कार, फ्रिज और अन्य इनाम जीतने का मौका**

यह 108 दिन चलने वाला फेस्ट 15 मई से 31 अगस्त 2026 तक चलेगा। इसके तहत 2000 रुपए या उससे अधिक की खरीदारी पर ग्राहक लकी ड्रा के लिए पात्र होंगे, जिसमें टाटा पंच कार समेत कई घरेलू उपकरण जीतने का मौका मिलेगा। वहीं 50,000 रुपए या उससे अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को गोल्डन कूपन दिया जाएगा, जिससे टाटा टियागो कार जीतने का अलग अवसर मिलेगा। मॉल के मैनेजिंग डायरेक्टर साहिल ने कहा कि अब ऐसे शॉपिंग फेस्ट केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि सालभर ग्राहकों को वैल्यू फॉर मनी अनुभव देने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इस ऑफर में भाग लेने की अपील की।

## आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया 'एक्टिव युवा' प्लान

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने युवाओं की बदलती जीवनशैली और बढ़ती वेलनेस जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 'एक्टिव युवा' नाम से नया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किया है। इस योजना के साथ एक व्यापक वेलनेस प्रोग्राम भी जोड़ा गया है।

इस मॉडल के तहत रोजाना 10,000 कदम चलना, नियमित शारीरिक गतिविधि करना या एक सत्र में 300 कैलोरी बर्न करना जैसी स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि जो ग्राहक लगातार सक्रिय रहते हैं और बेहतर हेल्दी हार्ट स्कोर बनाए रखते हैं, उन्हें अपने वार्षिक प्रीमियम का 100 प्रतिशत तक रिवॉर्ड के रूप में वापस मिल सकता है।

कंपनी के सीईओ मयंक बाथवाल ने कहा कि आज के समय में हेल्थ इंश्योरेंस को केवल इलाज तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे रोजमर्रा की स्वस्थ आदतों से भी जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह नया प्लान ग्राहकों को अपनी सेहत में निवेश करने के लिए प्रेरित करेगा और बीमा को उनकी जीवनशैली के और करीब लाएगा। यह योजना ग्राहकों की पूरी स्वास्थ्य यात्रा में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एसएएस नगर में मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारी जोरों पर

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि जिले में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के तहत यह अभियान 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक चलेगा, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से फॉर्म भरवाएंगे और उन्हें एकत्र करेंगे। जिले में इस कार्य के लिए 838 बीएलओ, 83 सुपरवाइजर, 3 ईआरओ और 6 एईआरओ तैनात किए गए हैं।

बीएलओ का प्रशिक्षण 15 जून से 24 जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र नागरिकों के नाम जोड़ना और अपात्र नाम हटाकर मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्रों का युक्तिकरण 24 जुलाई तक पूरा होगा, प्रारूप सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी और अंतिम मतदाता सूची 1 अक्तूबर 2026 को प्रकाशित होगी।

दावे और आपत्तियां 31 जुलाई से 30 अगस्त तक लिए जाएंगे, जबकि उनका निपटारा 28 सितंबर तक किया जाएगा। आधार कार्ड को केवल पहचान के रूप में मान्य किया जाएगा, नागरिकता प्रमाण के रूप में नहीं। जिला चुनाव अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की है, ताकि प्रक्रिया सुचारु और पारदर्शी रहे। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पंचायत कर्मियों के वेतन संकट पर बढ़ा विवाद

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब की जिला परिषदों और पंचायत समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को मार्च 2026 से वेतन और अन्य देय भुगतान न मिलने का मामला गंभीर हो गया है। इस संबंध में पंजाब पंचायत समिति एवं जिला परिषद कर्मचारी संघ ने अवमानना नोटिस जारी किया है। अधिवक्ता मुकेश पंडित के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक सचिव और वित्त एवं लेखा उप नियंत्रक को भेजे गए नोटिस में आरोप लगाया गया है कि हाईकोर्ट के 6 अक्तूबर 2023 के आदेश के बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है।

◆ **हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भुगतान न मिलने पर अवमानना नोटिस जारी**

कर्मचारी संघ का कहना है कि वेतन लंबित होने से कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू खर्च, बच्चों की शिक्षा और अन्य जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि 18 मार्च 2026 के विभागीय ज्ञापन के कारण वेतन, पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान प्रभावित हुआ है, जो हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। अधिवक्ता ने इसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना बताते हुए कहा कि यह मामला अवमानना की श्रेणी में आता है। नोटिस में 15 दिनों के भीतर लंबित भुगतान जारी करने की मांग की गई है, अन्यथा हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की चेतावनी दी गई है।

# ब्रिटिश लॉरिएट स्कूल बना ट्राइसिटी का आइकॉनिक ब्रांड




**अनंत ज्ञान**

**मोहाली।** ब्रिटिश लॉरिएट स्कूल को शिक्षा और अकादमिक नवाचार में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक न्यूज चैनल ने 'ट्राइसिटी का आइकॉनिक ब्रांड' अवॉर्ड से सम्मानित किया है। स्कूल को यह सम्मान ब्रिटिश मानक शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति और वैश्विक स्तर के पाठ्यक्रम के जरिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मिला।

संस्था लगातार अकादमिक उत्कृष्टता के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने पर जोर देती रही है। स्कूल की छात्र-केंद्रित शिक्षण प्रणाली छात्रों को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद कर रही है।

डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. कर्नल अतुल भंडारी ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस उपलब्धि के साथ ट्राइसिटी में ब्रिटिश लॉरिएट स्कूल की पहचान एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान के रूप में और मजबूत हुई है।

## डीजल-पेट्रोल कीमतें बढ़ने से किसानों और आम जनता पर पड़ा भारी बोझ: धालीवाल

**अनंत ज्ञान, गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा डीजल, पेट्रोल और सीएनजी की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को लेकर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने इसे किसान-विरोधी और जन-विरोधी फैसला बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में धालीवाल ने कहा कि धान की बुआई के नाजुक समय में डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी किसानों की कमर तोड़ने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे कृषि लागत बढ़ेगी और किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले ग्रामीण विकास फंड रोका गया और अब ईंधन की कीमतें बढ़ाकर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। धालीवाल ने कहा कि डीजल की बढ़ती कीमतों का असर सिर्फ किसानों पर नहीं, बल्कि आम जनता पर भी पड़ेगा, क्योंकि इससे परिवहन लागत बढ़ने के साथ ही जरूरी वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ेंगी। उन्होंने केंद्र की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को जनता को राहत देने के बजाय महंगाई बढ़ाने वाले फैसलों से बचना चाहिए और यह बढ़ोतरी तुरंत वापस ली जानी चाहिए।

## 50 हजार रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अंबाला की टीम ने टोहाना में बड़ी कार्रवाई करते हुए बीडीपीओ कार्यालय में तैनात पटवारी उमेद बुरा को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी ने शामलात जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े काम के बदले शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद डीएसपी ओमप्रकाश नैन के नेतृत्व में एसीबी टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी को पैसे दिए, टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान केमिकल टेस्ट में रिश्वत लेने की पुष्टि भी हो गई। गिरफ्तारी के बाद एसीबी ने बीडीपीओ कार्यालय में राजस्व रिकॉर्ड और लंबित फाइलों की जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सीएम सैनी ने हरियाणा में राजस्व तंत्र को पूरी तरह डिजिटल बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में राजस्व और आपदा प्रबंधन तंत्र को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़े निर्देश दिए हैं। सैनी ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विकसित भारत-2047 के अंतर्गत तैयार किए गए 5 वर्षीय कार्यान्वयन रोडमैप और कार्य योजना की समीक्षा की।



समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 4 लाख पेपरलेस रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं और किसी भी तहसील में 15 दिन से पुराना कोई आवेदन लंबित नहीं है। सरकार भूमि अभिलेखों के 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, जियो-टैगिंग, यूनिक लैंड पार्सल नंबर, प्रॉपर्टी आईडी लिंकिंग और आधुनिक डाटा सेंटर पर काम कर रही है।

सभी जिलों में एआई आधारित फायर कमांड सेंटर और अग्निशमन कार्यों में रोबोट के उपयोग की भी तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से राजस्व विभाग द्वारा अपने डाटा की स्टोरेज के लिए हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हार्ट्रॉन) के माध्यम से प्रदेश में अपडेटिड डाटा सेंटर स्थापित किया जा रहा है जिसके लिए टेंडर किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने शहरी संपत्ति के राजस्व रिकॉर्ड को प्रॉपर्टी आईडी के साथ लिंक करवाकर सुव्यवस्थित करवाने के भी निर्देश दिए।

राजस्व अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कृषि विभाग के साथ मिलकर भूमि अभिलेखों का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण और इनकी जीयो-टैगिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत सभी लैंड पार्सल का यूनिक नंबर जनरेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभागों की सरकारी जमीनों को भी पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

# सेहत योजना बनी हाई ब्लड प्रेशर मरीजों का सहारा

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** चंडीगढ़। विश्व हाइपरटेंशन दिवस के मौके पर पंजाब सरकार की मुख्यमंत्री सेहत योजना उच्च रक्तचाप से पीड़ित मरीजों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। योजना के तहत मरीजों को समय पर और किफायती इलाज मिल रहा है, जिससे हजारों परिवार भारी चिकित्सा खर्च से बच रहे हैं।

हाई ब्लड प्रेशर, जिसे 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, स्ट्रोक, हार्ट फेलियर और किडनी रोग जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार खराब जीवनशैली, तनाव, तंबाकू सेवन और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण युवाओं में भी यह बीमारी तेजी से बढ़ रही है।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के आंकड़ों के मुताबिक 40 से 80 वर्ष आयु वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है, हालांकि अब किशोरों और युवाओं में भी मामले सामने आ रहे हैं।

◆ **समय पर इलाज और मुफ्त सुविधा से हजारों परिवारों को राहत**

सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं राजिंद्रा अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सौरभ शर्मा ने कहा कि समय पर इलाज न मिलने पर हाई ब्लड प्रेशर जानलेवा साबित हो सकता है। उनके अनुसार मुख्यमंत्री सेहत योजना मरीजों को आर्थिक डर के बिना समय रहते इलाज लेने के लिए प्रेरित कर रही है।

स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि योजना की सबसे बड़ी सफलता यह है कि अब लोग इलाज में देरी नहीं कर रहे। इससे मरीजों के स्वस्थ होने की संभावना बढ़ी है और मध्यम वर्गीय परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिली है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### फ्रांस ने 26 सदस्यीय फुटबाल विश्व कप टीम का किया ऐलान

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस ने अगले महीने शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की अगुवाई में टीम की आक्रमण पंक्ति बेहद मजबूत नजर आ रही है। कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने टीम में युवा गोलकीपर रॉबिन रिसर को भी जगह दी है। घरेलू लीग में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें तीसरे गोलकीपर के रूप में चुना गया। फ्रांस 11 जून से 19 जुलाई तक कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में होने वाले विश्व कप में तीसरे खिताब की तलाश में उतरेगा। टीम को ग्रुप आई में सेनेगल, इराक और नॉर्वे के साथ रखा गया है। फ्रांस की फॉरवर्ड लाइन उसकी सबसे बड़ी ताकत मानी जा रही है। एमबाप्पे के अलावा बैलोन डीओर विजेता ओस्मान डेम्बेले, माइकल ओलिसे, रेयान चेर्की और डेसिरे डौए जैसे खिलाड़ी टीम को मजबूत बनाते हैं। यह डेसचैम्प्स का आखिरी टूर्नामेंट होगा। उनके मार्गदर्शन में फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता था और 2022 में फाइनल तक पहुंचा था। (अनंत ज्ञान)

*सुपर शतरंज क्लासिक*

### प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा से खेला ड्रॉ

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ मुश्किल परिस्थितियों से उबरते हुए ड्रॉ खेला। बाजी एक समय नीरस ड्रॉ की ओर बढ़ रही थी, लेकिन प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद फिरोजा को मजबूत स्थिति में आने का मौका दे दिया लेकिन अंततः 60 चाल के बाद मुकाबला बराबरी पर छूटा। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ने नीदरलैंड के अनीष गिरी को बराबरी पर रोका, जबकि विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और रोमानिया के डिएक बोगडेन डेनियल की बाजी भी ड्रॉ रही। अंतिम समय में टूर में जगह बनाने वाले नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट और अमेरिका के शीर्ष वरीय फाबियानो करुआना की बाजी भी ड्रॉ रही। अमेरिका के वेस्ली सो और जर्मनी के विन्सेंट केमर का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। (अनंत ज्ञान)

### खलील और तुषारा की जगह कुलदीप-ग्लीसन शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को दिल्ली के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप यादव को खलील अहमद की जगह टीम में शामिल किया जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नुवान तुषारा की जगह इंग्लैंड के रिचर्ड ग्लीसन को टीम में लिया। खलील और तुषारा दोनों ही चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। आईपीएल ने एक बयान में बताया कि कुलदीप 30 लाख रुपए में सीएसके से जुड़ेंगे, जबकि ग्लीसन 1.6 करोड़ रुपए में आरसीबी से जुड़ेंगे। कुलदीप ने 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए अपना आईपीएल पदार्पण किया था और इस फ्रेंचाइजी के लिए तीन मैच खेले हैं। ग्लीसन ने इंग्लैंड के लिए छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने नौ विकेट लिए हैं। उन्होंने लीग के 2024 और 2025 सत्र में सीएसके और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सीएसके के लिए दो मैच और मुंबई इंडियंस के लिए एक मैच खेला। (अनंत ज्ञान)

### कातिलाना अंदाज में इवा निकोला

**पोलैंड।** इवा निकोला स्वोबोडा एक पोलिश ट्रैक और फील्ड धावक हैं जो छोटे स्प्रिंट में माहिर हैं। अपने शरीर में टैटू की वजह से वह मीडिया की सुर्खियां बनती हैं। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है।



रहाणे की टीम के लिए करो या मरो मुकाबला, गिल-सुदर्शन की फॉर्म से गुजरात मजबूत

# कोलकाता की आखिरी उम्मीद, टॉप-2 के लिए उतरेगी गुजरात

**एजेंसी, कोलकाता**



लगभग एक महीने बाद घरेलू मैदान पर लौट रही कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को आईपीएल मुकाबले में गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी। केकेआर के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा है, जबकि गुजरात की नजर शीर्ष दो में जगह मजबूत करने पर होगी।

अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में केकेआर का प्रदर्शन इस सीजन निराशाजनक रहा है। टीम को पहली जीत के लिए सातवें मैच तक इंतजार करना पड़ा और संतुलित संयोजन की कमी लगातार दिखी। हालांकि, बीच में लगातार चार जीत से टीम ने वापसी की, लेकिन पिछले मैच में विराट कोहली के शतक की बदौलत उसे आरसीबी से हार मिली।

केकेआर के तीन मैच बाकी हैं और सभी जीतने पर भी टीम अधिकतम 15 अंक तक ही पहुंच सकेगी। ऐसे में प्लेऑफ की राह उसके लिए मुश्किल बनी हुई है। टीम की सफलता में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी का बड़ा योगदान रहा है। चोट के कारण पिछला मैच नहीं खेलने वाले चक्रवर्ती की वापसी की संभावना टीम के लिए राहत की खबर है। बल्लेबाजी में अंगकृष रघुवंशी और रिंकू सिंह ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है, लेकिन बल्लेबाजी क्रम को लेकर सवाल लगातार उठते रहे हैं।

दूसरी ओर, शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस शानदार लय में है। टीम के 16 अंक हैं और नेट रन रेट के आधार पर वह दूसरे स्थान पर काबिज है। गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

बल्लेबाजी में गिल और साई सुदर्शन टीम की सबसे बड़ी ताकत रहे हैं। सुदर्शन 501 रन बनाकर ऑरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं और लगातार शानदार फॉर्म में हैं। गुजरात अगर शीर्ष दो में जगह पक्की करना चाहता है तो उसके प्रमुख खिलाड़ियों को यही लय बरकरार रखनी होगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, राहुल त्रिपाठी, फिन एलन, तेजस्वी सिंह, टिम सीफर्ट, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, कैमरन ग्रीन, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, नवदीप सैनी, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, मथीशा पथिराना, कार्तिक त्यागी, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, प्रशांत सोलंकी।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, अरशद खान, अशोक शर्मा, जोस बटलर, कॉनर एस्टरहुइजन, गुरनूर बरार, जेसन होल्डर, कुलवंत खेजरोलिया, कुमार कुशाग्र, मोहम्मद सिराज, ग्लेन फिलिप्स, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, राशिद खान, साई किशोर, साई सुदर्शन, शाहरुख खान, इशांत शर्मा, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, ल्यूक वुड, जयंत यादव।

## हार्दिक चोटिल हैं, केकेआर के खिलाफ अगले मैच में कर सकते हैं वापसी : शार्दुल

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कप्तान हार्दिक पांड्या के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों को भी खारिज करते हुए साफ किया कि वह चोटिल होने के कारण पिछले तीन मैच में नहीं खेल पाए तथा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अगले मैच में वापसी कर सकते हैं।



हार्दिक मुंबई की टीम के साथ धर्मशाला नहीं गए थे, जहां उनकी टीम ने पंजाब किंग्स को छह विकेट से हराया। सूर्यकुमार यादव भी अपने बच्चे के जन्म के कारण इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसलिए जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की। वह इस सत्र में टीम के तीसरे कप्तान थे।

ठाकुर ने पत्रकारों से कहा, ''हार्दिक चोटिल है और इसलिए वह पिछले कुछ मैच में नहीं खेल पाए।'' हार्दिक पीठ दर्द के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ भी मैच में नहीं खेल पाए थे। ठाकुर ने कहा, ''वह रायपुर (10 मई को आरसीबी के मैच के लिए) गए थे, लेकिन खेल नहीं पाए। वह अभी मुंबई में अभ्यास कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वह कोलकाता (20 मई को ईडन गार्डंस) में खेलेंगे। उनके जैसे खिलाड़ियों की कमी हमें हमेशा खलती है।''

मुंबई इंडियंस की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। हार्दिक का इस दौरान प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और इसलिए फ्रेंचाइजी के साथ उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी। ठाकुर ने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं चल रही हैं, कुछ सही हैं, कुछ गलत, लेकिन उनके धर्मशाला नहीं आने का फैसला टीम प्रबंधन ने किया था।'' ठाकुर ने कहा, ''मुझे लगता है कि बुमराह के साथ मेरा तालमेल अच्छा है। हमने काफी बातचीत की है। मुझे अन्य गेंदबाजों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से वह अपने विचार साझा करने में कभी संकोच नहीं करते।''

## एमबाप्पे बोले-रियाल मैड्रिड के कोच ने चौथी पसंद का बना दिया स्ट्राइकर

**एजेंसी, मैड्रिड**



काइलिन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के ओविएडो के खिलाफ स्पेनिश लीग फुटबॉल मैच में शुरुआती लाइनअप में जगह न मिलने के बाद कहा कि कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने उनसे कहा कि वह टीम के चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। अर्बेलोआ ने हालांकि एमबाप्पे की बात पर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं की थी और वह नहीं जानते कि फ्रांस के इस फुटबॉलर को ऐसा क्यों लग रहा है। एमबाप्पे बाएं पांव में हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से परेशान थे, लेकिन उन्होंने कहा कि वह ओविएडो के खिलाफ शुरू से खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन अर्बेलोआ ने उन्हें मौका नहीं दिया।

उन्होंने कहा, ''मैं पूरी तरह से फिट हूं लेकिन मैं इसलिए नहीं खेला क्योंकि कोच ने मुझसे कहा कि मैं टीम में (फ्रेंको) मास्टांटुओनो, विनी (विनीसियस जूनियर) और गोंज़ालो (गार्सिया) के बाद चौथी पसंद का स्ट्राइकर हूं। मैं इसे स्वीकार करता हूं।''

एमबाप्पे ने कहा, ''मैं शुरुआती लाइनअप में खेलने के लिए तैयार था, यह उनका फैसला था। आप कोच से नाराज नहीं हो सकते, आपको हमेशा कोच की राय का सम्मान करना चाहिए। मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा और शुरुआती लाइनअप में जगह बनाने का इंतजार करूंगा।'' अर्बेलोआ ने बाद में कहा कि उन्होंने एमबाप्पे से कभी नहीं कहा कि वह टीम में चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे पास चार स्ट्राइकर नहीं हैं और मैंने एमबाप्पे को ऐसा कुछ नहीं कहा। मुझे लगता है कि वह मेरी बात को सही तरह से नहीं समझ पाए। मैं उन्हें कभी यह नहीं कह सकता कि वह चौथी पसंद के स्ट्राइकर हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### संजू सैमसन भविष्य के कप्तान : रवि शास्त्री

**एजेंसी, दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि संजू सैमसन अगले दो-तीन वर्षों में भारतीय टी20 टीम की कप्तानी के सबसे मजबूत दावेदार बन सकते हैं। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप जीता था, जिसमें सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया था। शास्त्री का कहना है कि 2028 के अगले टी20 विश्व कप तक भारत को नया कप्तान तलाशना पड़ सकता है क्योंकि तब तक सूर्यकुमार 37 वर्ष के हो जाएंगे। शास्त्री ने कहा कि सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करते हुए नेतृत्व क्षमता साबित की है। उनकी कप्तानी में टीम 2022 में आईपीएल फाइनल तक पहुंची थी। उन्होंने सैमसन की मौजूदा फॉर्म की भी जमकर तारीफ की। शास्त्री के मुताबिक, टी20 विश्व कप में सैमसन ने कई बड़े मैचों में अकेले दम पर भारत को जीत दिलाई और अब उनके खेल में परिपक्वता साफ नजर आती है। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब के सहायक कोच हैडिन ने स्वीकारा दबाव से निपटने में नाकाम रही है टीम

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने स्वीकार किया कि उनकी टीम दबाव से निपटने में नाकाम रही है और इसलिए उसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। अपने पहले छह मैच जीत कर टूर्नामेंट का शानदार आगाज करने वाली पंजाब किंग्स की टीम को गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार पांचवीं हार है। इससे उसकी प्लेऑफ में जगह बनाने की संभावना को करारा झटका लगा है। उसे अब प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अपने बाकी बचे दोनों में जीतने होंगे।



हैडिन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ मैचों में हम दबाव से निपटने में नाकाम रहे हैं। जब हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए था तब हम ऐसा नहीं कर पाए। हम अपनी वर्तमान स्थिति से निराश हैं और यह बात किसी से छिपी नहीं है कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'' पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 200 रन बनाए। मुंबई ने तिलक वर्मा के शानदार अर्धशतक की मदद से 19.5 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। हैडिन ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमने जो स्कोर बनाया, वह वाकई बहुत अच्छा था। आखिरी तीन ओवरों तक हमें लगा कि मैच हमारे नियंत्रण में था। तिलक ने शानदार बल्लेबाजी की जिससे मुंबई मैच जीतने में सफल रहा।'' पंजाब की इस सत्र में गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है लेकिन हैडिन ने अपने गेंदबाजों का बचाव किया। उन्होंने कहा, ''इस टूर्नामेंट में अविश्वसनीय बल्लेबाजी देखने को मिली है। (अनंत ज्ञान)

## शकीरा-बर्ना बॉय का 'दाई दाई' होगा विश्व कप का आधिकारिक गीत

**एजेंसी, ज्यूरिख**



विश्व कप का आधिकारिक गीत घोषित कर दिया गया है। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने शुक्रवार को कहा कि शकीरा और नाइजीरिया के गायक-गीतकार बर्ना बॉय ने मिलकर 'दाई दाई' गाना जारी किया है जो उत्तरी अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट का आधिकारिक गीत होगा।

फीफा ने कहा, ''दाई दाई फुटबॉल, संस्कृति और एकता का जीवंत नमूना है जो शकीरा और बर्ना बॉय की विश्व भर में जानी पहचानी ओजभरी आवाज और ऊर्जा का शानदार मिश्रण है।'' कोलंबिया की गायिका शकीरा ने मई की शुरुआत में इस गीत का एक मिनट लंबा टीज़र क्लिप साझा करके सोशल मीडिया पर लिखा था, ''माराकाना स्टेडियम से पेश है 'दाई दाई', फीफा विश्व कप 2026 का आधिकारिक गीत।'' फीफा ने कहा कि वह प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इस गाने से मिलने वाली रॉयल्टी का उपयोग फीफा वैश्विक नागरिक शिक्षा कोष की मदद के लिए करेगा। फीफा ने इसके साथ ही घोषणा की कि 19 जुलाई को न्यूजर्सी में होने वाले फाइनल के हाफटाइम के दौरान एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मैडोना, शकीरा और बॉय बैंड बीटीएस मुख्य कलाकार होंगे। विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ी आईपीएल की दर्शक संख्या

**एजेंसी, मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसके दर्शकों की संख्या में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि टीवी पर दर्शकों की संख्या 500 मिलियन के आंकड़े को छूने के करीब है। इस टूर्नामेंट के आधकारिक प्रसारणकर्ता जियोस्टार के अनुसार आईपीएल की कुल डिजिटल पहुंच में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा लीनियर टीवी पर प्रसारित 51 मैचों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रसारित 57 मैचों का है।

कंपनी ने दावा किया, ''सीटीवी (कनेक्टेड टीवी यानि इंटरनेट से जुड़े उपकरण) की पहुंच में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 'वाच टाइम' (देखने का समय) 20 प्रतिशत बढ़ गया है। क्षेत्रीय भाषाओं में 'वाच टाइम' में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।'' प्रसारक ने दावा किया कि पिछले सत्र की तुलना में 125 नए विज्ञापनदाताओं के जुड़ने से यह वृद्धि हुई है।

## बाकी बचे मैचों में बेखौफ रवैया अपनाए पंजाब किंग्स : बाउचर

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने बाकी बचे मैचों में मानसिक रूप से खुद को तैयार करने और बेखौफ रवैया अपनाने से फिर से लय हासिल कर सकता है। पंजाब की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस से छह विकेट से हार गई थी जो उसकी लगातार पांचवीं पराजय थी।



बाउचर ने जियोहॉटस्टार से कहा, ''पंजाब किंग्स लगातार करीबी हार के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। कभी-कभी शीर्ष चार में बने रहने और क्वालीफाई करने की संभावनाओं के बारे में सोचने से अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। इस तरह की मानसिकता से दूर रहने से उन्हें मदद मिल सकती है।'' उन्होंने कहा, ''अगर उसकी टीम बाकी बचे मैचों में बेखौफ रवैया अपनाती है और इस सोच के साथ खेलती है कि अब खोने के लिए कुछ नहीं है तो उस पर से दबाव कम होगा। आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है जहां समीकरण तेजी से बदलते हैं और पंजाब किंग्स को मानसिक रूप से खुद को तैयार करना होगा।'' भारत के पूर्व लेग स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि पंजाब की गेंदबाजी, विशेष रूप से उसके विदेशी तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन गया है।

चावला ने कहा, ''पंजाब किंग्स अब बहुत दबाव में हैं क्योंकि टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे अपने शेष मैच जीतने ही होंगे। विदेशी गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उसके लिए गेंदबाजी बड़ी चिंता का विषय बन गई है। उसके विदेशी तेज गेंदबाज फॉर्म और निरंतरता हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं।''

## एशियाई अंडर-23 चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी होगा फेड कप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रांची में 22 से 25 मई तक होने वाली फेडरेशन कप राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आगामी एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल के रूप में भी काम करेगी।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि एशियाई एथलेटिक्स संघ के दिशा-निर्देशों के अनुसार 31 दिसंबर, 2026 तक 20 से 22 वर्ष की आयु के एथलीट चयन के लिए पात्र होंगे। एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप नौ से 12 जुलाई तक चीन के ओर्डोस में होगी। रांची में होने वाली प्रतियोगिता इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि एथलीटों को इससे ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में जगह बनाने का आखिरी मौका मिलेगा। एएफआई ने एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए योग्यता मानक की घोषणा भी कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### एएफआई के योग्यता मानक इस प्रकार हैं

**पुरुष वर्ग:** 100 मीटर: 10.52 सेकंड, 200 मीटर: 21.30 सेकंड, 400 मीटर: 47.20 सेकंड, 800 मीटर: एक मिनट, 49.00 सेकंड, 1500 मीटर: 3:49.00 सेकंड, 5,000 मीटर: 14:22.00 सेकंड, 10,000 मीटर: 30 मिनट, 3000 मीटर स्टीपलचेज: 8:58.00, 110 मीटर बाधा दौड़: 13.84 सेकंड, 400 मीटर बाधा दौड़: 50.29 सेकंड, ऊंची कुद: 2.12 मीटर, पोल वॉल्ट: 5.20 मीटर, लंबी कूद: 7.90 मीटर, त्रिकूद: 16.00 मीटर, शॉट पुट: 17.67 मीटर, डिस्कस थ्रो: 54.00 मीटर, हैमर थ्रो: 60.00 मीटर, भाला फेंक: 74.00 मीटर, डेकाथलॉन: 6905 अंक।

**महिला वर्ग**

**100 मीटर:** 11.75 सेकंड, 200 मीटर: 23.84 सेकंड, 400 मीटर: 53.62 सेकंड, 800 मीटर: 2:11.00 सेकंड, 1500 मीटर: 4:20.00 सेकंड, 5,000 मीटर: 16:20.00 सेकंड, 10,000 मीटर: 35 मिनट, 3000 मीटर स्टीपलचेज: 10:20.00 सेकंड, 100 मीटर बाधा दौड़: 13.73 सेकंड, 400 मीटर बाधा दौड़: 59.50 सेकंड, ऊंची कूद: 1.75 मीटर, पोल वॉल्ट: 4.00 मीटर, लंबी कूद: 6.30 मीटर, त्रिकूद: 13.00 मीटर, शॉट पुट: 14.50 मीटर, डिस्कस थ्रो: 50.73 मीटर, हैमर थ्रो: 55.00 मीटर, भाला फेंक: 50.00 मीटर, हेप्टाथलॉन: 5208 अंक।

### चौथे अंपायर के लिए अपशब्द कहने पर पोलार्ड पर जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर चौथे अंपायर के लिए अपशब्दों का उपयोग करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और उन पर उनकी लागू मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच गुरुवार को यहां खेले गए मैच के दौरान घटी। मुंबई ने इस रोमांचक मुकाबले में छह विकेट से जीत हासिल की। आईपीएल ने शुक्रवार सुबह जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए उनकी लागू मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।'' इसमें कहा गया है, ''पोलार्ड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'मैच के दौरान स्पष्ट रूप से अभद्र भाषा का उपयोग' से संबंधित है। पोलार्ड ने अपना अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी पंकज धरमानी द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया।

**टेनिस** | यानिक ने तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

## सिनर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, रोम**



यानिक सिनर ने मास्टर्स प्रतियोगिताओं में लगातार 32वीं जीत हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाने के साथ पिछले 50 वर्ष में इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतने वाले पहले घरेलू पुरुष खिलाड़ी बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

सिनर खिताब से अब केवल दो जीत दूर हैं और उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए वह फ्रेंच ओपन में भी खिताब के प्रबल दावेदार बन गए हैं। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी एंड्री रुबलेव पर 6-2, 6-4 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। यह उनकी मास्टर्स प्रतियोगिताओं में लगातार 32वीं जीत थी और इस तरह से उन्होंने नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

जोकोविच ने 2011 में मास्टर्स टूर्नामेंट में लगातार 31 मैच जीते थे। सिनर का लक्ष्य जोकोविच के बाद सभी नौ मास्टर्स टूर्नामेंट जीतने वाला दूसरा खिलाड़ी बनना भी है। जोकोविच ने प्रत्येक टूर्नामेंट को कम से कम दो बार जीता है। इटालियन ओपन एकमात्र मास्टर्स टूर्नामेंट है जिसे सिनर ने नहीं जीता है। सिनर ने बाद में कहा, ''मैं रिकॉर्ड के लिए नहीं खेलता। मैं खुद के लिए खेलता हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।''

इटालियन ओपन जीतने वाले इटली के अंतिम पुरुष खिलाड़ी एड्रियानो पनाटा थे, जिन्होंने 1976 में यह उपलब्धि हासिल की थी। पनाटा रविवार को इस वर्ष के चैंपियन को ट्रॉफी प्रदान करेंगे।

सिनर का सेमीफाइनल में मुकाबला 2023 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव से होगा, जिन्होंने स्पेनिश क्वालीफायर मार्टिन लैंडालुस को 1-6, 6-4, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड का मुकाबला अर्जेंटीना में जन्मे इतालवी खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी से होगा।

महिला वर्ग में कोको गॉफ ने 36 वर्षीय सोराना सिर्स्टिया को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना इटालियन ओपन में दो बार की चैंपियन एलिना स्वितोलिना से होगा। स्वितोलिना ने तीन बार की चैंपियन इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-2 से हराया। (अनंत ज्ञान)